आज

जयंती आज
राष्ट्रीय एकताके सूत्रधार
सरदार वल्लभभाई पटेल

गौरवशाली परंपरा का १०७ वर्ष

पुण्य तिथि आज
भारतकी आयरन लेडी
इंदिरा गांधी

वाराणसी, शनिवार ३१ अक्तूबर, २०२६ सौर १४, कार्तिक कृष्ण ६, २०८३ वि.। वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज (रीवा संस्करण), कानपुर (झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी,पटना (कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित * काशी संस्करण पृष्ठ १२, मूल्य ३.०० रुपये



बारिश से खेत में पलटी धान की फसल। छाया:आज

जनगणना प्रशिक्षण का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

गाजीपुर। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने शुक्रवार को मुहम्मदाबाद स्थित शहीद स्मारक डिग्री कॉलेज में जनगणना-2027 के तहत प्रगणकों और सुपरवाइजरों के लिए आयोजित द्वितीय चरण के प्रशिक्षण कार्यक्रम का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण की व्यवस्थाओं, प्रशिक्षुओं की उपस्थिति और अब तक हुई प्रगति की जानकारी ली। प्रशिक्षण का द्वितीय चरण का दूसरा बैच 29 से 31 अक्टूबर तक संचालित किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण स्थल पर भोजन की व्यवस्था का भी जायजा लिया। उन्होंने स्वयं भोजन चखकर उसकी गुणवत्ता परखी, जो संतोषजनक मिली। इस अवसर पर प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना का नागरिकता से कोई संबंध नहीं है। यह देश के विकास और भविष्य की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक आंकड़े जुटाने की एक सामान्य प्रशासनिक प्रक्रिया है।

प्रशिक्षण स्थल पर भोजन का स्वाद लेते डीएम। छाया:आज

चक्रवाती बारिश, तेज हवाओं के कहर से सहमा गांव और शहर

गांव में खेती-किसानी तो शहर में रोजगार पर संकट

गाजीपुर। उत्तर प्रदेश में मौसम के बदले मिजाज और बेमौसम बारिश ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। गुरुवार सुबह से हो रही लगातार रिमझिम बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त रहा। बारिश से खेतों में खड़ी खरीफ की फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका है। वहीं, आगामी रबी सीजन की बुवाई पर भी संकट के बादल मंडराने लगे हैं। बारिश और तेज हवाओं के कारण कई स्थानों पर धान की फसल जमीन पर गिर गई है। इससे धान की गुणवत्ता प्रभावित होने के साथ कटाई और मड़ाई में देरी होने की संभावना है। खेतों में अधिक नमी और जलभराव के कारण गेहूं, चना, मटर तथा सरसों की बुवाई भी प्रभावित हो सकती है। दिलदारनगर प्रतिनिधि के अनुसार- समुद्री चक्रवाती तूफान अर्नव ने जहां समुन्द्र के ताटवर्ती क्षेत्र में भारी परेशानी का सबब बना हुआ है. अब उसका असर पिछले 24 घंटे से मैदानी क्षेत्रों में भी देखने को मिल रहा है. गुरवार की रात से ही हो रही चक्रवाती बारिश और सर्द तेज रफ्तार हवाओं के कहर से गांव और शहर का जन जीवन सहम सा गया है. गांव में खेती किसानी तो शहरों में व्यवसाय और रोजगार पर संकट का बादल मंडरा रहा है। इस चक्रवाती तेज हवाओं और बिन मौसम के बरसात से आम जनजीवन बेहाल हो गया है। मौसम के मार से बाजार भी बेजार दिखा खरीदारों की रही बहुत कम उपस्थिति. व्यापारी अपने प्रतिष्ठानों में ग्राहकों का करते रहे इंतजार किन्तु केवल जरुरी सामानो के लिए ग्राहकों ने बाजार की ओर रुख किये. रोजी की तलाश में दिहाड़ी मजदूर भटकते दिखे।नगसर प्रतिनिधि के अनुसार- जमानियां तहसील क्षेत्र में रेवतीपुर ब्लाक में अर्नब चक्रवाती तूफान का असर किसानों पर भारी पड़ने लगा है। लगातार दो दिनों से हो रही बेमौसम बारिश और तेज हवाओं ने पकने की ओर बढ़ रही धान की फसल को भारी नुकसान पहुंचाया है। कई जगह खड़ी फसल गिरकर खेतों में बिछ गई है।खेतों में पानी भरने से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ दिखने लगी हैं।गोहदा ,नुरपुर,सरहुला विशुनपुरा, अवती, गगरन, नगसर, असांव ,सोनहरिया, फुल्ली,टिसौरी, भुवालचक,महुआरीआदि दर्जनो गांवों के किसानों का कहना है कि सालभर की मेहनत और लागत डूबने की आशंका से किसान परेशान हैं।मोहम्मदाबाद प्रतिनिधि के अनुसार- मौसम के बदलते मिजाज और अर्नब तूफान के असर से आए तेज हवाओं व भारी बारिश ने मोहम्मदाबाद क्षेत्र के किसानों की चिंता बढ़ा दी है। तेज हवाओं के कारण खेतों में पककर तैयार खड़ी धान की फसल जमीन पर गिर गई है, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान होने की आशंका है।क्षेत्र के कई गांवों में धान की फसल पूरी तरह से तैयार थी और किसान कटाई की तैयारी कर रहे थे, लेकिन अचानक आए तूफान ने उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया है। खेतों में फसल के गिरने गिरने/लेटने से किसानों की परेशानियां और भी बढ़ गई हैं। गिरी हुई फसल की कटाई में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, साथ ही अगर बारिश लगातार जारी रही, तो फसल में सड़न भी हो सकती है। सेवराई प्रतिनिधि के अनुसार- स्थानीय तहसील क्षेत्र में अर्बन चक्रवाती तूफान और बारिश ने भारी तबाही मचाई है। इस प्राकृतिक आपदा के कारण क्षेत्र के सैकड़ों किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया है। खेतों में खड़ी धान, और सब्जियों की फसलें पूरी तरह से जमीन पर बिछ गई हैं। जिससे पैदावार कम होने की आशंका को देखते हुए किसानों की चिंता बढ़ गई है। क्षेत्र में धान की खेती किसानों द्वारा बड़े पैमाने पर की जाती है लेकिन मौसम की बेरुखी की वजह से किसानों को धान की फसलों में बहुत काफी नुकसान होगा।

ईंट से हमला कर मजदूर की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

बिरनो, गाजीपुर। थाना क्षेत्र के रसूलाबाद स्थित कपूरपाह उच्च प्राथमिक विद्यालय परिसर में बुधवार रात ईंट से हमला कर मजदूर की हत्या कर दी गई। सिर में गंभीर चोट लगने से घायल मजदूर अफजल शाह 35 की जिला मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्याकांड के आरोपी सरवन राजभर को 24 घंटे के भीतर शुक्रवार तड़के गिरफ्तार कर लिया।अफजल करीमुद्दीनपुर थाना क्षेत्र के ढोड़ाडीह गांव का निवासी था। वह अपने साथी सद्दाम शाह के साथ बुधवार दोपहर विद्यालय में पुरानी इमारत तोड़ने और ईंटें तराशने का काम करने पहुंचा था। वहां सद्दाम के पिता मजीद शाह और राजापुर निवासी एक अन्य मजदूर भी करीब 20 दिनों से काम कर रहे थे। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शुक्रवार तड़के ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के पास घेराबंदी कर आरोपी सरवन राजभर पुत्र नागा राजभर निवासी राजापुर, थाना करीमुद्दीनपुर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, आरोपी कहीं भागने की फिराक में था। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

फीडर की ट्राली का ग्लास फटने से आपूर्ति बाधित

सेवराई, गाजीपुर। स्थानीय तहसील क्षेत्र के देवल गांव में बने 33/11 चक्र देवल पावर हाउस के सुरहा फीडर की ट्रॉली का ग्लास फट गया हैं जिसके वजह से सुरहा फीडर की आपूर्ति 20 घंटे से बंद है। गुरुवार की शाम 5ः00 बजे सुरहा फीडर की टाली में लगा ग्लास अचानक फट गया जिसकी वजह से सुरहा फीडर को कर्मचारियों द्वारा बंद कर दिया गया। बिजली आपूर्ति नहीं होने की वजह से लोगों के घर के उपकरण शोपिस बना हुआ है वही सबसे अधिक परेशानी पानी को लेकर है क्योंकि बिजली नहीं आने की वजह से पीने युक्त लोगों को नहीं मिल पा रहा है क्योंकि समरसेबल बंद पड़े हुए हैं।

विवाहिता की संदिग्ध मौत से मचा हड़कंप

दुल्लहपुर गाजीपुर।दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के मुस्तफाबाद उर्फ बड़ागांव के डड़ापुर गांव में एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। विवाहिता की मौत के बाद मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर जहर देकर हत्या किए जाने का गंभीर आरोप लगाया है। इस मामले में 29 अक्टूबर की देर शाम दुल्लहपुर थाने में शिकायती पत्र देकर निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की गई है। शिकायत के अनुसार, मृतका अमृता उर्फ माला यादव 22 वर्ष, पुत्री चंदेव यादव, निवासी करमी नसरुद्दीनपुर, थाना चिरैयाकोट, जनपद मऊ की शादी 12 मई 2026 को डड़ापुर गांव निवासी शिवपाल यादव के साथ हुई थी।बताया गया कि 27 अक्टूबर को अचानक अमृता की तबीयत बिगड़ गई। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल गाजीपुर ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने वाराणसी रेफर कर दिया। वाराणसी के अस्पताल में उपचार के दौरान 28 अक्टूबर को उसकी मौत हो गई। इसके बाद वाराणसी में ही शव का पोस्टमार्टम कराया गया।मायके पक्ष का आरोप है कि अमृता को जहर देकर उसकी हत्या की गई है। उनका कहना है कि जहर खाने की बात की जानकारी भी उन्हें गांव के लोगों के माध्यम से उसकी मौत के बाद मिली। इस संबंध में थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि शिकायती पत्र प्राप्त हुआ है। मामले की जांच की जा रही है। वाराणसी बीएचयू में हुए पोस्टमार्टम व साक्ष्यों के आधार पर उचित विधिक कार्रवाई की जाएगी।

जिले में ६१ पुलिसकर्मियों के तबादले

गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने जनपदीय स्थापना बोर्ड की बैठक के बाद कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से 61 पुलिसकर्मियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। जारी अलग-अलग आदेशों के तहत दो उपनिरीक्षकों, मुख्य आरक्षियों और आरक्षियों को तत्काल प्रभाव से नई तैनाती दी गई है। तबादले के क्रम में चौकी अटवा मोड़ प्रभारी अविनाश मणि त्रिपाठी को पैकवली चौकी तथा पैकवली प्रभारी रोहित कुमार द्विवेदी को अटवा मोड़ चौकी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा पुलिस लाइन में तैनात दो दर्जन से अधिक आरक्षियों को विभिन्न थानों और साइबर क्राइम थाने में भेजा गया है।पुलिस अधीक्षक ने सभी क्षेत्राधिकारियों और थाना प्रभारियों को स्थानांतरण आदेशों का तत्काल अनुपालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया है।

बारिश के बीच संपन्न हुई पीईटी परीक्षा

नकलविहीन परीक्षा के लिए मुश्तैद रहा प्रशासन, ६७२१ अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित

गाजीपुर। जिले में शुक्रवार 30 अक्टूबर को मूसलाधार बारिश और खराब मौसम के बीच प्रारंभिक अर्हता परीक्षा पीईटी-2026 दो पालियों में आयोजित की गई। परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और नकलविहीन ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन की ओर से व्यापक इंतजाम किए गए थे। बारिश के कारण अभ्यर्थियों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ा, इसके बावजूद बड़ी संख्या में परीक्षार्थी निर्धारित समय पर परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे और परीक्षा में शामिल हुए। जनपद में आयोजित परीक्षा की प्रथम पाली में कुल 8352 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 4842 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 3510 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं, द्वितीय पाली में भी कुल 8352 अभ्यर्थियों को परीक्षा में शामिल होना था, जिनमें 5141 उपस्थित रहे और 3211 अभ्यर्थी अनुपस्थित पाए गए। इस प्रकार दोनों पालियों को मिलाकर कुल 9983 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 6721 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल नहीं हुए। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने और व्यवस्थाओं पर निगरानी रखने के लिए जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला एवं पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। अधिकारियों ने केंद्रों पर पहुंचकर परीक्षा संचालन, अभ्यर्थियों के सत्यापन, सुरक्षा व्यवस्था तथा निगरानी के लिए किए गए प्रबंधों की जानकारी ली। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि परीक्षा जैसी महत्वपूर्ण प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता सर्वोपरि है। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता नहीं होनी चाहिए। सभी संबंधित अधिकारी और कर्मचारी अपनी जिम्मेदारियों का पूरी गंभीरता से निर्वहन करें, ताकि परीक्षा की विश्वसनीयता बनी रहे। पुलिस अधीक्षक ने भी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए। प्रशासनिक अधिकारियों की सक्रियता और निगरानी के बीच जिले में दोनों पालियों की परीक्षा संपन्न हुई।

आशुतोष सिन्हा, लाल बिहारी यादव की जीत पर कार्यकर्ताओं ने जताया आभार

मरदह, गाजीपुर। वाराणसी-मिर्जापुर मंडल के स्नातक खंड से आशुतोष सिन्हा और शिक्षक खंड से लाल बिहारी यादव की शानदार जीत पर मरदह विकासखंड के समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने शिक्षक एवं स्नातक मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि बुद्धिजीवी वर्ग ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर वर्तमान सरकार के खिलाफ बड़ा संदेश देने का काम किया है।कार्यकर्ताओं ने कहा कि जो सरकार बेरोजगार स्नातकों और शिक्षकों के हितों की अनदेखी करती है, उसे जनता जवाब देने का काम करती है। समाजवादी सरकार में तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बेरोजगार स्नातकों को बेरोजगारी भत्ता देने के साथ ही शिक्षकों के हित में मानदेय की व्यवस्था की थी। वहीं, वर्तमान सरकार न तो स्नातकों की समस्याओं पर ध्यान दे रही है और न ही शिक्षकों के हितों की सुध ले रही है। इसी का परिणाम चुनाव में देखने को मिला है। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं बरही स्थित प्रबंधक बाबा जग्गूदास इंटर कॉलेज के प्रबंधक सत्येंद्र यादव, सुबा राम, दिनेश यादव और जितेंद्र कुमार सहित अन्य लोगों ने दोनों विजयी प्रत्याशियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

जीत की खुशी मनाते सपाई। छाया:आज

एक्सप्रेस-वे पर भीषण हादसे में उपचार के दौरान मौत

गाजीपुर। जंगीपुर थाना क्षेत्र के शेखपुर के पास ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे पर बुधवार देर रात तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर करीब 30 फीट गहरी खाई में पलट गई। हादसे में मां-बेटे समेत दो लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। गुरुवार को उपचार के दौरान एक और घायल ने दम तोड़ दिया, जिससे मृतकों की संख्या बढ़कर तीन हो गई।बताया जाता है कि स्कॉर्पियो बलिया से वाराणसी जा रही थी। इसी दौरान पिलर संख्या 340 के पास चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और गाड़ी डिवाइडर तोड़ते हुए गहरी खाई में जा गिरी। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने सभी घायलों को बाहर निकलवाकर गाजीपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया।मृतकों में बलिया जिले के नरही थाना क्षेत्र स्थित नरही गांव निवासी 55 वर्षीय क्षमा उपाध्याय और उनके 28 वर्षीय बेटे अनमोल उपाध्याय शामिल हैं। गंभीर रूप से घायल तीन लोगों को बेहतर इलाज के लिए वाराणसी रेफर किया गया था, जहां गुरुवार देर शाम बलिया के सुखपुरा थाना क्षेत्र के खरखरा निवासी 42 वर्षीय मनोज चौबे की भी मौत हो गई।

परीक्षा कक्ष का निरीक्षण कर बाहर निकलते डीएम-एसपी। छाया:आज

करवा चौथ पर सुहागिनों ने रखा निर्जला व्रत

गाजीपुर। करवा चौथ पर महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र, सुखी दांपत्य जीवन और परिवार की खुशहाली की कामना करते हुए दिनभर उपवास किया। शाम को महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर विधि-विधान से करवा चौथ की पूजा-अर्चना की और करवा चौथ की कथा सुनी। पर्व को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। बाजारों में पूजा सामग्री, करवा, चलनी, मिठाइ साड़ि और श्रृंगार के सामान की खरीदारी की रौनक रही। महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में सजकर पूजा की तैयारियां कीं। वही ब्यूटी पार्लर में शाम तक महिलाओं की भीड़ लगी रही। दिलदारनगर प्रतिनिधि के अनुसार- क्षेत्र के दसवतपुर, दिलदारनगर गांव फरीदपुर उसिया सुरहा धनाढ़ी पलिया देवल दिलदारनगर बजार आदि गावों मे करवा चौथ के पावन पर्व पर सुहागिन महिलाओं ने परंपरा और श्रद्धा के साथ निर्जला व्रत रखा। महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र, सुखी दांपत्य जीवन और परिवार की खुशहाली की कामना करते हुए दिनभर उपवास किया। शाम को महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर विधि-विधान से करवा चौथ की पूजा-अर्चना की और करवा चौथ की कथा सुनी। रात्रि में चंद्रमा के नही हुआ दर्शन बाद मे महिलाओं ने शुभ मुहूर्त को अर्घ्य अर्पित कर अपने पति का दीदार कर व्रत का पारण किया। इस अवसर पर परिवारों में उत्साह और उल्लास का माहौल रहा। करवा चौथ भारतीय संस्कृति, आस्था और दांपत्य प्रेम का प्रतीक माना जाता है। यह पर्व पति-पत्नी के बीच प्रेम, विश्वास और आपसी समर्पण के भाव को मजबूत करने का संदेश देता है।

नशा मुक्ति जागरुकता अभियान का हुआ आयोजन

जमानियां,गाजीपुर। स्थानीय स्टेशन बाजार स्थित हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा शुक्रवार को कार्यक्रम अधिकारी डॉ.अभिषेक तिवारी के मार्गदर्शन में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य आमजन को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें नशे से दूर रहकर स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। अभियान के दौरान एनएसएस स्वयंसेवकों ने लोगों को नशे से शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए आमजन से नशे से दूर रहने, युवाओं को नशे के प्रति जागरूक करने तथा नशा मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय योगदान देने की अपील की। जागरूकता नारों के माध्यम से नशा मुक्ति का संदेश प्रसारित किया गया। उक्त मौके पर प्राचार्य प्रो श्रीनिवास सिंह, एनसीसी प्रभारी डॉ अंगद प्रसाद तिवारी, डॉ अमित कुमार, डॉ महेन्द्र कुमार सहित स्थानीय चौकी के पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

नशा मुक्ति जागरुकता अभियान रैली निकालते लोग। छाया:आज

अवैध गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

मोहम्मदाबाद, गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर के कुशल निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध अभियान के तहत बुधवार को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद के निर्देशन में थाना मोहम्मदाबाद पुलिस ने टाडवा रेलवे क्रॉसिंग के पास से एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार अभियुक्त के पास से पुलिस ने 06.329 किलोग्राम नाजायज गांजा और एक अदद मोबाइल वीवो कंपनी का बरामद किया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान जयप्रकाश राजभर पुत्र सुरेश राजभर निवासी ग्राम हुस्सेपुर, थाना मोहम्मदाबाद, जनपद गाजीपुर के रूप में हुई है। अभियुक्त की उम्र लगभग 25 वर्ष बताई जा रही है।

गैंगस्टर एक्ट में वांछित २५ हजार का ईनामी गिरफ्तार

गाजीपुर। अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत करंडा पुलिस ने शुक्रवार को गैंगस्टर एक्ट में वांछित 25 हजार रुपये के इनामी अभियुक्त शन्नी शर्मा उर्फ शनी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे गाजीपुर कचहरी स्थित मंदिर के पास से घेराबंदी कर दबोचा। पुलिस के अनुसार, पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में करंडा थानाध्यक्ष अपनी टीम के साथ अपराधियों की तलाश में जुटे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि गैंगस्टर एक्ट का वांछित इनामी अभियुक्त कचहरी मंदिर के पास मौजूद है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और उसे गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान शन्नी शर्मा उर्फ शनी 27 पुत्र स्व. भूपेंद्र शर्मा निवासी वत्स कॉलोनी, बहादुरगढ़, थाना लाइनपार, जिला झज्जर, हरियाणा के रूप में हुई है।

बाजार के उत्तर-दक्षिण की जर्जर सड़कों से गमनागमन में बाधक

जखनियां (गाजीपुर)। जखनियां बाजार में एनएच-24 के उत्तर और दक्षिण तरफ पुराने पीडब्ल्यूडी मार्ग की हाल जर्जर हो चुकी है। सडक पर गड्ढे ही गड्ढे बन गये है। दोनों मार्ग का पुनर्निर्माण नहीं होने से लालापुर , गौराखास , धीरजोत ,चौजा खास व बाजार से दक्षिणी क्षेत्र के कौला जखनिया मुडियारी सहित दर्जनों गाव के लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सर्वदलीय तहसील विकास एवं जन कल्याण संघर्ष समिति के अध्यक्ष देवनरायन सिह द्वारा कई बार पी डब्लू डी गाजीपुर व एन एच बाराणसी से संबंधित अधिकारियों को खराब सडक को बनवाने के लिए पत्रक सौपा जाता है।

आज

वाराणसी, शनिवार ३१ अक्तूबर, २०२६ सौर १४, कार्तिक कृष्ण ६, २०८३ वि.। | वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज (रीवा संस्करण), कानपुर (झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी,पटना (कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित | * काशी संस्करण पृष्ठ १२, मूल्य ३.०० रुपये

दिल्लीमें होनेवाले मार्च-रैलीमें आनेवालों को रोकने की हो रही कोशिश-राहुल

बारिशके चलते अब आज होगा ज्ञानेश कुमारके खिलाफ सार्वजनिक महाभियोग कार्यक्रम

नयी दिल्ली (आससे.)। वोट चोरी को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ इंडिया गठबंधन का सार्वजनिक महाभियोग कार्यक्रम अब 31 अक्टूबर, शनिवार को आयोजित किया जाएगा। कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के 10 राजाजी मार्ग स्थित आवास पर होने वाले इस कार्यक्रम की तारीख में बारिश के चलते परिवर्तन किया गया है। शुक्रवार को 10 राजाजी मार्ग पर इंडिया गठबंधन के विभिन्न दलों के वरिष्ठ नेताओं की बैठक के बाद लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पत्रकारों को बताया कि बारिश को देखते हुए सभी विपक्षी दलों ने सर्वसम्मति से कार्यक्रम को एक दिन आगे बढ़ाने का फैसला किया है। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के अलावा 'इंडिया गठबंधन के विभिन्न दलों के वरिष्ठ नेताओं ने हिस्सा लिया। राहुल गांधी ने कहा कि रविवार को रामलीला मैदान तक विपक्षी दलों की ओर से मार्च भी निकाला जाएगा, जिसमें सामाजिक संगठनों, सिविल सोसायटी, पत्रकारों और आम लोगों का भी स्वागत है।वोट चोरी के खिलाफ रविवार को दिल्ली में रामलीला मैदान तक होने वाले मार्च और रैली को लेकर राहुल गांधी ने यह आरोप भी लगाया कि उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, (शेष पृष्ठ ९ पर)

तीसरी बार सरकार बननेपर यूपी में लागू होगा यूसीसी-अमित शाह

भाजपा कार्य समितिकी बैठकमें कहा-यूपीमें भाजपा अंगदका पैर

लखनऊ (आससे.)। लखनऊ में भाजपा कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने बड़ा एलान किया है। उन्होंने कहा कि 2027 में यूपी में तीसरी बार सरकार बनने पर प्रदेश में समान नागरिक संहिता लागू करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा को यूपी से कोई हटा नहीं सकता है। यूपी में 30 अक्तूबर का बड़ा योगदान है। आज के ही दिन 1990 में अयोध्या में राम भक्तों पर गोलियां चलाई गई थीं।मैं पूछना चाहता हूं कि आप किस मुंह से सरकार बनाने की बात करते हैं। आपने रामभक्तों पर गोलियां चलाईं हमने राम मंदिर बना दिया। आपकी तीसरी पीढ़ी को भी जनता माफ नहीं करेगी। कल्याण सिंह ने सरकार की चिंता किए बिना विवादित ढांचे को ध्वस्त कराया था। उन्होंने कहा कि यूपी में भाजपा सरकार अंगद का पैर है उसे कोई नहीं हटा सकता है। उत्तर प्रदेश में फिर से भाजपा की सरकार बनने जा रही है कोई दुविधा नहीं है। यूपी में तीसरी बार सरकार बना दो यहां भी यूसीसी लागू करेंगे।गृहमंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा (शेष पृष्ठ ९ पर)

बद्रीनाथका दर्शन कर लौटते समय चमोली में हेलीकाप्टर हादसा, छहकी मौत

चमोली (एजेंसी)। हेलीकॉप्टर में सवार तीर्थयात्री देश के प्रथम गांव माणा घूमने भी गए थे। इसके बाद सभी हेलीकॉप्टर से सहस्त्रधारा लौट रहे थे। इसी दौरान ज्योतिर्मठ क्षेत्र में यह दर्दनाक हादसा हो गया। उत्तराखंड में शुक्रवार को

राहत बचाव कार्य जारी

एक बड़ा हादसा हो गया। खराब मौसम के बीच बदरीनाथ धाम से सहस्त्रधारा हेलीपोर्ट के लिए रवाना हुआ ट्रांस भारत एविएशन का हेलीकॉप्टर ज्योतिर्मठ क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में हेलीकॉप्टर में सवार पायलट समेत सभी छह लोगों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, हेलीकॉप्टर हाथी पहाड़ के ऊपर चांई गांव और लामबगड़ के बीच जंगल में दुर्घटनाग्रस्त (शेष पृष्ठ ९ पर)

यूकाडाने ट्रांस भारत एविएशनके सभी हेलीकॉप्टरोंकी उड़ानपर लगायी रोक

देहरादून (एजेंसी)। बदरीनाथ धाम से सहस्त्रधारा लौट रहे हेलीकॉप्टर के क्रैश होने के बाद अब यूकाडा ने ट्रांस भारत एविएशन के सभी हेलीकॉप्टरों की उड़ान पर रोक लगा दी गई है। उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण (यूकाडा) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) प्रतीक जैन ने बताया कि ट्रांस भारत एविएशन का एक हेलीकॉप्टर दोपहर 1-14 बजे बदरीनाथ से सहस्त्रधारा के लिए रवाना हुआ था। जब यह हेलीकॉप्टर जोशीमठ घाटी के आसपास से गुजर रहा था, तब से हम इसका पता नहीं लगा पा रहे हैं। यह जानकारी मिलते ही, हमने चमोली जिला प्रशासन, एसडीआरएफ और सेना की एक टुकड़ी को घटना स्थल के पास भेजा, ताकि एक व्यवस्थित बचाव अभियान चलाया जा सके। शुरुआती जानकारी के अनुसार, इसमें छह लोग सवार थे। एक पायलट और पांच अन्य सवार थे।

वाराणसी-दिल्लीके बीच आजसे दौड़ेगी वंदे भारत स्लीपर ट्रेन

मुख्यमंत्री योगी-रेलमंत्री दिखायेंगे हरी झंडी

नयी दिल्ली (आससे.)। उत्तर प्रदेश को पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की सौगात मिलने जा रही है। वाराणसी से नयी दिल्ली के बीच चलने वाली इस ट्रेन को 31 अक्टूबर को हरी झंडी दिखाई जाएगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वाराणसी में इसका शुभारंभ करेंगे।

लगभग 966 किलोमीटर की दूरी तय करने वाली यह ट्रेन रात में वाराणसी से रवाना होकर अगले दिन सुबह दिल्ली पहुंचेगी। प्रस्तावित समय-सारणी के अनुसार, इस सफर में लगभग नौ घंटे लगेंगे। आधुनिक सुविधाओं से लैस इस ट्रेन का उद्देश्य लंबी दूरी की रात्रिकालीन यात्रा को अधिक तेज, आरामदायक और सुविधाजनक बनाना है। (शेष पृष्ठ ९ पर)

कानपुरमें ट्रैक पार कर रहे दो युवकों को ट्रेन ने रौंदा

कानपुर (आससे.)। पनकी पड़ाव रेलवे क्रॉसिंग पर फाटक बंद होने के बावजूद रेलवे ट्रैक पार करने की लापरवाही दो युवकों की जान ले गई। बृहस्पतिवार रात करीब 7-45 बजे कानपुर से इटावा की ओर जा रही ऊंचाहार एक्सप्रेस ने ट्रैक पार कर रहे एक युवक को जोरदार टक्कर मार दी। ट्रेन उसे करीब 100 मीटर तक घसीटती ले गई। इस दौरान उसके ठीक पीछे आ रहा करीब 30 वर्षीय दूसरा युवक भी ट्रेन की चपेट में आ गया। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में जान गंवाने वाले युवक की पहचान संजीव कुमार उर्फ संजू (35) पुत्र भीखम सिंह के रूप में हुई। वह मैनपुरी जिले के किशनी थाना क्षेत्र के समान कटरा गांव का रहने वाला था। उसका ससुराल गजनेर में है।

९.३४ करोड़ किसानोंके खातेमें भेजी गयी पीएम किसान सम्मान निधि

लखनऊ (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को गुजरात के बनासकांठा से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 24वीं किस्त जारी की। इसमें देश भर के 9.34 करोड़ से अधिक किसानों के खाते में 18,690 करोड़ रुपये भेजे गए। उत्तर प्रदेश के 2.24 करोड़ से अधिक किसान इससे लाभान्वित हुए, जिनके खाते में 4482.19 करोड़ रुपये की 'सम्मान निधि' आई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'एक्स' पर पोस्ट कर दीपावली से पहले इस उपहार के लिए किसानों की तरफ से प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे लाभार्थी के खाते में हस्तांतरित हुई। इसमें पात्र किसान परिवार के (शेष पृष्ठ ९ पर)

सौरव दास की नागरिकता की होगी जांच

चेन्नई (एजेंसी)। मद्रास हाईकोर्ट ने पत्रकार और कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रवक्ता सौरव दास की पहचान और राष्ट्रीयता की जांच कराने की मांग वाली जनहित याचिका पर सुनवाई की है। अदालत ने इस मामले में केंद्र सरकार, सौरव दास और अन्य संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिका में दास की नागरिकता और पारिवारिक पृष्ठभूमि की जांच कराने के साथ ही उनके सोशल मीडिया खातों को बंद करने की मांग भी की गई है। मामला अब अदालत में विचाराधीन है। मद्रास हाईकोर्ट की मुख्य न्यायाधीश एसए धर्माधिकारी और न्यायमूर्ति (शेष पृष्ठ ९ पर)

पाकिस्तानके भट्टी नेटवर्क से जुड़े चार संदिग्ध गिरफ्तार

लखनऊ (आससे.)। प्रतिबंधित शहजाद भट्टी नेटवर्क से जुड़े चार लोगों को यूपी एटीएस ने गिरफ्तार किया है।

पिस्टल, कारतूस बरामद, पुलिस-सेनाके जवान की हत्याके लिए किया था सौदा

इनमें पंजाब के तीन युवक और एक नाबालिग शामिल है। आरोप है कि पाकिस्तानी हैंडलर राना भाई के कहने पर वे लखनऊ में पुलिस या सेना के किसी जवान की हत्या करने आए थे। इसके लिए उन्हें तीन लाख रुपये देने का वादा

किया गया था। एटीएस ने आरोपियों के पास से एक पिस्टल और 20 कारतूस बरामद किए हैं।एटीएस के मुताबिक, उसे सूचना मिली थी कि शहजाद भट्टी नेटवर्क से जुड़े पंजाब के कुछ युवक सेना या पुलिस के किसी प्रतिष्ठान पर हमला करने की फिराक में हैं।

यूपी एसआईआर : वोटरों के नाम काटने की कोशिश का आरोप, सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोगसे मांगी कारवाई रिपोर्ट

नयी दिल्ली (आससे.)। उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (स्क्क्र) के दौरान बड़ी संख्या में फॉर्म-7 जमा करने और इनके जरिए वोटरों के नाम हटाने की कोशिश के आरोपों पर सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को जरूरी कदम उठाने का निर्देश दिया है। शुक्रवार को मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने आयोग से शिकायतों की जांच कर (शेष पृष्ठ ९ पर)

यूपीमें दीपावली-छठ पर १२ दिन तक चलेंगी अतिरिक्त बसें

लखनऊ (आससे.)। दीपावली और छठ पर्व पर यात्रियों की भीड़ को देखते हुए परिवहन निगम अतिरिक्त बसों का संचालन करेगा। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने छह से 17 नवंबर तक प्रदेश में अधिक से अधिक बसें चलाने के निर्देश दिए हैं। दिल्ली से पूर्वांचल के साथ ही लखनऊ और कानपुर के लिए भी अतिरिक्त बसें चलाई जाएंगी। इसका उद्देश्य यात्रियों को सुरक्षित और सुगम यात्रा उपलब्ध कराना है। परिवहन मंत्री ने निर्देश दिए हैं कि इस अवधि में निगम की सभी बसों को सड़क पर उतारा जाए। हालांकि, अनफिट बसों का संचालन नहीं होगा। (शेष पृष्ठ ९ पर)

यूपीमें गुप्त ड्रग्स लैब का भंडाफोड़, ११०० किलो ड्रग्स जब्त, दो गिरफ्तार

नयी दिल्ली, 30 अक्टूबर। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने उत्तर प्रदेश के जालौन जिले के एक सुदूर गांव में चल रही एक विशाल और गुप्त मादक पदार्थ निर्माण प्रयोगशाला (ड्रग्स लैब) का पर्दाफाश करते हुये यूपी एटीएस के सहयोग से चलाए गए इस संयुक्त अभियान में लगभग 1,100 किलोग्राम मादक पदार्थ, अर्ध-निर्मित ड्रग्स और कच्चे रसायन (प्रिकर्सर केमिकल्स) जब्त किए गए हैं। इस मामले में अब तक दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। वित्त (शेष पृष्ठ ९ पर)

यूपी : ११ पीसीएस अफसरों के तबादले, कई जिलों के उपजिलाधिकारी बदले

लखनऊ (आससे.)। यूपी में 11 पीसीएस अफसरों के तबादले किए गए हैं। कई जिलों में उपजिलाधिकारी और अपर जिलाधिकारी स्तर के पदों पर बदलाव किया गया है। राज बहादुर को उपजिलाधिकारी, हाथरस से अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), बुलंदशहर में तैनाती दी गई है। इसी तरह, संजय कुमार यादव को उपजिलाधिकारी, लखनऊ से अपर नगर आयुक्त, नगर निगम लखनऊ बनाया गया है। दुर्गेस यादव को उपजिलाधिकारी, फतेहपुर से विशेष कार्याधिकारी, राहत आयुक्त (शेष पृष्ठ ९ पर)

स्वदेशी आईएनएस विक्रांत पर उतरा राफेल मरीन

पहली ही कोशिशमें मिली सफलता

पणजी (एजेंसी)। भारतीय नौसेना के लिए समुद्री सुरक्षा और रक्षा क्षमताओं के लिहाज से एक अहम उपलब्धि सामने आई है। नौसेना के स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर राफेल मरीन लड़ाकू विमान ने पहली ही कोशिश में सफल लैंडिंग की। (शेष पृष्ठ ९ पर)

बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान में आग लगने से लाखों का सामन ख़ाक

चौबेपुर थाना क्षेत्र के बभनपुरा निवासी आलोक कुमार सिंह की गौरा कला से ढाब जाने वाली रोड पर बभनपुरा चौराहे पर पेंट व बिल्डिंग मैटेरियल के सामानों की दुकान है। आलोक कुमार सिंह के अनुसार गुरुवार को देर शाम वह नित्य की भांति दुकान बन्द कर घर चला गया। रात में करीब ११ बजे दुकान से अचानक धुआं निकलता देख आसपास के लोगों ने उन्हें सूचना दी। लेकिन उनके आने से पहले दुकान में रखा लाखों रुपए कापेंट व अन्य सामान जल कर राख हो गया। उन्होंने घटना की सूचना पहले ११२ पुलिस कन्ट्रोल रूम को फोन पर दी। बाद में थाने पर घटना के बाबत लिखित तहरीर दी। इस बाबत थाना प्रभारी चौबेपुर अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि मामले की जांच कर आवश्यक काररवाई की जायेगी।

तीन युवकों के मोबाइल चोरी:–पिंडरा। फूलपुर थाना क्षेत्र के करखियाव चौकी क्षेत्र में मोबाइल चोरी का मामला सामने आया है। पीड़ितों ने सहायक पुलिस आयुक्त, पिंडरा को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। रखौना मुंगराबादशाहपुर जौनपुर निवासी पीड़ित ऋतुराज, आशीष सरोज और अंकित पाल ने बताया कि वे सभी एक ही गांव के निवासी हैं और वर्तमान में बिंदा मोड़ के पास करखियाव में किराए पर रहते हैं और एग्रो पार्क करखियाव में एक फैक्ट्री में काम करते हैं।

आंगनबाड़ी केंद्र का ताला तोड़कर हजारों की चोरी

पिंडरा पूर्व माध्यमिक कन्या विद्यालय पिंडरा के परिसर में स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र का बीती रात ताला तोड़कर चोर एलईडी टीवी, पंखे और १० हजार रुपये के खिलौने चुरा ले गए। इंचार्ज प्रधानाध्यापिका शकीला परवीन पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि उनके विद्यालय परिसर स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र में कल रात चोरी हो गयी। चोरों ने केन्द्र का ताला तोड़कर एक एलईडी टीवी, दो पंखे, गैस सामग्री, वेट मशीन, हाइट मशीन और लगभग १० हजार रुपये के खिलौने सामान चुरा ले गए। घटना की जानकारी सुबह विद्यालय पहुंचने पर हुई। घटना की सूचना पर फूलपुर पुलिस मौके पर पहुची और जांच पड़ताल कर वापस लौट गई। बताते चलें कि इसके पूर्व भी तीन बार चोरी की घटना हो चुकी है।

पत्नी से विवाद के बाद पति ने सल्फास खा कर दी जान

शिवपुर थाना क्षेत्र के चांदमारी सूतबलपुर में गुरुवार की रात्रि में पत्नी से विवाद के बाद राजेश पटेल (३५ वर्ष) व्यक्ति ने शराब में जहर मिलाकर सल्फास पी ली। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे वर्ध हॉस्पिटल भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। शुक्रवार को पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौपा दिया।

उत्तर मध्य रेलवे

टेण्डरसंख्या-230-वि0/क0वि0/प्रयागराज/ई टेण्डर/2026/671 दिनांक : 29.10.2026

ई-निविदा सूचना

वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता/क0वि0/30म0रे0/प्रयागराज, द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्न कार्य हेतु ई निविदा आमंत्रित की जाती है। जिनका विवरण निम्न प्रकार है-

निविदा सं0 : 230-क0वि0-कार्य ठेका-1060-2026

कार्य का विवरण : एनएच-135ए पर 4-लेन मिर्ज़ापुर बाईपास निर्माण के कारण उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल के अंतर्गत डीडीयू-प्रयागराज रेल खंड के विन्ध्याचल यार्ड में 25 के.वी. ओ.एच.ई. में संशोधन का कार्य।

अनुमानित लागत : रू0 48,28,052.54	**बिड सुरक्षा राशि** : रू0 96,600.00
कार्य अवधि : 12 महीना	**बोली प्रणाली** : एक पैकेट

निविदा बन्द होने की तिथि तथा समय : 20.11.2026, 14:00 बजे

निविदा खुलने की तिथि तथा समय : 20.11.2026, 15:00 बजे

नोट:- 1. उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) बेवसाइट www.ireps.gov.in पर निविदा खोलने की तिथि से 21 दिन पहले से उपलब्ध होगा। 2. उपरोक्त निविदा में ई.बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिए कि वे अपने आपको डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। 3. किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए IREPS की वेबसाइट की हेल्पलाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। **2482/26 (AS)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

पूर्व मध्य रेल

खुली ई–निविदा सूचना

खुली ई–निविदा सूचना सं.–टीआरडी–ओ.टी.–20–आईएनएस–शीट–26–27

नीचे दिये कार्य के लिए प्रमाणित अनुभवी वैदयुतिक लाईसेंस रखने वाले और वैध दस्तावेज द्वारा समर्थित ओईएम/ओईएम के प्रतिनिधि रखने वाले ख्यातिलब्ध ठेकेदार से ई–निविदाएं आमंत्रित की जाती है। 1. कार्य का नाम और स्थान : डीडीयू डिविजन में एसईबी में ओएचई लाइन स्ट्रकचर के नीचे कम क्लीयरेंस होने पर इंसुलेशन शीट लगाने का कार्य (फेज–II), 2. अनुमानित रकम : ₹46,30,934/–, बयाना राशि : ₹92,600/–, 4. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय : दिनांक :19.11.2026 को 15:00 बजे तक, 5. वेबसाईट का विवरण जहां ई– निविदा की पूर्ण जानकारी उपलब्ध है: www.ireps.gov.in

वरीय मंडल बिजली इंजीनियर/क. वि./ पूमरे/पं दीन दयाल उपाध्याय

पीआर/1230/डीडीयू/टीआरडी/टी/26–27/24

उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता–वाराणसी वृत्त

जवाहर नगर, भेलूपुर, वाराणसी

E-Mail: circle1@upavp.com

पत्र सं0–2347/M-11/665 दिनांक– 30.10.2026

ई–निविदा सूचना

वृत्त के पत्रांक–2346 / एम–11 / 664, दिनांक 30.10.2026 के माध्यम से जनपद–चन्दौली के उपनिबन्धक कार्यालय भवन सकलडीहा का निर्माण कार्य की ई–निविदा सूचना आमंत्रित की गयी है। ई–निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण परिषद की वेबसाइट www.upavp.com एवं http://etender.nic.in पर देखे जा सकते हैं।

अधीक्षण अभियन्ता

कार्यालय ग्राम पंचायत दुबैथा, ब्लाक देवकली, गाजीपुर

अल्पकालिक निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष २०२६-२७ में सदस्य विधानसभा परिषद श्री विशाल सिंह चंचल के विधान मंडल क्षेत्र विकास निधि अन्तर्गत प्रस्ताव पर स्वीकृति एवं निर्माणाधीन कार्य पर कार्यदायी संस्था ग्राम पंचायत दुबैथा में कार्य का नाम ग्राम पंचायत दुबैथा में छोटू गोड़ के खेत से राजेश यादव के मशीन तक इंटरलाकिंग रोड का निर्माण कार्य पर प्रस्ताव पारित है। उक्त कार्य को कराने हेतु अल्पकालीन निविदा दिनांक ३०.१०.२०२६ में आमंत्रित की जाती है।

क्र.	कार्य विवरण	प्राक्कलन की धनराशि (लाख में)	कार्यदायी संस्था	अभियुक्ति
१-	ग्राम पंचायत दुबैथा में छोटू गोड़ के खेत से राजेश यादव के मशीन तक इंटरलाकिंग रोड निर्माण कार्य	५.०० लाख	ग्राम पंचायत दुबैथा	एमएलसी निधि

नोट- १-सप्लाई आफ सीमेन्ट १२८ बैग रेट ३८३.५ प्रति बैग, २- सप्लाई आफ ब्रीक्स प्रति नग ७.२४५ रूपया, ३- सप्लाई आफ फाईन सैण्ड प्रति घन मी. २१६० रूपया, ४- सप्लाई आफ ४० एम.एम. ब्रीक्स ब्लास्ट प्रति घन मी. १३६५, ५-लोकल सैण्ड पति घन मी. ६८२.५०, ६- इंटरलाकिंग ब्रीक्स प्रति पीस २४.७८, ७- साइन बोर्ड एक पीस ४८००, ८- लाल बालू ५.८६ घन मी. २२६० रूपया प्रति घन मी.

निविदा के एक सप्ताह के अंदर पंचायत भवन पर निविदा ली जायेगी और विज्ञापन प्रकाशन होने के एक सप्ताह के बाद निविदा खोली जायेगी तथा निविदा स्वीकृति/अस्वीकृति का कार्य ग्राम पंचायत को निहित है।

सचिव — अनिल कुमार यादव

ग्राम प्रधान/प्रशासक — उदयनाथ चौबे

वर्गीकृत विज्ञापन

सूचना

सूचना-सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र यश यादव हरिहर सिंह एकेडमी टिसौरा, चोलापुर, वाराणसी कक्षा 8 के मार्कशीट व टी.सी. में पिता व माता का नाम पंकज यादव व **शीला यादव**अंकित है जो गलत है सही नाम पंकज कुमार यादव व धर्मशीला कुमारी है। जिसका संशोधन किया जाना न्यायसंगत है। **पंकज कुमार यादव** ग्रा. व पो. बेला, चोलापुर, वाराणसी।

सूचना-सूचित किया जाता है कि शाहीन हयात (SHAHEEN HAYAT) पुत्री खुर्शीद आफाक खान ने अपना नाम बदलकर शाहीन हयात (SHAHIN HAYAT) रख रही हूँ वर्तमान में मुझे इसी नाम से जाना व पहच. ाना जाए। पता-ए 3/34 इमलाक कालोनी-1 नदेसर वाराणसी

सूचना-मैं, **येसणे रोहित पांडुरंग** आर्मी नंबर-15822868N पद हवलदार, 981 एडी रेजीमेंट (एसएम) वर्कशॉप, सी/ओ 56 एपीओ में कार्यरत हूं। मेरा निवासी पता ग्राम व पोस्ट–मडिलगे, तहसील आजरा, जिला कोल्हापुर, महाराष्ट्र-416505 है। मैंने अपने पिता का नाम येसणे पांडुरंग बाळकू व जन्मतिथि 01-03- 1968 को बदलकर पिता का नाम **येसणे पांडुरंग बाळकू** व जन्मतिथि 01 -01-1968 कर दी गई है, यह परिवर्तन दिनांक 15/10/ 2026 को कार्यकारी मजिस्ट्रेट आजरा, जिला कोल्हापुर, महाराष्ट्र के समक्ष निष्पादित शपथ पत्र संख्या-47 19/26 के माध्यम से किया गया है। उपर्युक्त दोनों नाम एवं जन्मतिथियां एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे पिता से संबंधित है।

सूचना

सूचना-मैं **येसणे रोहित पांडुरंग** आर्मी नंबर-15822868छ पद हवलदार, 981 एडी रेजीमेंट (एसएम) वर्कशॉप, सी/ओ 56 एपीओ में कार्यरत हूं। मेरा निवासी पता ग्राम व पोस्ट–मडिलगे, तहसील आजरा, जिला कोल्हापुर, महाराष्ट्र-416505 है। मैंने अपनी माता का नाम मालुताई व जन्मतिथि 02-10-1966 को बदलकर माता का नाम **येसणे सुमन पांडुरंग** व जन्मतिथि 18 -04-1971 कर दी गई है, यह परिवर्तन दिनांक 15/10/ 2026 को कार्यकारी मजिस्ट्रेट आजरा, जिला कोल्हापुर, महाराष्ट्र के समक्ष निष्पादित शपथ पत्र संख्या-4720/26 के माध्यम से किया गया है। उपर्युक्त दोनों नाम एवं जन्मतिथियां एक ही व्यक्ति अर्थात मेरी माता से संबंधित है।

सूचना-मेरे सर्विस रिकॉर्ड में भूलवश मेरी माता जी का नाम SANJAFAL DEVI व जन्मतिथि - 01-01-1960 अंकित है जो गलत है।जबकि उनके अन्य अभिलेख(पेन कार्ड/आधार कार्ड)में उनका सही नाम **SANJAFI DEVI** जन्मतिथि - 01- 01-1961 है।जिसे मेरे सर्विस रिकॉर्ड में दर्ज किया जाना न्यायसंगत है। आर्मी नम्बर - 15627123। हवलदार **राकेश यादव** पुत्र रामदरश यादव ग्राम - डील्ला पोस्ट - धनेशपुर थाना - दुल्लहपुर जिला - गाजीपुर उत्तरप्रदेश पिनकोड -233226

पाठकों से

'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वतः जांच करके कार्य करें। इसके सम्बन्ध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।

प्रबन्धक

पूर्वोत्तर रेलवे

सूचना सं. 181/2026

आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यात्रियों को सुविधा प्रदान करने हेतु बनारस–प्रयागराज रामबाग–बनारस के मध्य नई ट्रेन सेवा वाराणसी सिटी–राजा तालाब–वाराणसी सिटी के मध्य नई ट्रेन सेवा एवं वाराणसी–नई दिल्ली–वाराणसी के मध्य वंदे भारत स्लीपर ट्रेन के संचलन का शुभारम्भ दिनांक 31.10.2026 को प्रयागराज रामबाग, वाराणसी एवं बनारस से उद्घाटन विशेष गाड़ियों को निम्न समयानुसार चलाकर किया जायेगा।

गाड़ी संख्या 05128 प्रयागराज रामबाग–बनारस विशेष ट्रेन सेवा

स्टेशन	आगमन	प्रस्थान
प्रयागराज	--	16.15
झूसी	16.30	16.32
हंडिया खास	16.50	16.52
ज्ञानपुर रोड	17.13	17.15
माधोसिंह	17.30	17.32
राजा तालाब	18.10	18.12
बनारस	19.35	--

रेक संरचना: द्वितीय श्रेणी के 8 कोच

गाड़ी संख्या 05125 बनारस – राजा तालाब विशेष ट्रेन सेवा

स्टेशन	आगमन	प्रस्थान
वाराणसी	--	16.15
बनारस	16.30	16.32
भुलनपुर हॉल्ट	16.38	16.40
हरदत्तपुर	16.48	16.50
राजा तालाब	17.05	--

रेक संरचना: द्वितीय श्रेणी के 8 कोच

गाड़ी संख्या 02527 बनारस – नई दिल्ली वंदे भारत स्लीपर विशेष ट्रेन

स्टेशन	आगमन	प्रस्थान
बनारस	--	16.15
प्रयागराज	18.00	18.05
कानपुर सेंट्रल	20.05	20.10
अलीगढ़	23.20	23.22
गाजियाबाद	01.10	01.15
नई दिल्ली	02.00	--

रेक संरचना: प्रथम ऐसी 1, द्वितीय ऐसी 4 तृतीय ऐसी 11

कुल – 16

CPRO/T-71

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक, गोरखपुर

"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-2, लो०नि०वि०,सोनभद्र

पत्रांक:– 2041/3ए दिनांक:–27.10.2026

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
(ई-प्रोक्यूरमेंट सूचना)

1. महामहिम राज्यपाल महोदय उ0प्र0 सरकार की ओर से अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड–2, लो0नि0वि0 सोनभद्र द्वारा उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग के मार्ग कार्य हेतु पात्र एवं पंजीकृत श्रेणी A ,B,C व D यथा अनुमन्य ठेकेदारों से अधोलिखित कार्यो हेतु प्रतिशत दर के आधार पर ऑन लाईन निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि I.T.B. के क्लाज '3' के अनुसार कार्य प्राप्त करने के सम्बन्ध में न्यूनतम अर्हता रखता है।

2.

क0सं0	जनपद	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू0 लाख में)	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र की लागत	अधिशासी अभियन्ता का पता	अधीक्षण अभियन्ता का पता	मुख्य अभियन्ता का पता	ठेकेदार का पंजीयन श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
		विशेष मरम्मत योजनान्तर्गत स्वीकृति की प्रत्याशा में								
1	सोनभद्र	गोबरदहा सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	14.70	1.47	2 माह	Rs.860.00 (Including GST)	CD-2, PWD,SONEBHADRA	MIRZAPUR CIRCLE, MIRZAPUR	CHIEF ENGINEER, MIRZAPUR ZONE, MIRZAPUR	A,B,C,D
2	सोनभद्र	राजस्व ग्राम तेलग में कुरारजवाहा से चन्दौली बार्डर तक सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	17.30	1.73	2 माह					A,B,C,D
3	सोनभद्र	चरकपथरी से मरनासिल्ली सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	20.60	2.06	2 माह					A,B,C,D
4	सोनभद्र	मउकला चेरूई मार्ग से विरनबुआ सम्पर्क मार्ग के वि0मि0-3 में रपटा निर्माण का कार्य।	20.90	2.09	2 माह					A,B,C,D
5	सोनभद्र	बरवाटोला सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	23.50	2.35	2 माह					A,B,C,D
6	सोनभद्र	कोन सम्पर्क मार्ग का अवशेष भाग के विशेष मरम्मत का कार्य।	23.50	2.35	2 माह					A,B,C,D
7	सोनभद्र	सिंगा पश्चिमी से करमाहीटोला सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	24.60	2.46	2 माह					A,B,C,D
8	सोनभद्र	आर0वी0के0 रोड से देवरीमय देवस सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	25.40	2.54	2 माह					A,B,C,D
9	सोनभद्र	आर0वी0के0 रोड से पवांखर सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	27.40	2.74	2 माह					A,B,C,D

बिड डॉक्यूमेंट वेबसाइट http://tender.up.nic.in व Prahari Software पर दिनांक 05.11.2026 अपरान्ह 12:00 बजे से दिनांक 13.11.2026 अपरान्ह 12:00 बजे तक उपलब्ध है, जो कि दिनांक 13.11.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है, इसकी तकनीकी बिड दिनांक 13.11.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे, कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड–2, लो0नि0वि0, सोनभद्र में खोली जायेगी।

निविदाएं प्रहरी साफ्टवेयर पर अपलोड की जायेंगी तथा निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से किया जायेगा, जिसका विस्तृत विवरण निविदा प्रपत्र में उल्लिखित है।

निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://tender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड–2,लो0नि0वि0,
सोनभद्र।

उ.प्र.–259825
दिनांक–29.10.2026

वेबसाइट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-२, लोक निर्माण विभाग, मीरजापुर

No 3757/2A Dated. 24-10-2026

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
(ई–प्रोक्यूरमेंट सूचना)

महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु ऑन लाईन निविदाये http://etender.up.nic.in के माध्यम से लो0नि0वि0 के मार्ग कार्य में पंजीकृत फर्म/ ठेकेदार से दिनांक 12.11.2026 से दिनांक 19.11.2026 तक दोपहर 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की प्री–क्वालिफिकेशन/ टेक्निकल बिड उसी दिन अपरान्ह 12.30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में उपस्थित लो0नि0वि0 के पंजीकृत फर्म/ ठेकेदार के प्रतिनिधि के समक्ष अधोहस्ताक्षरी द्वारा गठित समिति के सदस्यो द्वारा आनॅ लाईन खोली जायेगी। टेक्निकल बिड मे क्वालीफाईड पाये गये ठेकेदारो की फाइनेन्सियल बिड अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष मे खोली जायेगी। कार्यालय बन्द होने अथवा छुट्टी होने की दशा में प्री–क्वालिफिकेशन / टेक्निकल बिड एव फाईनेन्सियल बिड उसी क्रम एंव समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। कार्यो का विवरण निम्नवत् है :–

क0 सं0/ लॉट सं0	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख रू0 में)	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में)	ठेकेदार के पंजीयन की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7
	विशेष मरम्मत योजना मे स्वीकृत कार्य।					
1	प्रतापपुर सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	8.30	0.83	2 माह	(निविदा मूल्य रू0 300+स्टेशनरी चार्जेज रू0 500.00)+ (रू0 150 जी0एस0टी हेतु आन लाईन भुगतान)	ए0बी0सी0डी0
2	दीक्षितपुर से शिवराजपुर सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	31.30	3.13	2 माह	तदैव	तदैव
3	धारा से मीरपुर सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	12.60	1.26	2 माह	तदैव	तदैव
4	वाराणसी शक्तिनगर मार्ग से बारडीह मदनपुरा सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	30.10	3.01	2 माह	तदैव	तदैव
5	राष्ट्रीय मार्ग -7 से धौरहरा सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	24.00	2.40	2 माह	तदैव	तदैव
6	गंगानहर की पटरी से डोमरीपुरवा सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	18.20	1.82	2 माह	तदैव	तदैव
7	वाराणसी शक्तिनगर मार्ग से घाटमपुर पहाड़ी सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	13.60	1.36	2 माह	तदैव	तदैव
8	बंगला बरेव से राजूपुर सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	32.70	3.27	2 माह	तदैव	तदैव
9	एन0एच0-7 से ग्राम परसोधा से ग्राम बेला सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	25.00	2.50	2 माह	तदैव	तदैव
10	गोरखपुर माफी सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	12.80	1.28	2 माह	तदैव	तदैव
11	रसूलपुर सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	18.40	1.84	2 माह	तदैव	तदैव
12	राजापुर सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	27.80	2.78	2 माह	तदैव	तदैव
13	राजापुर कोल बस्ती सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	23.00	2.30	2 माह	तदैव	तदैव
14	अटारी मार्ग से बिन्द बस्ती सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	26.40	2.64	2 माह	तदैव	तदैव
15	मटिहानी टेढवा सम्पक मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	28.90	2.89	2 माह	तदैव	तदैव
16	लुम्बिनी दुद्धी मार्ग से भवानीपुर मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य।	16.50	1.65	2 माह	तदैव	तदैव

1. कार्य पूर्ण करने की समयावधि कालम सं0 5 के अनुसार होगी।
2. निविदा की वैधता निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि से 90 दिवस होगी ।
3. निविदा प्रस्तुत करने के पश्चात वापस नही ली जा सकती ।
4. ई–निविदा सूचना आन लाईन दिनांक–12.11.2026 19.11.2026 12.00 बजे अपरान्ह तक ई–टेण्डरिंग पोर्टल (htttp://e-tender.up.nic.in पर उपलब्ध है जो आन लाईन (htttp://e-tender.up.nic.in) पर ही सबमिट किया जायेगा एवं तकनीकी बिड दिनांक–19.11.2026 को खोला जायेगा।
5. यदि कोई शुद्धि पत्र (Corrigendum) बाद में प्रकाशित होता है तो इसकी पूर्ण जानकारी केवल ई–टेण्डरिंग पोर्टल http://e-tender.up.nic.in पर ही सार्वजनिक की जायेगी।
6. निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।

ई–निविदा की समस्त शर्ते ई–टेण्डरिंग पोर्टल http://e-tender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड–2, लो0नि0वि0
मीरजापुर

उ.प्र.–259756
दिनांक–29.10.2026

वेबसाइट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय-उपनिदेशक (नि.)
राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, उ.प्र.
नवीन मण्डी स्थल, पहड़िया वाराणसी

पत्रांक–उ.नि.(नि.)/वाराणसी/निविदा /2026–1118 दिनांक–30.10.2026

ई–प्रोक्यूरमेंट अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

निर्माण खण्ड मण्डी परिषद वाराणसी क्षेत्रान्तर्गत मण्डी समिति–वारणसी के अन्तर्गत मण्डी परिषद द्वारा गड्ढामुक्तिकरण योजनान्तर्गत निम्नलिखित सम्पर्क मार्गो के मरम्मत/नवीनीकरण कार्यो हेतु अनुभवी तथा मण्डी परिषद में पंजीकृत फर्म एवं वित्तीय रूप से सुदृढ ठेकेदारों से तकनीकी एवं वित्तीय बिड ई–टेण्डरिंग के माध्यम से निम्नकार्य हेतु दिनांक–17.11.2026 को आमंत्रित की जाती है। ई–टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर दिनांक–07.11.2026 के पूर्वान्ह 10.00 बजे से दिनांक–16.11.2026 के सायं 5.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड की जा सकती है। कार्य की निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 17.11..2026 को दोपहर 12.00 बजे खोली जायेगी। तकनीकी बिड उपयुक्त पाये जाने के उपरान्त ही वित्तीय बिड खोली जायेगी।

क्र सं.	कार्य का नाम	कार्य की लागत (रू. लाख में)	निविदा शुल्क जी.एस.टी. सहित (रू.)	धरोहर धनराशि (लाख रू.में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा की श्रेणी	निविदा की वैधता
1	2	3	4	5	6	7	8
	मण्डी समिति वाराणसी क्षेत्रान्तर्गत						
1	सम्पर्क मार्ग डिहवा सडक से परईपुर बस्ती होते हुए नहर तक मरम्मत/अनुरक्षण कार्य। 2026_RKUMP_1202936_1	21.85	3900.00	2.19	01 माह	"द"	03 माह
2	कुडी ब्रम्हबाबा के स्थान से सत्तनपुर बाजार तक मरम्मत/अनुरक्षण कार्य। 2026_RKUMP_1202936_2	33.61	6000.00	3.37	01 माह	"द"	03 माह
3	सम्पर्क मार्ग नरपतपुर नरायनपुर मार्ग से पहड़िया राजभर बस्ती होते हुए दुधनाथ चौहान तक मरम्मत/अनुरक्षण कार्य। 2026_RKUMP_1202936_3	16.13	2900.00	1.62	01 माह	"द"	03 माह
4	सम्पर्क मार्ग कोल्हारे होते हुए कादीपुर पिच रोड तक मरम्मत/अनुरक्षण कार्य। 2026_RKUMP_1202936_4	31.93	5700.00	3.20	01 माह	"द"	03 माह
5	सम्पर्क मार्ग गोपपुर वाराणसी जयरामपुर रोड से सगरा पिच रोड तक मरम्मत/अनुरक्षण कार्य। 2026_RKUMP_1202936_5	25.22	4500.00	2.53	01 माह	"द"	03 माह
6	सम्पर्क मार्ग उदयपुर मुर्दहा मार्ग से चन्दापुर हरिजन बस्ती होते हुए प्राथमिक पाठशाला तक मरम्मत/अनुरक्षण कार्य। 2026_RKUMP_1202936_6	15.38	2800.00	1.54	01 माह	"द"	03 माह
7	सम्पर्क मार्ग बेला पहडिया मार्ग से नवापुरा यादव बस्ती होते हुए राजपूत बस्ती पुलिया तक मरम्मत/अनुरक्षण कार्य। 2026_RKUMP_1202936_7	38.78	6900.00	3.89	01 माह	"द"	03 माह
8	सम्पर्क मार्ग वाराणसी गाजीपुर मार्ग पर पंछी होटल होते हुए मौनीबाबा मंदिर तक मरम्मत /अनुरक्षण कार्य। 2026_RKUMP_1202936_8	75.63	13400.00	7.58	01 माह	"ब"	03 माह
9	सम्पर्क मार्ग राजातालाब जखिनी मार्ग से ईटाही तक मरम्मत/अनुरक्षण कार्य। 2026_RKUMP_1202936_9	15.97	2900.00	1.60	01 माह	"द"	03 माह
	मण्डी समिति जंगीपुर क्षेत्रान्तर्गत						
10	फतेउल्लाहपुर बरहट पिच रोड से कोहिनियापुर होते हुए हराखूपुर प्रधानमंत्री सडक अवशेष भाग तक मरम्मत /अनुरक्षण कार्य। 2026_RKUMP_1202936_10	54.86	9800.00	5.49	01 माह	"स"	03 माह
	मण्डी समिति जमानिया क्षेत्रान्तर्गत						
11	सम्पर्क मार्ग सुहवल दंडनि मार्ग पर भटपुरवा से खजुवा तक तक मरम्मत/अनुरक्षण कार्य। 2026_RKUMP_1202936_11	39.05	7000.00	3.91	01 माह	"द"	03 माह
	मण्डी समिति चन्दौली क्षेत्रान्तर्गत						
12	सम्पर्क मार्ग ओनावल नहर की पटरी से फुल्ली कुशवाहा बस्ती ,पाल बस्ती होते हुए ड्रेन तक मरम्मत/अनुरक्षण कार्य। 2026_RKUMP_1202936_12	78.42	13900.00	7.85	01 माह	"ब"	03 माह

विशेष शर्ते–

1. धरोहर धनराशि का मूल्य (जी.एस.टी. सहित) उप निदेशक (निर्माण) राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद वाराणसी के भारतीय स्टेट बैंक पहड़िया शाखा के खाता संख्या–30394570557 आई.एफ.एस.सी. कोड संख्या SBIN0002598 एवं निविदा का मूल्य खाता संख्या 30394555461 आई. एफ.एस.डी. कोड संख्या SBIN0002598 उप निदेशक (निर्माण) वाराणसी के नाम से अलग–अलग आर.टी.जी.एस. करना होगा। जिसका बैंक से सत्यापित यू.टी.आर. नं. हार्ड कापी में उपलब्ध कराना होगा एवं अपलोड भी करना अनिवार्य है। निविदा प्रपत्र व धरोहर राशि का मूल्य राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद वाराणसी के सम्बन्धित खाते में न प्राप्त होने या ससमय से प्राप्त न होने की दशा में विभाग की कोई जिम्मेदारी नही होगी व निविदा पर विचार नही किया जायेगा।
2. निविदा प्रपत्र में दी गयी शर्तो की अर्हता पूरी न करने वाली निविदा पर विचार नही किया जायेगा और निविदा स्वतः निरस्त मानी जायेगी।
3. निविदा की समस्त प्रमाण पत्रों निविदादाता फर्म/प्रोपराईटर जो लागू हो, के नाम का आधार, पैन (साझेदार फर्म की दशा में फर्म के नाम), फर्म के नाम का लेटर पैड, टी–4, टी–5 अपलोड करते समय टी–4, टी–5 एवं टी–6 को नोटरी के साथ सत्यापित कर मूलरूप वैध पंजीकरण प्रमाण पत्र विगत 05 वर्षो का प्रमाणित सी.ए. द्वारा निर्गत टर्न ओवर जो सिविल वर्क्स से ही सम्बन्धित हो एवं S.B.D के अनुसार विगत 05 वर्ष में किये गये कार्यो का सक्षम स्तर से निर्गत समान प्रकृति का अनुभव प्रमाण पत्र एवं मण्डी परिषद में या किसी अन्य निर्माण संस्था में वर्तमान में निर्माणाधीन कार्यो स्वीकृत एवं स्वीकृति हेतु विचाराधीन कार्यो के सम्बन्ध में निर्धारित प्रारूप पर घोषणा को स्कैन कर अपलोड करना अनिवार्य होगा। वर्णित अभिलेखों में कमी पाये जाने या अन्यथा की दशा मे निविदा तकनीकी रूप से अनुपयुक्त मानी जायेगी।
4. निविदादाता द्वारा निविदा प्रपत्र के साथ पंजीकरण श्रेणी के अनुरूप टी एण्ड पी एवं मशीनरी का विवरण फर्म द्वारा तकनीकी स्टाफ के होने की घोषणा (वेतन विवरण सहित) व तकनीकी कर्मी द्वारा शपथपत्र निर्धारित प्रारूप पर तथा निविदा योग्यता से सम्बन्धित समस्त मूल प्रपत्र को स्कैन कर अपलोड करना अनिवार्य होगा।
5. समस्त निविदा प्रपत्र को निविदादाता द्वारा हार्ड कापी निविदा के अन्य प्रपत्र के साथ कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा।
6 शासन द्वारा निर्धारित नियमानुसार जी.एस.टी. एवं श्रम उपकर सेस के सम्बन्ध में कार्यवाही की जायेगी। सम्बन्धित ठेकेदार को नियमानुसार श्रम विभाग में पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।
7. निविदादाता मण्डी परिषद आदेश पत्रांक मु. अभि.ग्रेड–2/ (1168/भाग–4/2005) /2022–'1190 में उल्लेखित बिड कैपेसिटी के अनुरूप ही निविदा में प्रतिभाग कर सकता है जिसका घोषणा शपथपत्र पर करना अनिवार्य है।
8. निविदादाता बार कांउसिलिंग का सदस्य नही होना चाहिए। जिसके लिए निविदादाता को शपथपत्र पर घोषणा करना अनिवार्य होगा।
9. वेबसाइट www.etender.up.nic.in से डाउनलोड किये गये प्रपत्रों से किसी भी तरह की विभिन्नता की स्थिति में कार्यालय में अनुरक्षित निविदा प्रपत्र की मूल प्रति ही मान्य होगी।
10. एक या समस्त निविदा निविदादाता को बिना अवगत कराये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार उप निदेशक (निर्माण) मण्डी परिषद वाराणसी को होगा।
11. निविदा प्राप्त करने की तिथि को यदि अवकाश हुआ तो अगले कार्य दिवस में निविदा प्राप्त की जायेगी एवं खोली जायेगी।
12 शेष नियम शर्ते कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में देखी व पढ़ी जा सकती है।
13 कार्य क्षमता से अधिक लागत की निविदा न डाली जाय। अन्यथा निविदा अस्वीकार मानी जायेगी।
14 परिषद आदेश पत्रांक मु.–अभि. (पंजी.नि.–1168–भाग–4)–2023–217 दिनांक–29.05.2023 द्वारा निर्देश दिया गया है कि मण्डी परिषद के निर्माण खण्ड में "द" श्रेणी में पंजीकृत (अनुभव विहीन) ठेकेदार रू. 20.00 लाख से अधिक लागत के कार्यो हेतु आमंत्रित निविदा में प्रतिभाग नही कर सकते है।
15. यह निविदा उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग की मानक बोली दस्तावेज (Standard Bidding Document) T-1/T-2 तथा उत्तर प्रदेश राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद लखनऊ द्वारा निर्गत नवीनतम शासनाद. 'शो कार्यालय आदेशों एवं तकनीकी दिशानिर्देशों के पूर्ण अनुपालन में आमंत्रित की जा रही है।
16. यदि निविदा दस्तावेजो, SBD शर्तो एवं परिषद मुख्यालय द्वारा निर्गत निर्देशों में किसी प्रकार की भिन्नता/विरोधाभास/ अस्पष्टता पाई जाती है तो उस स्थिति में परिषद मुख्यालय के नवीनतम आदेश एवं प्रासंगिक SBD प्रावधानों को वरीयता प्रदान की जाएगीं ।
17. सभी निविदाकर्ताओं को निर्देशित किया जाता है कि वे निविदा भरने से पूर्व सभी शर्तो निर्देशों एवं प्रावधानों का भली भांति अध्ययन कर ले। शर्तो की अवहेलना अथवा अपूर्ण जानकारी के आधार पर भविष्य में कोई दावा मान्य नही होगा।

(एस.के. वर्मा)
उप निदेशक (निर्माण)
मण्डी परिषद वाराणसी

पत्रांक–उ.नि.(नि.)/वाराणसी/निविदा /2026–1119 दिनांक–30.10.2026

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
लिफ्ट सिंचाई खण्ड, गोरखपुर

पत्रांक–1009 /लिसिंखगो/टेन्डर/गोरखपुर दिनांक: 24/10 /2026

मैनुअल अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या–35/अ0अ0लि0सिं0ख0गो0/2026–27

महामहिम राज्यपाल जी उ0प्र0 शासन की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा नीचे अंकित निम्नलिखित कार्य हेतु मोहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में निर्धारित मूल्य देकर दिनांक 03.11.2026 से 12.11.2026 तक प्राप्त किये जा सकते हैं। सभी प्रकार से पूर्ण निविदायें दिनांक 13.11.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक इस खण्ड में प्राप्त की जायेंगी तथा दिनांक 13.11.2026 को अधोहस्ताक्षरी/समिति द्वारा अपरान्ह 2.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी।

क्र0 स0	कार्य का विवरण	मात्रा	कार्य पूर्ण करने की अवधि	कार्य की अनुमानित लागत जी0एस0टी0 सहित (रू0 लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य+जी0एस0टी0+ स्टेशनरी चार्ज (रू0 में)	धरोहर धनराशि (रू0 में)	पंजीकृत श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8
Lot. 01	Nabard Funded Modernization of Doharighat Shayak Pump Canal, Dist-Ballia. Dismantling and shifting of incoming 02 no. bus coupler-01 no, outgoing 0 nos, capacitor panel-10 no and LT Panel- 1 No in pump house with all required accessories work tool and equipment's at DSP, Ballia.	As per BOQ	180 Days	2.13	Rs. 300.00+18%G.S.T.+50 0.00	Rs. 4260.00	"बी" मैकेनिकल अथवा उच्च
Lot. 02	Dismantling of 10 Ton EOT Crane by electrical isolation and power supply disconnection, safely lowering the crane component with approved dismantling sequence and shifting from pump house to store area with including all safely parameter, T&P and labor cost etc. as per direction of Engineer in charge of site at DSP, Ballia.	As per BOQ	180 Days	2.36	Rs. 300.00+18%G.S.T.+50 0.00	Rs. 4720.00	"बी" मैकेनिकल अथवा उच्च
Lot. 03	Dismantling of 700 MM Dia Reflux valve of 75 cusec pump set of pumps no-01, 02, 03, 04, 05, 06, 07, 08, 09 and 10 from pipeline and shifting from pump house to inside store area including all safely parameter, T&P and labor cost etc. As per direction of Engineer in charge of site at DSP, Ballia.	As per BOQ	180 Days	5.74	Rs. 300.00+18%G.S.T.+50 0.00	Rs. 11480.00	"ए" मैकेनिकल अथवा उच्च
Lot. 04	Dismantling of 700 MM Dia Sluice valve of 75 cusec pump set of pumps no-01, 02, 03, 04, 05, 06, 07, 08, 09 and 10 from pipeline and shifting from pump house to inside store area including all safely parameter, T&P and labor cost etc. As per direction of Engineer in charge of site at DSP, Ballia.	As per BOQ	180 Days	6.41	Rs. 300.00+18%G.S.T.+50 0.00	Rs. 12820.00	"ए" मैकेनिकल अथवा उच्च
Lot. 05	Construction of new cable trench for input of LT Panel also required output from LT Panel by excavation of earth, proper dressing and disposal earth work, bricks missionary work, plaster and painting cable trench covered with RCC trench cover as per direction of Engineer in charge of site including all T&P and Labor cost etc. at DSP, Ballia.	As per BOQ	180 Days	9.17	Rs. 300.00+18%G.S.T.+50 0.00	Rs. 18340.00	"ए" मैकेनिकल अथवा उच्च
Lot. 06	Construction of wire mesh fencing all around Transformer area in power feeder yard at DSP, Ballia.	As per BOQ	180 Days	9.98	Rs. 300.00+18%G.S.T.+50 0.00	Rs. 19960.00	"ए" मैकेनिकल अथवा उच्च
Lot. 07	Earthing of all equipment's installed in pump house with all required accessories, work tool and equipment's at DSP, Ballia.	As per BOQ	180 Days	9.99	Rs. 300.00+18%G.S.T.+50 0.00	Rs. 19980.00	"ए" मैकेनिकल अथवा उच्च

नोट:–

1. निविदा के साथ निर्धारित धरोहर धनराशि केवल राष्ट्रीय बचत–पत्र अथवा अन्य निर्धारित राष्ट्रीयकृत बैंक की सी0डी0आर0/एफ0डी0आर0 के रुप मे स्वीकार होगी जो अधिशासी अभियन्ता, लिफ्ट सिंचाई खण्ड, गोरखपुर के नाम से बंधक होगी। निविदा के साथ धरोहर धनराशि तथा रु0 100.00 का नान–जुडिशियल स्टैम्प पेपर रु0 1.00 के रेवेन्यू टिकट के निविदा वैधता की अवधि अंकित कर संलग्न करना होगा। ठेकेदार के निविदित्त दरों की वैद्यता 90 दिन तक होगी।
2. निविदा स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार बिना कारण बताये अधेहस्ताक्षरी/समिति को सुरक्षित होगा। ठेकेदार को सुझाव दिया जाता है कि निविदा देने के पूर्व कार्य स्थल पर कार्य का भली–भॉती निरीक्षण कर लें।
3. निविदादाता को रु0 100.00 के स्टैम्प पेपर पर स्वघोषणा शपथ–पत्र संलग्न करना होगा।
4. प्रत्येक लाट हेतु अलग–अलग निविदा प्राप्त की जायेंगी।

अधिशासी अभियन्ता
लिफ्ट सिंचाई खण्ड, गोरखपुर

उ.प्र.–259796
दिनांक–29.10.2026

वेबसाइट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

IN THE COURT OF PREETI AGRAWAL GUPTA, LD. DISTT. JUDGE (COMMERCIAL COURT-01, NORTH-WEST DISTRICT, DELHI, ROOM No. 406, ROHINI COURT, DELHI.

PROCLAMATION REQUIRING ATTENDANCE OF DEFENDANT

(order 5 Rule 20 of the Code of Civil Procedure)

CS (COMM) No. 619/2025

M/S AMBA SAFETY .... Plaintiff

Vs

SANTOSH KUMAR SINGH ....Defendant

To,

SH. SANTOSH KUMAR SINGH PROPRIETOR OF M/S SANTOSH HAVING ITS REGISTERED OFFICE AT: VILLAGE CHHITAUNI-KOT, BHU,POST- BACHCHHAWAN BAZAR, VARANASI, UTTAR PRADESH – 221011, INDIA
ALSO AT: VILLAGE SURERI, DISTRICT JAUNPUR, UTTAR PRADESH – 222203, INDIA.
ALSO AT: VILLAGE KOCHARI, DISTRICT JAUNPUR, UTTAR PRADESH – 222203, INDIA.
MOB: +91 79912 79007 & +91 73769 97303

....DEFENDANTS

Whereas You are intentionally evading service of summons it is hereby notified that if you shall not file your written statement, in accordance with Commercial Court Act, 2015, within 30 days of this Publication and not defend the case on the **04-11-2026, at 10:00 AM** fixed for the final disposal. it will be heard and determined ex-parte. Requisite copies may be obtained from office of the court, in advance. Given under my hand and the seal of the Court this **23rd day of OCTOBER, 2026.**

District Judge (Commercial Court) -01, North West District, Rohini Courts, Delhi

जगतपुर पी.जी. कॉलेज जगतपुर वाराणसी सम्बद्ध–महात्मा गांधी काशीविद्यापीठ वाराणसी स्ववितपोषित पाठ्यक्रम के अन्तर्गत प्रवक्ताओं, की–स्नातकोत्तरस्तर पर भौतिकविज्ञान, मनोविज्ञान **1–1 पद**, स्नातकस्तर पर बी.सी.ए., बी.बी.ए. **2–2 पद**, सांख्यिकी **01 पद** अर्हता यू. जी.सी. एवं विश्वविद्यालय परनियमावली के अनुसार, अर्ह अभ्यर्थी विज्ञापन के 21 दिन के अन्दर अपने समस्त शैक्षणिक अंकपत्रों व प्रमाणपत्रों तथा पासपोर्ट साइज फोटो के साथ आवेदन कर सकते है। **प्रबन्धक**

सूचना

श्रीमती बनारसी देवी एजुकेशनल ट्रस्ट सोसाइटी, सोयेपुर, लमही वाराणसी के समस्त साधारण सभा के सदस्यों को सूचित किया जाता है कि सोसाइटी द्वारा संचालित **डॉ० घनश्याम सिंह कालेज ऑफ एजुकेशन गोसाईपुर, मोहॉव, आजमगढ़ रोड, वाराणसी** के प्रबन्ध समिति का चुनाव 05 नवम्बर 2026 को 01 बजे से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विश्वविद्यालय पर्यवेक्षक एवं चुनाव अधिकारी की उपस्थिति में होगा। सभी सदस्य चुनाव कार्यवाही में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। **प्रबन्धक / सचिव**

तेज हवा संग बेमौसम बारिश ने किया फसलों पर वज्रपात

अन्नदाताओं की बढ़ी मुश्किलें, फसलें खेते में पलटीं, कटी हुई फसलें बर्बाद

आजमगढ़। कभी सूखा तो कभी खाद-बीज की किल्लत का चक्रव्यूह तोड़कर मिट्टी में सोना उगाने वाले

अर्नब की मार

जोरों पर शुरू चना, मटर, सरसों, आलू की बोआई का काम अब ठहराव पर

अन्नदाताओं पर एक बार भी प्रकृति की मार पड़ रही है और इस मार से घायल किसान अब प्रभावित क्षेत्रों में नुकसान का सर्वे कराकर मुआवजे की मांग उठाने लगे हैं। तेज हवा के साथ कई दिनों से बेमौसम बारिश ने एक तरह से फसलों पर वज्रपात कर दिया है। कटी हुन्ई फसलों के बर्बाद होने की आशंका बढ़ गई है तो अधपकी फसलों के खेतों में गिर जाने से उनके भी नुकसान से इन्कार करना मुश्किल हो गया है। जोरों पर शुरू चना, मटर, सरसों, आलू की बोआई का काम अब ठहराव पर आ खड़ा हुआ है।

लालगंज प्रतिनिधि के अनुसार–तहसील क्षेत्र में हुई बेमौसम बारिश ने किसानों की कमर तोड़ दी है। इस समय खेतों में रबी की प्रमुख फसलों चना, मटर, सरसों, आलू की बोआई जोरों पर थी, वहीं धान की फसल पककर तैयार हो चुकी थी और कटाई का कार्य चल रहा था। अचानक हुई बारिश के कारण किसानों की महीनों की मेंहनत पानी में फिरता नजर आ रहा है। अमिलिया गांव के किसान जयप्रकाश सिंह, सुनील सिंह, श्रीकांत सिंह, दुर्गा प्रसाद सिंह, मनोज सिंह, अरुण कुमार सिंह उर्फ सोनू, पीयूष सिंह, चेवार गांव के किसान विकास सिंह व दारा सिंह, अछिछी गांव के दिलीप राय, सूर्यकांत राय, ओमप्रकाश राय,अवनीश राय व चन्द्रेज राय तथा करियागोपालपुर के राजू सिंह, बीरबल मौर्या, सुनील सिंह और रामभुवन मौर्या सहित क्षेत्र के तमाम किसानों ने अपनी पीड़ा साझा की है।

उन्होंने बताया कि धान की फसल काटकर खेतों में सूखने के लिए छोड़ा गया था, वह भींगकर बर्बाद हो गया। खेतों में पानी भर जाने से न केवल कटाई का कार्य ठप हो गया है, बल्कि पके हुए धान के दाने भी खेतों में झड़ने लगे हैं। एक-दो दिन पूर्व जिन खेतों में चना, मटर और सरसों की बोआई की गई थी,वहां अत्यधिक जलभराव के कारण बीजों के सड़ने का गंभीर खतरा पैदा हो गया है। अन्नदाताओं का कहना है कि इस आपदा से उन्हें भारी आर्थिक क्षति उठानी पड़ी है। किसानों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि प्रभावित क्षेत्रों में फसलों के नुकसान का त्वरित सर्वे कराया जाए, ताकि उचित मुआवजा मिल सके और वे इस आर्थिक संकट से उबर सकें।

फूलपुर प्रतिनिधि के अनुसार–क्षेत्र में बारिश और तेज हवा के झोंकों ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। खेतों में लहलहा रही धान की अधपकी फसल जमीन पर गिरकर बिछ गई है। कुछ खेतों में धान की फसल कटाई के कगार पर थी, जबकि अधिकांश खेतों में फसल अभी पूरी तरह पक नहीं पाई थी। ऐसे में फसल गिरने से किसानों को आर्थिक नुकसान की आशंका सताने लगी है। मौसम विभाग की ओर से बारिश और तूफान की चेतावनी के बाद से ही किसान फसल गिरने को लेकर चिंतित थे। पहले से खेतों में पानी और नमी होने के कारण धान के पौधे कमजोर हो गए थे। इसके बाद रिमझिम बारिश से पौधों और जमीन में नमी और बढ़ गई। रात में चली तेज हवा के झोंकों ने फसल को संभलने का मौका नहीं दिया। देखते ही देखते खेतों में खड़ी धान की फसल जमीन पर गिर गई। किसानों की चिंता है कि यदि खेतों से जल्द पानी नहीं निकला तो जमीन पर

गिरी धान की बालियां मिट्टी के संपर्क में आने से सड़ सकती हैं। वहीं, बालियों में दोबारा अंकुरण होने की भी आशंका है। फसल गिरने के कारण हार्वेस्टर से कटाई करना भी मुश्किल होगा। मजदूरों से कटाई कराने पर अतिरिक्त मजदूरी देनी पड़ेगी। इसके अलावा धान की कटाई, बोझ बांधने, सुरक्षित स्थान पर रखने और मड़ाई कराने में भी किसानों को अधिक खर्च उठाना पड़ेगा। किसान मनीष पाल, दशरथ पाल, मो. अनवर और इंद्रेश का कहना है कि फसल तैयार करने में पूरे साल मेंहनत और पूंजी लगती है। अब जब फसल पकने के करीब पहुंची तो बारिश और हवा ने उसे खेतों में गिरा दिया। किसानों के सामने अपनी मेंहनत की कमाई को बचाने की चुनौती खड़ी हो गई है। उनका कहना है कि नुकसान की आशंका के बावजूद किसान फसल को सड़ने के लिए नहीं छोड़ सकते। किसी तरह कटाई कर उपज बचाने का प्रयास करेंगे, क्योंकि यही उनकी सालभर की कमाई का मुख्य आधार है।

मार्टीनगंज प्रतिनिधि के अनुसार–सिकरौर सहबरी के किसान राजेंद्र सिंह ने कहा कि बंगाल की खाड़ी से उठे अणव ने दो दिन से कहर बरपाया है। आलू का खेत तैयार है, मगर बारिश से खेतों में पानी जमा होने से अब बोआई लेट होगी। विनय कुमार सिंह ने कहा बारिश तूफान से खेत में खड़ी फसल गिरकर नष्ट हो गई।

कलान प्रतिनिधि के अनुसार–लगातार करीब 12 घंटे से हो रही रिमझिम बारिश और तेज हवा के चलते खेतों में जलजमाव की स्थिति बन गई है। वहीं तेज हवा से धान की तैयार फसल खेतों में गिर गई है। इससे धान की फसल के सड़ने और दाने जमने की आशंका से किसान परेशान हैं। बारिश का असर पहले से बोई गई सरसों, चना और आलू की फसलों पर भी पड़ने की आशंका है। खेतों में पानी भरने से इन फसलों के खराब होने का खतरा बढ़ गया है। किसानों का कहना है कि यदि बारिश का सिलसिला जारी रहा तो रबी की शुरुआती फसलों को भी भारी नुकसान हो सकता है।

अतरौलिया प्रतिनिधि के अनुसार–अर्णव तूफान का असर क्षेत्र में साफ दिखाई देने लगा है। शुक्रवार सुबह से लगातार हुई तेज बारिश और तूफानी हवाओं ने किसानों की मेंहनत पर पानी फेर दिया। खेतों में खड़ी धान की फसल तेज हवाओं के चलते जमीन पर गिर गई, जबकि कटाई के बाद मड़ाई के लिए रखी गई फसल बारिश में भींगकर

प्रभावित क्षेत्रों में नुकसान का त्वरित सर्वे कराकर उठने लगी मुआवजे की मांग

खराब हो गई। अचानक बदले मौसम ने किसानों के सामने आर्थिक संकट खड़ा कर दिया है। क्षेत्र में हुई मूसलाधार बारिश से खेतों में पानी भर गया है। कई किसानों की कटी हुई धान की फसल पानी में डूब गई, वहीं खुले स्थानों पर मड़ाई के लिए रखी उपज भी पूरी तरह भीग गई। किसानों को आशंका है कि यदि बारिश का सिलसिला इसी तरह जारी रहा तो भींगी हुई धान की फसल सड़ने लगेगी, जिससे उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। यदि अगले दो दिनों तक बारिश जारी रही तो खेतों में गिरी और कटी हुई धान की फसल पूरी तरह बर्बाद हो सकती है। ऐसे में किसानों को दोहरी मार झेलनी पड़ सकती है। क्षेत्र के किसानों ने प्रशासन से फसलों को हुए नुकसान का सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।

जिले के ६.४८ लाख किसानों के खातों में पहुंची २४वीं किस्त की धनराशि

आजमगढ़। दीपावली से पहले शुक्रवार को जिले के छह लाख, 48

धनराशि मिलने से किसानों को खेती से जुड़े खर्चों के लिए मिली राहत

हजार, 752 किसानों के बैंक खातों में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 24वीं किस्त की धनराशि हस्तानांतरित की गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को गुजरात के बनासकांठा स्थित भीलड़ी से डीबीटी के माध्यम से जिले किसानों के खातों में दो हजार रुपये हिसाब से एक अरब, 29 करोड़, 75 लाख, चार हजार रुपये की धनराशि हस्तानांतरित की। प्रधानमंत्री के संबोधन का लाइव प्रसारण भी किया गया। धनराशि मिलने से किसानों की खाद,बीज सहित खेती-किसानी से जुड़े अन्य आवश्यक खर्चों के लिए राहत मिली है। 24वीं पीएम-किसान सम्मान निधि किस्त के अवसर पर किसान उत्सव दिवस मुख्य कार्यक्रम जनपद मुख्यालय स्थित कृषि विज्ञान केंद्र कोटवा सहित सभी विकास खंडों की विभिन्न ग्राम पंचायतों में भी आयोजित किए गए। केवीके कोटवा में मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश महामंत्री किसान मोर्चा के घनश्याम पटेल ने किसानों से आह्वान किया कि वे आधुनिक कृषि तकनीकों एवं वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाने के साथ-साथ अपनी प्राचीन एवं पारंपरिक कृषि पद्धतियों को भी महत्व दें। उन्होंने कहा कि आधुनिकता और परंपरा के समन्वय से खेती को अधिक लाभकारी एवं टिकाऊ बनाया जा सकता है। केवीके के अध्यक्ष डा. अखिलेश यादव, डीडी कृषि आशीष कुमार, जिला कृषि अधिकारी सदानंद चौधरी, जिला कृषि रक्षा अधिकारी हिमांशु सोनकर एवं भूमि संरक्षण अधिकारी हरिराज सिंह सहित कृषि विभाग एवं केवी कोटवा के वैज्ञानिक एवं कर्मचारी, सम्मानित व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

डाकघर कार्यालय में पांच को लगेगी डाक अदालत

आजमगढ़। प्रवर अधीक्षक डाकघर बीके पाण्डेय ने बताया कि डाक उपभोक्ताओं की समस्याओं एवं शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से 5 नवंबर को अपराह्न 3 बजे प्रवर अधीक्षक डाकघर के कार्यालय में डाक अदालत का आयोजन किया जाएगा। डाक अदालत में डाक सेवाओं से संबंधित विभिन्न परिवादों एवं शिकायतों की सुनवाई कर उनका निस्तारण किया जाएगा।

दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

DELHI TECHNOLOGICAL UNIVERSITY

Established by Govt. of NCT of Delhi vide Act 6 2009
(Formerly Delhi College of Engineering)
Shahbad Daulatpur, Bawana Road, Delhi- 110042

F.DTU/Rectt./Assistant Prof./2026/F-1018/5603 — Dated: 22/10/2026

Advertisement Notice No. 04/2026

RECRUITMENT FOR THE POSTS OF ASSISTANT PROFESSOR INCLUDING BACKLOG VACANCIES WITH SPECIAL DRIVE FOR PwBD CATEGORY

Opening Date & Time for Submission of Online Applications: - 23rd October, 2026 from 11:00 AM onwards
Closing Date & Time for Submission of Online Applications: - 07th December, 2026 till 05:00 PM

Delhi Technological University is a teaching-cum-research University committed to foster excellence in education, research, technology incubation, product innovation, outreach and extension activities in Engineering, Management, and Applied Sciences. The University invites applications from the talented individuals to fill up the posts of Assistant Professor on direct mode of recruitment. The details of the vacancy position are as given below:

S. No.	Discipline	UR	SC	ST	OBC	EWS	Total Vacant posts	PwBD*
A	B	C	D	E	F	G	H	I
1.	Applied Chemistry	0	1	0	3	0	4	0
2.	Chemical Engineering	1	0	1	2	0	4	0
3.	Applied Mathematics	4	1	0	3	3	11	1
4.	Mathematics & Computing	1	0	0	1	0	2	0
5.	Applied Physics	7	2	2	3	1	15	1
6.	Engineering Physics	1	2	0	6	2	11	1
7.	Automobile Engineering	6	1	1	2	2	12	1
8.	Civil Engineering	7	2	2	6	3	20	2
9.	Management (DSM)	0	3	2	3	2	10	1
10.	Electronics & Communication Engineering	1	1	0	1	1	4	0
11.	Electrical Engineering	2	1	1	2	2	8	0
12.	Environmental Science & Engineering	3	1	0	2	0	6	1
13.	Humanities (Economics)	1	1	1	2	0	5	0
14.	Humanities (English)	1	0	1	1	0	3	0
15.	Production Engineering	9	3	1	5	2	20	2
16.	Mechanical Engineering	2	4	1	9	2	18	2
17.	Information Technology	1	1	1	6	0	9	1
18.	Software Engineering	2	0	0	1	0	3	0
19.	Computer Science & Engineering	7	1	6	16	6	36	3
20.	Economics (USME)	0	0	0	1	0	1	0
21.	Design	2	0	0	1	0	3	0
22.	Biotechnology	1	1	0	2	2	6	1
23.	Geospatial Science#	0	0	1	0	1	2	0
24.	Geospatial Technology#	3	1	0	2	0	6	0
	Total	62	27	21	80	29	219	17

* For applicable Benchmark Disability for these posts, reference be made to the detailed advertisement available at the university website i.e. www.dtu.ac.in.
# The regularisation of incumbents against these posts shall be after the application for creation, approval and sanction of these posts, as at present these posts have been borrowed from the sanctioned posts of other disciplines.
The above-mentioned vacancies are provisional and can be varied as per the requirement of the University.
For the detailed advertisement candidates are required to visit the university website i.e. www.dtu.ac.in. The interested candidates are required to fill up the application form through ONLINE mode only available at University website www.dtu.ac.in. Candidates are required to retain a copy of printout of the application form. All further communications related to recruitment will be displayed on the university website from time to time. In this regard, no personal communication will be entertained.

Registrar

रामधनी यादव बने अध्यक्ष, नरेंद्र यादव मंत्री

फूलपुर, आजमगढ़। स्थानीय तहसील परिसर स्थित सभागार में जिला पेंशनर संगठन के पदाधिकारियों की उपस्थिति में तहसील क्षेत्र के पेंशनर्स की बैठक आयोजित की गई। इसमें फूलपुर तहसील स्तरीय पेंशनर संगठन का गठन सर्वसम्मति से किया गया। सदस्यों की ओर से अध्यक्ष पद के लिए रामधनी, मंत्री पद के लिए नरेंद्र यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए राजाराम, उपाध्यक्ष पद के लिए इरशाद अहमद, कोषाध्यक्ष पद के लिए लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता, ऑडिटर पद के लिए कोमल यादव तथा संगठन मंत्री पद के लिए रामजी यादव का नाम प्रस्तावित किया गया। प्रस्तावित सभी नामों पर उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से सहमति जताई। इस अवसर पर जिला मुख्य संरक्षक गिरीश चतुर्वेदी, उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र पांडेय, जिला मंत्री उदयराज उपस्थित रहे।

भाजपा पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष समेत १० नामजद, ११ अज्ञात पर मुकदमा

माहुल, आजमगढ़। अहरौला थाना क्षेत्र के माहुल कस्बे में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान तेज आवाज में डीजे

दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान देर रात तक तेज आवाज में बज रहा था डीजे

बजाने और पुलिस से विवाद के मामले में भाजपा पिछड़ा मोर्चा के लालगंज जिलाध्यक्ष समेत 10 नामजद और 11 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने ध्वनि प्रदूषण और पर्यावरण संरक्षण अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। अब लोगों की नजर अगली कार्रवाई पर टिकी है।

पुलिस के अनुसार 28 अक्टूबर की रात उपनिरीक्षक यश सिंह पटेल पुलिस टीम के साथ दुर्गा प्रतिमा विसर्जन कार्यक्रम में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कस्बा माहुल में तैनात थे। इसी दौरान कुछ आयोजकों की ओर से डीजे प्रतियोगिता के नाम पर तेज आवाज में डीजे बजाया जा रहा था। पुलिस का आरोप है कि तेज ध्वनि से बुजुर्गों, बच्चों, बीमार लोगों और आम नागरिकों को परेशानी हो रही थी। इससे कस्बे में विरोध और असंतोष की स्थिति भी उत्पन्न हो रही थी। आरोप है कि रात करीब 11.20 बजे आयोजकों की ओर से पुलिस के साथ भी विवाद किया गया। इस मामले में पुलिस ने भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के लालगंज जिलाध्यक्ष आशु जायसवाल, अमरजीत निषाद, संजोग सोनकर, अजय बिंद और आनंद अग्रहरि सहित डीजे संचालक मूलचंद यादव, अजय, विजय, सागर और धर्मेंद्र को नामजद किया है। इसके अलावा 11 अज्ञात लोगों के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज किया गया है।

तेज आवाज डीजे से हो चुकी थी व्यवसायी की मौत

माहुल, आजमगढ़। अहरौला थाना क्षेत्र के माहुल बाजार निवासी 55 वर्षीय व्यवसायी मनोज अग्रहरि की पूजा पांडाल में बज रहे साउंड की तेज आवाज से मंगलवार को मौत भी हो गई थी। व्यवसायी के बेटे ने पूजा पांडाल के संचालक पर आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की है। मनोज अग्रहरि माहुल बाजार में दुग्ध उत्पाद के प्रमुख व्यवसायी थे और काफी मिलनसार प्रवृति के थे। उनके पुत्र बंधु अग्रहरि के अनुसार उनके पिता हृदय रोग और शुगर से ग्रसित थे। घर के सामने सड़क के दूसरे किनारे पर एक पूजा पांडाल में देवी प्रतिमा स्थापित की गई थी, जिसमें रोजाना ही तेज आवाज में साउंड से गाना बजाया जाता था, जिससे पिता जी को परेशानी होनी शुरू हो गई। सोमवार को सुबह पिताजी ने पूजा पांडाल के संचालक आनंद गुप्ता को ऐसा करने से मना किया पर पांडाल संचालक पर कोई असर नहीं हुआ। उल्टा ध्वनि को और तेज कर दिया। बंधु ने यह भी आरोप लगाया कि रात भर तेज आवाज में डीजे बजाया। जिससे मंगलवार सुबह उनके पिता मनोज अग्रहरि की हालत खराब हो गई। उसके बाद उन्हें आजमगढ़ के एक निजी चिकित्सालय में ले जाया गया जहां से डाक्टर ने उनकी हालत को गंभीर बताते हुए लखनऊ के लिए रिफर कर दिया। शाम छः बजे लखनऊ ले जाते समय रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।

बाइक की टक्कर से एक की मौत, रिश्तेदार घायल

बलरामपुर, आजमगढ़। मेंहनगर थाना क्षेत्र के गौरा गांव के पास गुरुवार की शाम दो बाइकों की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि उनके साथ बाइक पर सवार रिश्तेदार घायल हो गए। हादसे के बाद दूसरा बाइक सवार अपनी बाइक छोड़कर मौके से फरार हो गया। मेंहनगर थाना क्षेत्र के लौदह इमादपुर गांव निवासी 55 वर्षीय जगेलू राम गुरुवार की शाम अपने रिश्तेदार अवधेश के साथ बाइक से बहन के घर जा रहे थे। मेंहनगर-बिंद्रा बाजार मार्ग पर गौरा गांव के पास पहुंचे ही थे कि पीछे से आ रहे दूसरे बाइक सवार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में जगेलू राम और अवधेश दोनों घायल हो गए। दुर्घटना के बाद दूसरा बाइक सवार अपनी बाइक छोड़कर फरार हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को मेंहनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। वहां चिकित्सकों ने जगेलू राम की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें रेफर कर दिया। परिजनों ने उन्हें शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां शुक्रवार की भोर में उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

दुर्वासा धाम के मुख्य पुजारी के पैर का आपरेशन

पवई, आजमगढ़। दुर्वासा धाम के मुख्य पुजारी संत राम बालक दास जी उर्फ हाकिम बाबा के सफल ऑपरेशन की खबर से उनके अनुयायियों और शुभचिंतकों ने राहत की सांस ली है। दुर्वासा धाम के महामंडलेश्वर परम पूज्य ब्रह्मर्षि बाबा रामलाल दास मौनी जी महाराज के अनन्य शिष्य एवं धाम के मुख्य पुजारी हाकिम बाबा के पैर का ऑपरेशन शुक्रवार की सुबह डाक्टर दीपक सिंह गहजी के सानिध्य में जौनपुर के पॉलीटेक्निक चौराहा स्थित पार्थ हॉस्पिटल में डा. सुभाष सिंह एवं उनकी टीम ने किया।

अंतरजनपदीय चोर गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

आजमगढ़। देवगांव कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह यादव, एसआई सुल्तान खान व शकील अहमद खान की टीम ने गुरुवार को आधी रात बाद लगभग पौने दो बजे मेहनाजपुर रोड स्थित मोलनापुर ओवरब्रिज के नीचे से अंतर्जनपदीय चोर गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल, चांदी की 3 जोड़ी पायल,15 बिछिया, एक चेन, 1,510 नकदी, तमंचा, कारतूस बरामद किया। पकड़े गए आरोपियों में संजय राय पुत्र अकबल बहादुर निवासी रामचन्द्रपुर, सुमित उर्फ सोनू सिंह पुत्र सत्यदेव सिंह निवासी अहिरौली, थाना मेंहनगर तथा संतोष सिंह पुत्र स्व. चन्द्रप्रकाश सिंह निवासी तिलहुआ, थाना निजामाबाद शामिल हैं। तीनों पर जनपद एवं जौनपुर सहित विभिन्न थानों में आपराधिक इतिहास पाया गया।

चोरी की मोटरसाइकिल, सोने-चांदी के आभूषण, नकदी व पिस्तौल-कारतूस बरामद

देवगांव क्षेत्र के ग्राम गोपालपुर सोठौली निवासी रामाशंकर यादव पुत्र जयराम यादव के घर के मुख्य द्वार के पास 30 सितंबर की रात बरामदे में खड़ी स्प्लेंडर मोटरसाइकिल, दो टीवी एवं अन्य घरेलू सामान चोरी कर लिया गया था। इसी क्रम में 10 अक्टूबर को ग्राम कंजहित निवासी शिवशंकर पुत्र स्व. दयाराम के घर में घुसकर बक्से में रखे सोने-चांदी के आभूषण, नकदी एवं अन्य सामान चोरी कर लिया गया था।

दीपावली से पहले ही तैयारी, पटाखा भंडारण में जुटे अवैध कारोबारी

काले कारोबार के लिए कस्बों में किराये के मकान का भी लिया जा रहा सहारा

आजमगढ़। दीपावली के पहले ही पटाखा के अवैध कारोबारी अपनी तैयारी में जुट गए हैं। काले कारोबार

मुनाफे का खेल

मुबारकपुर में पुलिस की छापेमारी में दो लाख रुपये कीमत के पटाखे बरामद

और भंडारण के लिए किराए के मकान का सहारा लिया जा रहा है। मुबारकपुर पुलिस ने इस तरह की जानकारी के बाद किराए के मकान में अवैध रूप से भण्डारित लगभग 2 लाख रुपये कीमत के 323 किलोग्राम पटाखे बरामद किए, लेकिन भनक लगते ही कारोबारी फरार हो गया। सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी सदर ईश्वर लाल

गुर्जर ने बताया कि अवैध पटाखों के भण्डारण के मामले में अभियोग पंजीकृत कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दो पुलिस टीमें गठित की गई। आगामी त्योहारों के दृष्टिगत अवैध पटाखों के भण्डारण एवं बिक्री के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में गुरुवार को थाना मुबारकपुर पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि मोहल्ला पुरारानी स्थित एक किराए के मकान में अवैध रूप से पटाखों का भण्डारण किया गया है। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक शशिचन्द चौधरी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान सहर पत्नी समीर के मकान, जिसे गुलाब गुप्ता पुत्र स्व. कन्हैया गुप्ता निवासी पुरारानी द्वारा किराए पर लिया गया था, के एक कमरे से विभिन्न कम्पनियों एवं ब्राण्ड के कुल

भनक लगने पर कारोबारी फरार, गिरफ्तारी के लिए पुलिस की दो टीमें गठित

323 किलोग्राम अवैध पटाखे बरामद किए गए, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 2 लाख रुपए है। मौके से बरामद 1022 पैकेट फूलझड़ी, 119 पैकेट पाप-अप बम, 18 शॉट रॉकेट 1 पैकेट, मिर्ची बम 445 पैकेट, इलेक्ट्रिक क्रैचर 150 पैकेट, प्राइम क्रैचर 17 पैकेट, रॉकेट 12 पैकेट, चकरी 150 पैकेट, मिनी बुलेट बम 265 पैकेट, मैच बॉक्स 149 पैकेट, अनार 150 पैकेट को पुलिस ने जप्त कर लिया।

अभिरुचि की अभिव्यक्ति (EOI) हेतु आमंत्रण

वर्क बेस्ड लर्निंग (WBL) कार्यक्रम – चरण-II के अंतर्गत प्रशिक्षुओं (Interns) की मेजबानी हेतु संस्थानों का पैनल गठन

सी-डैक, मोहाली (PMU) देशभर के उद्योगों, MSMEs, DPIIT मान्यता प्राप्त स्टार्ट अप्स तथा इन्क्यूबेशन केन्द्रों को वर्क बेस्ड लर्निंग (WBL) कार्यक्रम के अंतर्गत सहभागी बनने हेतु आमंत्रित करता है।

कार्यक्रम का उद्देश्य

यह कार्यक्रम SC, ST, महिला एवं EWS वर्ग के इंजीनियरिंग स्नातकों, MCA एवं M.Sc. विद्यार्थियों/स्नातकों को 6 माह की संरचित औद्योगिक इंटर्नशिप प्रदान कर उन्हें उभरती प्रौद्योगिकियों में व्यावहारिक अनुभव उपलब्ध कराता है

प्रमुख प्रौद्योगिकी क्षेत्र

• कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) • मशीन लर्निंग • साइबर सुरक्षा • IoT • सेमी कंडक्टर एवं इलेक्ट्रॉनिक्स डिज़ाइन • एम्बेडेड सिस्टम • क्लाउड कम्प्यूटिंग • डेटा एनालिटिक्स • डिजिटल हेल्थ • तथा अन्य उभरती प्रौद्योगिकियाँ

कौन आवेदन कर सकता है?

• उद्योग • MSMEs • DPIIT मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स • इन्क्यूबेशन केन्द्र • R&D, विनिर्माण अथवा IT/ESDM के क्षेत्र में कार्यरत तकनिकी संस्थाए

साझेदार बनने के लाभ

- योग्य तकनीकी प्रतिभाओं तक पहुँच
- राष्ट्रीय कौशल विकास में योगदान का अवसर
- अनुसंधान एवं नवाचार परियोजनाओं को सहयोग
- CSR के माध्यम से सामाजिक सहभागिता

मुख्य पात्रता

- न्यूनतम वार्षिक टर्नओवर : ₹2 करोड़
- किसी सरकारी संस्था द्वारा ब्लैक लिस्ट न हो
- तकनीकी अवसंरचना एवं प्रशिक्षकों की उपलब्धता

वित्तीय प्रतिबद्धता

- प्रति प्रशिक्षु मासिक स्टाइपेंड : ₹ 10,000
- उद्योग का योगदान : ₹ 5,000
- WBL प्रोग्राम की प्रतिबद्धता: ₹ 5,000

भारत के भावी तकनीकी कार्यबल के निर्माण में भागीदार बनें।

विस्तृत EOI एवं आवेदन प्रक्रिया हेतु देखें: वेबसाइट: https://www.cdac.in/index.aspx?id=tenders_eoi

wbp@cdac.in | +91-172-237052-55, 6619000 | www.cdac.in

सीडैक CDAC प्रगत संगणन विकास केंद्र (सी-डैक), मोहाली
इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY), भारत सरकार

CBC 06134/11/0001/2627

करेंट की चपेट में आने से आपरेटर की मौत

बीना आवासीय परिसर में मोटर चालू करते समय करेंट की चपेट में आये अमरेन्द्र

बीना(सोनभद्र)। एनसीएल बीना आवासीय परिसर में शुक्रवार की दोपहर करीब साढे बारह बजे पानी की मोटर चालू करते समय करेंट की चपेट में आने से एन.सी.एल बीना कर्मी आपरेटर अमरेंद्र सिंह 49 वर्ष पुत्र स्वर्गीय ओंकारनाथ सिंह की मौत हो गई। बताया गया है कि मृतक दोपहर के समय गाड़ी धोने के लिए पानी की मोटर चालू कर रहे थे। इसी दौरान पाइप में उतरे करेंट की चपेट में आने से गंभीर अवस्था में झुलस गए। घटना की जानकारी होते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और उन्हें वाहन से किसी प्रकार उपचार के लिए अटल अस्पताल बीना पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को मोर्चरी शक्तिनगर में रखवाने के बाद शनिवार को पंचनामा कर पोस्टमार्टम दुद्धी भेजने को कहा।

दुद्धी को जिला, अनपरा-पिपरी को तहसील का दर्जा की मांग

रेणुकूट(सोनभद्र)। दुद्धी को जिला बनाने तथा अनपरा व पिपरी को तहसील का दर्जा देने की मांग को लेकर शुक्रवार को एक बार फिर क्षेत्रीय आवाज बुलंद हुई। मोर्चा के अध्यक्ष पारसनाथ गुप्त ने उप जिलाधिकारी अशोक कुमार गुप्ता को ज्ञापन सौंपकर सरकार से शीघ्र निर्णय लेने की मांग की। इस मौके पर प्रमोद जायसवाल, सुनील गुप्ता, सुशील गुप्ता, रमेश जायसवाल, संजय तिवारी, विवेक केशरी समेत कई लोग मौजूद रहे।

चार वारंटी गिरफ्तार

रेणुकूट(सोनभद्र)। पिपरी थाने की पुलिस ने शुक्रवार को फरार चल रहे चार वारंटियों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। पुलिस ने बताया कि एनबीडब्ल्यू वारंट के तहत चार वारंटी क्रमशः हीरालाल यादव पुत्र फूलचंद्र, अकबरी पत्नी मनराखन, देवकली पत्नी बाबू नंदन तथा मनीर यादव उर्फ मन्नीलाल पुत्र गणेश निवासीगण सेंदुर टोला कुर्लिहवा थाना पिपरी फरार चल रहे थे। पुलिस ने चारों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

मारपीट कर रहे तीन युवक गिरफ्तार

रेणुकूट(सोनभद्र)। पिपरी थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मारपीट के आरोप में तीन युवकों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, मुर्धवा मोड़ पर तीन युवकों के बीच मारपीट होने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पिपरी पुलिस ने स्थिति को संभालते हुए मारपीट कर रहे तीनों युवकों को हिरासत में ले लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रोहित यादव पुत्र राम आशीष यादव निवासी विश्वकर्मा नगर, रेणुकूट, मिथिलेश कुमार पुत्र राकेश विश्वकर्मा निवासी जेपी कॉलोनी, रेणुकूट तथा बदल सिंह पुत्र अनंत कुमार सिंह निवासी कृष्ण मंदिर के पीछे, रेणुकूट के रूप में हुई है।

घर का ताला तोड़कर नकदी, जेवरात चोरी

दुद्धी(सोनभद्र)। स्थानीय कस्बे के डीसीएफकालोनी में एक सूने घर को चोरों ने अपना निशाना बनाया। घर में चोरी की इस घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के इलाकों और पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। पीड़ित आरुण यादव पुत्र त्रिपुरारी यादव ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ अपने नाना के घर ब्रम्हभोज कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गए थे। जब वह कार्यक्रम से वापस अपने घर लौटे, तो उन्होंने देखा कि घर के पीछे का ताला टूटा हुआ था। चोर घर के अंदर घुसकर अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे कीमती सामान और नकदी उठा ले गए। बीस हजार रुपये नगद,दो सोने की चेन, दो जोड़ी चांदी की पायल, एक सोने की अंगूठी, कान का झुमका, दो साड़ियां, पैर का बिछिया चोरी हुई है। चौकी प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि घटना की सूचना अभी तक नही मिली है। मामले को संज्ञान में लेकर जांच की जाएगी।

डायट में संविधान संवाद नोडल टीचर ट्रेनिंग प्रोग्राम

सोनभद्र। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में संविधान संवाद नोडल टीचर ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में राहुल, सिविल जज (सी0डि0)/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनभद्र शमशेर बहादुर सिंह, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल (एलएडीसी) सत्यारमण त्रिपाठी, डिप्टी चीफ एलएडीसी जयप्रकाश, असिस्टेंट एलएडीसी, अरुण कुमार यादव, शिक्षक संत कीनाराम विधि महाविद्यालय, आशुतोष पाठक, शिक्षक मां भगवती विधि महाविद्यालय तथा सुश्री सांभवी पाण्डेय, शिक्षक विन्ध्य विधि महाविद्यालय सहित लगभग 60 नोडल शिक्षक उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षकों द्वारा नोडल शिक्षकों को संविधान संवाद कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इसके साथ ही संविधान निर्माण, मौलिक अधिकार एवं संवैधानिक उपचार, मौलिक कर्तव्य, राज्य के अंग एवं चुनाव प्रक्रिया, निःशुल्क विधिक सहायता, लोक अदालत, हेल्पलाइन नंबर तथा बच्चों के शिक्षा संबंधी कानूनों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त संविधान संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं के संबंध में भी नोडल शिक्षकों को अवगत कराया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने वृद्धाश्रम का किया निरीक्षण

वृद्धजनों को उनके अधिकारों, कल्याणकारी योजनाओं के प्रति किया जागरूक

सोनभद्र। राहुल सिविल जज (सी0डि0)/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित वृद्धाश्रम का निरीक्षण कर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। निरीक्षण के दौरान वृद्धाश्रम के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे तथा वृद्धाश्रम में कुल 46 वृद्धजन निवासरत पाए गए। इस अवसर पर सचिव द्वारा उपस्थित वृद्धजनों को उनके विधिक अधिकारों की जानकारी देते हुए बताया गया कि वृद्धावस्था में आने वाली समस्याओं के समाधान के लिए भारत सरकार द्वारा विभिन्न नीतियां एवं कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने अभिभावकों एवं वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण एवं कल्याण से संबंधित कानूनों की जानकारी देते हुए बताया कि माता-पिता एवं दादा-दादी को अपने बच्चों से आवश्यकतानुसार भरण-पोषण भत्ता प्राप्त करने का कानूनी अधिकार है। इसके साथ ही वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम, 2007 के प्रावधानों तथा शासन द्वारा संचालित वृद्धावस्था पेंशन एवं चिकित्सा संबंधी योजनाओं के प्रति भी जागरूक किया गया।

अर्नब तूफान से खेतों में खड़ी धान की फसल लोटी

सैकड़ों एकड़ धान की फसल बर्बाद, करीब ३६ घंटे तक होती रही लगातार बारिश पारा लुढ़का, ठंड बढ़ी, किसान चिंतित

सोनभद्र/करमा। बंगाल की खाड़ी में उठे चक्रवाती तूफ ान अर्नब का असर जिले में शुक्रवार को भी रहा। गुरूवार की अलसुबह से शुरू हुई बारिश करीब 36 घंटे तक लगातार होती रही। शुक्रवार की दोपहर बाद तक कहीं जाकर बारिश थमी। दो दिनों तक तेज हवा के साथ लगातार हो रही बारिश के चलते खेतों में खड़ी धान की खेतों में ही पसर गई है।



सैकड़ों एकड़ धान की बर्बाद हो गई है। वहीं दिनभर आसमान में बादल छाए रहने से सूर्य के दर्शन नहीं हुए। मौसम में बदलाव के कारण तापमान गिर गया। पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में बारिश होने से तापमान में गिरावट आई है। शुक्रवार से बारिश की तीव्रता में कमी आएगी, हालांकि कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। रविवार से मौसम सामान्य होने की संभावना है। करमा ब्लॉक के सभी ग्राम पंचायत सहित जनपद के कई अन्य ब्लाकों के अधिकांश गांवों में धान की फसल खेतों में गिर गई। 30 और 31 अक्टूबर को भी तेज हवाओं और बारिश की आशंका से किसान चिंतित हैं। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ के निर्देश पर कलेक्ट्रेट स्थित आपदा कंट्रोल रूम को 24 घंटे सक्रिय कर दिया गया है। आपात स्थिति में लोग टोल-फ्री नंबर 1077 पर संपर्क कर सकते हैं। कंट्रोल रूम में कर्मचारियों की पाली वार तैनाती की गई है, ताकि आपात सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जा सके। शुक्रवार से बारिश की तीव्रता में कमी आई है। हालांकि कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश होती रही है। रविवार से मौसम सामान्य होने की संभावना प्रकट की जा रही है। **मारकुंडी संवाददाता के अनुसार-** अर्नब तूफान के असर से लगातार दूसरे दिन हुई बारिश और तेज हवाओं ने किसानों की मेहनत पर पानी फेरना शुरू कर दिया है। गुरुवार को दिनभर रुक-रुककर हुई बारिश के साथ चली तेज हवाओं ने महुआव, रजधन, बेलकप, चिरूहुली, केवटा, पथरहा, कुरहुल, अदलगंज समेत आसपास के गांवों में धान की तैयार फसल को खेतों में गिरा दिया। कटाई के ऐन समय पर फसल गिरने और खेतों में पानी भरने से किसानों के सामने नई मुसीबत खड़ी हो गई है। बारिश के चलते खेतों में जलभराव होने से गिरी हुई फसल के सड़ने तथा धान की गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। किसान देवेंद्र दत्त, राजाराम पाठक, अनिल दत्त, रामबिलास गुप्ता, कन्हैयालाल पाठक, आलोक पांडेय, सोनू दूबे, बंशी मौर्या, नंदलाल, राजाराम, अशोक धर, संपूर्णानंद ने प्रशासन से प्रभावित गांवों और खेतों का स्थलीय सर्वेक्षण कराने की मांग की है।

११ हजार ५६७ वाहन स्वामी परिवहन टैक्स के बकायेदार

विशेष कैम्प में बकाया टैक्स जमा कर पायें विशेष छूट का लाभ

सोनभद्र। जनपद में वाहन टैक्स की बकायेदारी का आंकड़ा 89 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। हैरानी की बात यह है कि 11हजार 567 वाहन स्वामी बकाया टेक्स जमा करने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। परिवहन विभाग की ओर से बकायेदारों को नोटिस जारी करने के बाद आरसी (रिकवरी सर्टिफिकेट) तक जारी की जा चुकी है, इसके बावजूद बकाया वसूली की रफ्तार संतोषजनक नहीं है। बकाया वसूली में तेजी लाने और वाहन स्वामियों को राहत देने के उद्देश्य से परिवहन विभाग की ओर से 31 अक्टूबर को कार्यालय परिसर में विशेष कैंप आयोजित किया जाएगा। जिसमें शासन की ओर से निर्धारित व्यवस्था के तहत बकाया वाहन टैक्स की पेनाल्टी में छूट का लाभ देने और बकाये का निस्तारण करने की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। परिवहन विभागीय के आंकड़ों के मुताबिक बड़े बकायेदारों में सौरभ सिंह, बालाजी मिनरल्स प्राइवेट लिमिटेड की पांच गाड़ियां, नीलम ग्रुप, आशुतोष कुमार पाठक, अभिषेक और नीरज कुमार के नाम शामिल हैं। इन बकायेदारों पर विभाग की विशेष नजर है। विभाग की ओर से पहले ही नोटिस जारी कर बकाया जमा करने के लिए कहा जा चुका है, लेकिन कार्रवाई के बावजूद कई वाहन स्वामियों ने अब तक टैक्स जमा नहीं किया है। एआरटीओ कौशल कुमार सिंह ने बताया कि बकाया टैक्स की वसूली को लेकर विभाग गंभीर है। वाहन स्वामियों को नोटिस जारी करने के साथ ही बकायेदारों के खिलाफ आरसी भी जारी कराई जा चुकी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिलाधिकारी से मिलकर आरसी जारी होने के बाद भी बकाया जमा नहीं करने वाले वाहन स्वामियों के विरुद्ध नीलामी और कुर्की जैसी प्रभावी कार्रवाई कराई जाएगी। उन्होंने सभी बकायेदारों से अपील किया कि 31 अक्टूबर को आयोजित विशेष कैंप में पहुंचकर पेनाल्टी में छूट का लाभ लें और अपने बकाये टैक्स का भुगतान करें।

अंडरग्राउंड रेलवे पुलिया में जलजमाव, गमनागमन बाधित

तीन दिनों से पुलिया के नीचे भरा है पानी, चलना हुआ मुश्किल

मारकुंडी(सोनभद्र)। मारकुंडी-गुरमा जिला जेल मुख्य मार्ग स्थित अंडरग्राउंड रेलवे पुलिया के नीचे जलजमाव होने से आवागमन प्रभावित हो गया है। पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश और पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण पुलिया के नीचे अत्यधिक पानी जमा हो गया है। इससे छोटे-बड़े वाहनों के साथ पैदल राहगीरों, साइकिल सवारों, रिक्शा चालकों और स्कूली छात्र-छात्राओं को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, पुलिया के नीचे जमीन से भी लगातार पानी का रिसाव हो रहा है, जिससे जलस्तर दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। जलजमाव के कारण कई छोटे वाहनों के चेंबर और साइलेंसर में पानी घुसने से वाहन खराब हो रहे हैं। वहीं, स्कूली बच्चों और राहगीरों को पानी के बीच से गुजरने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सूरज यादव, मदन मोहन यादव, सुरेंद्र यादव, राकेश मिश्रा, प्रशांत कुमार मिश्रा ने अधिकारियों से अविलंब जल निकासी की व्यवस्था कराये जाने की मांग की है।

पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक विकास की पहल का टीम ने किया स्थलीय निरीक्षण

एनटीपीसी सिंगरौली में सीआईआई,आईटीसी सस्टेनेबिलिटी अवार्ड्स का हुआ चार दिवसीय मूल्यांकन

शक्तिनगर(सोनभद्र)। एनटीपीसी सिंगरौली में 26 अक्टूबर से चल रहे सीआईआई,आईटीसी सस्टेनेबिलिटी अवॉर्ड्स के तहत कॉरपोरेट उत्कृष्टता श्रेणी का चार दिवसीय मूल्यांकन कार्य 29 अक्टूबर को समापन हुआ। इस दौरान मूल्यांकन टीम ने संयंत्र की कार्यप्रणाली, पर्यावरण प्रबंधन, व्यावसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, प्रचालन उत्कृष्टता तथा कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व सीएसआर से जुड़ी गतिविधियों का विस्तृत जायजा लिया। मूल्यांकन टीम में टीम लीडर विवेक कुमार सिंह के साथ मोनिका जैन एवं बृजेश मिश्रा शामिल रहे। टीम ने विभिन्न विभागों और कार्यस्थलों का निरीक्षण कर एनटीपीसी सिंगरौली की सतत विकास संबंधी पहलों की जानकारी प्राप्त की। साथ ही कॉरपोरेट सीएसआर के उच्च प्रबंधन के साथ भी संवाद किया। मूल्यांकन के दौरान टीम ने ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित सीएसआर योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण कर लाभार्थियों से सीधा संवाद किया। इसमें सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिलाओं, बालिका सशक्तीकरण अभियान की पूर्व प्रतिभागियों, ग्रामीण क्वालिटी सर्किल, मशरूम उत्पादन, ब्यूटीशियन प्रशिक्षण एवं जेसीबी ऑपरेटर प्रशिक्षण से जुड़े लाभार्थियों से बातचीत की गई। टीम ने इन योजनाओं के माध्यम से महिलाओं एवं युवाओं को मिल रहे कौशल विकास, स्वरोजगार और आजीविका के अवसरों का आकलन किया। वहीं, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 29 अक्टूबर को कर्मचारी विकास केंद्र में गणित मेले का आयोजन किया गया। इसमें कंपोजिट विद्यालय तारापुर एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय कहरौल के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। बच्चों ने गणितीय गतिविधियों और विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी रचनात्मकता, तार्किक क्षमता एवं व्यावहारिक ज्ञान का प्रदर्शन किया। चार दिवसीय मूल्यांकन का समापन प्रशासनिक भवन में आयोजित बैठक के साथ हुआ। बैठक में महाप्रबंधक अगम प्रकाश तिवारी सहित अन्य महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं कॉरपोरेट सीएसआर के प्रतिनिधि मौजूद रहे। मूल्यांकन प्रक्रिया का समन्वय अपर महाप्रबंधक वामसी मोहन तथा उप महाप्रबंधक अभय प्रताप सिंह ने किया।

सपा की जीत ने शिक्षित मतदाता बदलाव चाहती का दिया संदेश

सोनभद्र। समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर शुक्रवार को पत्रकार वार्ता करते हुए सांसद छोटेलाल सिंह खरवार ने कहा कि विधान परिषद स्नातक आशुतोष सिंह एवं शिक्षक लाल बिहारी यादव की दोनों सीटों पर ऐतिहासिक चुनाव के नतीजे भाजपा सरकार के जन विरोधी तथा पीडीए विरोधी नीतियों के खिलाफ शिक्षित वर्ग का खुला जनादेश है। समाजवादी पार्टी की जीत ने यह संदेश दिया है कि शिक्षित मतदाता बदलाव चाहती है। सांसद श्री खरवार ने कहा कि उत्तर प्रदेश की पांच विधान परिषद सीटों पर समाजवादी पार्टी के माननीयों की जीत समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की नीतियों एवं नेतृत्व की जीत है। आगामी दिनों में इसी आधार पर समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश में सरकार बनाएगी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष राम निहोर यादव, राजेन्द्र सिंह पटेल, विजय यादव, मो. सईद कुरैशी, अनिल यादव मौजूद रहे।

नवीकरणीय ऊर्जा प्रबंधन में एआई के अनुप्रयोग पर आयोजित

प्रमाण पत्र स्मृति चिन्ह वितरण के साथ हुआ कार्यक्रम का समापन

सोनभद्र। स्मार्ट नवीकरणीय ऊर्जा प्रबंधन में एआई के अनुप्रयोग पर आयोजित पांच दिवसीय कार्यक्रम का शुक्रवार को समापन हो गया। राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, सोनभद्र के विद्युत अभियांत्रिकी विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम 26 से 30 अक्टूबर तक चला। कार्यक्रम के अंतिम दिन, आईबीएम इंडिया सिस्टम्स में फुल स्टैक डेवलपर सुश्री समृद्धि सिंह ने एक प्रेरणादायक भाषण दिया, जिसमें उन्होंने छात्र प्रतिभागियों को अपनी पढ़ाई के दौरान अपने तकनीकी और पारस्परिक कौशल में सुधार और निखार लाने के लिए प्रोत्साहित किया, ताकि वे रोजगार योग्य और नौकरियों के लिए तैयार हो सकें। कार्यक्रम के वैलिडिक्ट्री सत्र में, कार्यक्रम की आयोजन सचिव डॉ. भावना अरोड़ा ने अतिथियों, प्रतिनिधियों, कार्यक्रम के आयोजकों, संकाय सदस्यों और छात्र प्रतिभागियों का स्वागत किया। आरईसी सोनभद्र के निदेशक प्रो. के. एस. वर्मा ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आयोजन टीम के प्रयासों की सराहना की और कार्यक्रम के दौरान सक्रिय भागीदारी और संवाद के लिए प्रतिभागियों को बधाई दी। कार्यक्रम के संयोजक और विद्युत अभियांत्रिकी विभाग के अध्यक्ष राम ईश्वर वैस ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कड़ी मेहनत और महान प्रयास करने हेतु सभी समन्वयकों और आयोजन समिति के सदस्यों को धन्यवाद दिया। उन्होंने प्रतिभागियों को अपने सीखने के प्रयासों को जारी रखने के लिए प्रेरित किया ताकि ऐसे आयोजन उनके ज्ञान के आधार को बढ़ाने में मूल्यवान कौशल प्राप्त करने और उन्हें समाज में चुनौतीपूर्ण भूमिकाओं के लिए तैयार करने में मदद कर सकें। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. अनुराग सेवक ने भी पांच दिवसीय कार्यक्रम के सफल समापन पर आयोजकों और प्रतिभागियों को बधाई दी तथा कार्यक्रम के दौरान आयोजित सभी तकनीकी सत्रों की एक विस्तृत संक्षिप्त रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने आईआईटी, एनआईटी और प्रमुख उद्योगों जैसे विभिन्न संस्थानों के सभी विशेषज्ञ वक्ताओं को ज्ञानवर्धक सत्र प्रदान करने के लिए धन्यवाद दिया। पांच दिवसीय कार्यक्रम का समापन अतिथियों और आयोजकों को स्मृति चिन्ह तथा प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भेंट करके हुआ। स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र वितरण का संचालन डॉ. भावना अरोड़ा द्वारा किया गया। अंत में, डॉ. आशीष रंजन मिश्रा ने कार्यक्रम के सभी अतिथियों, विशेषज्ञ वक्ताओं, संयोजक, समन्वयकों, आयोजन सचिवों, आयोजन समिति के अन्य सदस्यों और प्रतिभागियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान कुलसचिव डॉ. आमोद कुमार तिवारी, इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष डॉ. डी. के. त्रिपाठी, डीन एकेडमिक्स डॉ. हिमांशु कटियार, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. पी. के. वर्मा, डॉ. मैनेजर यादव, दीपक सिग्रोहा, सिकंदर, डॉ. राखी यादव, डॉ. रवि प्रताप सिंह, डॉ. विकास तिवारी, आसिफ खान, रवि प्रताप सिंह, सोनू सिंह, पद्माकर त्रिपाठी, सुश्री खुशबू सिंह, सुश्री शालिनी, विकास पांडेय, रोहित शुक्ला, अमित सिंह, विजय कुमार, विकास त्रिपाठी, राजेश पटेल एवं शुभम वर्मा उपस्थित रहे।

दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
DELHI TECHNOLOGICAL UNIVERSITY
Established by Govt. of NCT of Delhi vide Act 6 2009
(Formerly Delhi College of Engineering)
Shahbad Daulatpur, Bawana Road, Delhi- 110042

F.DTU/Rectt./Assistant Prof./2026/F-1018/5603 Dated: 22/10/2026

Advertisement Notice No. 04/2026

RECRUITMENT FOR THE POSTS OF ASSISTANT PROFESSOR INCLUDING BACKLOG VACANCIES WITH SPECIAL DRIVE FOR PwBD CATEGORY

Opening Date & Time for Submission of Online Applications: - 23rd October, 2026 from 11:00 AM onwards
Closing Date & Time for Submission of Online Applications: - 07th December, 2026 till 05:00 PM

Delhi Technological University is a teaching-cum-research University committed to foster excellence in education, research, technology incubation, product innovation, outreach and extension activities in Engineering, Management, and Applied Sciences. The University invites applications from the talented individuals to fill up the posts of Assistant Professor on direct mode of recruitment. The details of the vacancy position are as given below:

S. No.	Discipline	UR	SC	ST	OBC	EWS	Total Vacant posts	PwBD*
A	B	C	D	E	F	G	H	I
1.	Applied Chemistry	0	1	0	3	0	4	0
2.	Chemical Engineering	1	0	1	2	0	4	0
3.	Applied Mathematics	4	1	0	3	3	11	1
4.	Mathematics & Computing	1	0	0	1	0	2	0
5.	Applied Physics	7	2	2	3	1	15	1
6.	Engineering Physics	1	2	0	6	2	11	1
7.	Automobile Engineering	6	1	1	2	2	12	1
8.	Civil Engineering	7	2	2	6	3	20	2
9.	Management (DSM)	0	3	2	3	2	10	1
10.	Electronics & Communication Engineering	1	1	0	1	1	4	0
11.	Electrical Engineering	2	1	1	2	2	8	0
12.	Environmental Science & Engineering	3	1	0	2	0	6	1
13.	Humanities (Economics)	1	1	1	2	0	5	0
14.	Humanities (English)	1	0	1	1	0	3	0
15.	Production Engineering	9	3	1	5	2	20	2
16.	Mechanical Engineering	2	4	1	9	2	18	2
17.	Information Technology	1	1	1	6	0	9	1
18.	Software Engineering	2	0	0	1	0	3	0
19.	Computer Science & Engineering	7	1	6	16	6	36	3
20.	Economics (USME)	0	0	0	1	0	1	0
21.	Design	2	0	0	1	0	3	0
22.	Biotechnology	1	1	0	2	2	6	1
23.	Geospatial Science#	0	0	1	0	1	2	0
24.	Geospatial Technology#	3	1	0	2	0	6	0
	Total	62	27	21	80	29	219	17

* For applicable Benchmark Disability for these posts, reference be made to the detailed advertisement available at the university website i.e. www.dtu.ac.in.
# The regularisation of incumbents against these posts shall be after the application for creation, approval and sanction of these posts, as at present these posts have been borrowed from the sanctioned posts of other disciplines.
The above-mentioned vacancies are provisional and can be varied as per the requirement of the University.
For the detailed advertisement candidates are required to visit the university website i.e. www.dtu.ac.in. The interested candidates are required to fill up the application form through ONLINE mode only available at University website www.dtu.ac.in. Candidates are required to retain a copy of printout of the application form. All further communications related to recruitment will be displayed on the university website from time to time. In this regard, no personal communication will be entertained.
Registrar

अभिरुचि की अभिव्यक्ति (EOI) हेतु आमंत्रण

वर्क बेस्ड लर्निंग (WBL) कार्यक्रम – चरण-II के अंतर्गत प्रशिक्षुओं (Interns) की मेजबानी हेतु संस्थानों का पैनल गठन

सी-डैक, मोहाली (PMU) देशभर के उद्योगों, MSMEs, DPIIT मान्यता प्राप्त स्टार्ट अप्स तथा इन्क्यूबेशन केन्द्रों को वर्क बेस्ड लर्निंग (WBL) कार्यक्रम के अंतर्गत सहभागी बनने हेतु आमंत्रित करता है।

कार्यक्रम का उद्देश्य
यह कार्यक्रम SC, ST, महिला एवं EWS वर्ग के इंजीनियरिंग स्नातकों, MCA एवं M.Sc. विद्यार्थियों/स्नातकों को 6 माह की संरचित औद्योगिक इंटर्नशिप प्रदान कर उन्हें उभरती प्रौद्योगिकियों में व्यावहारिक अनुभव उपलब्ध कराता है

प्रमुख प्रौद्योगिकी क्षेत्र
• कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) • मशीन लर्निंग • साइबर सुरक्षा • IoT • सेमी कंडक्टर एवं इलेक्ट्रॉनिक्स डिज़ाइन • एम्बेडेड सिस्टम • क्लाउड कम्प्यूटिंग • डेटा एनालिटिक्स • डिजिटल हेल्थ • तथा अन्य उभरती प्रौद्योगिकियाँ

कौन आवेदन कर सकता है?
• उद्योग • MSMEs • DPIIT मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स • इन्क्यूबेशन केन्द्र • R&D, विनिर्माण अथवा IT/ESDM के क्षेत्र में कार्यरत तकनिकी संस्थाए

साझेदार बनने के लाभ
- योग्य तकनीकी प्रतिभाओं तक पहुँच
- राष्ट्रीय कौशल विकास में योगदान का अवसर
- अनुसंधान एवं नवाचार परियोजनाओं को सहयोग
- CSR के माध्यम से सामाजिक सहभागिता

मुख्य पात्रता
- न्यूनतम वार्षिक टर्नओवर : ₹2 करोड़
- किसी सरकारी संस्था द्वारा ब्लैक लिस्ट न हो
- तकनीकी अवसंरचना एवं प्रशिक्षकों की उपलब्धता

वित्तीय प्रतिबद्धता
- प्रति प्रशिक्षु मासिक स्टाइपेंड : ₹ 10,000
- उद्योग का योगदान : ₹ 5,000
- WBL प्रोग्राम की प्रतिबद्धता: ₹ 5,000

भारत के भावी तकनीकी कार्यबल के निर्माण में भागीदार बनें।

विस्तृत EOI एवं आवेदन प्रक्रिया हेतु देखें: वेबसाइट: https://www.cdac.in/index.aspx?id=tenders_eoi
wbp@cdac.in +91-172-237052-55, 6619000 www.cdac.in

सीडैक CDAC प्रगत संगणन विकास केंद्र (सी-डैक), मोहाली
इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY), भारत सरकार

CBC 06134/11/0001/2627

बारिश, तेज हवाओं ने किसानों की मेहनत पर फेरा पानी

खेतों में बिछी धान की फसल, मटर की बुआई भी प्रभावित, ३० से ४० फीसदी तक पैदावार घटने की आशंका

बलिया। पिछले 24 घंटे से रुक-रुककर हो रही बारिश और तेज हवा ने जिले के किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। बेमौसम बारिश से जहां खेतों में तैयार धान की फसल गिरकर जमीन पर बिछ गई है, वहीं रबी की फसलों की बुआई भी प्रभावित हुई है। इससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान की आशंका है। खेजुरी थाना क्षेत्र के हरिपुर, खड़सरा, खेजुरी, विषहर, अखैनी सहित आसपास के गांवों में धान की फसल खेतों में गिर गई है। किसानों अशोक कुमार शर्मा, सुभाष यादव, अमरदीप शर्मा, अजीत यादव, राजकुमार, जितेंद्र, फूलन शर्मा, रणवीर यादव और बब्बन का कहना है कि फसल तैयार होने के समय मौसम की मार ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। गिरी हुई फसल की बालियों में नमी बढ़ने से गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका है। उधर, नरहीं और गड़हांचल क्षेत्र में भी बारिश ने व्यापक नुकसान पहुंचाया है। किसान अमरनाथ राय, शशिभूषण राय और मनोज राय ने बताया कि उन्होंने 50 से 100 बीघा तक मटर की बुआई की थी, लेकिन बारिश से बीजों के अंकुरण पर संकट खड़ा हो गया है। दोबारा बुआई करनी पड़ सकती है। गंगहरा के देवनाथ यादव की दस बीघा धान की फसल भी गिर गई है। कृषि विज्ञान केंद्र सोहांव के वैज्ञानिक डॉ. सोमेन्द्र नाथ ने बताया कि धान की फसल गिरने से 30 से 40 फीसदी तक पैदावार प्रभावित हो सकती है। दलहनी फसलों को भी नुकसान पहुंचेगा। किसानों ने प्रशासन से फसलों का सर्वे कराकर नियमानुसार मुआवजा देने की मांग की है।

बारिश होते ही सोनाडीह फीडर बेपटरी, २१ घंटे से बिजली गुल

बिल्थरारोड (बलिया)। स्थानीय अवायां विद्युत उपकेंद्र से संचालित सोनाडीह फीडर की बिजली व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में है। गुरुवार की रात करीब आठ बजे से सोनाडीह फीडर की बिजली गुल है। शुक्रवार शाम करीब पांच बजे तक समाचार लिखे जाने तक आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी थी। यानी करीब 21 घंटे से अधिक समय तक क्षेत्र अंधेरे में रहा।लगातार बारिश और तेज हवा के बीच बिजली आपूर्ति ठप होने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। घरों में अंधेरा छाने के साथ ही बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर भी लोगों में चिंता बनी रही। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के मौसम में घरों में जहरीले कीड़े-मकोड़े और बिच्छू निकलने का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में लंबे समय तक बिजली गुल रहना गंभीर समस्या बन जाता है। इस संबंध में विद्युत विभाग के जेई राम विलास खरवार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि फाल्ट होने के कारण बिजली आपूर्ति बाधित है। कर्मचारियों द्वारा लगातार फाल्ट तलाशा जा रहा है। फाल्ट मिल जाने के बाद उसे ठीक कर आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। हालांकि, फाल्ट कब तक मिलेगा और बिजली आपूर्ति कब तक बहाल होगी, इसकी स्पष्ट समयसीमा विभाग की ओर से नहीं बताई गई।हर बार एक ही जवाब फाल्ट है, खोजा जा रहा है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि सोनाडीह फीडर में यह समस्या कोई नई बात नहीं है। थोड़ी सी बारिश या तेज हवा चलते ही बिजली व्यवस्था चरमरा जाती है। ग्रामीणों के मुताबिक जब भी बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों से आपूर्ति बाधित होने के बारे में जानकारी मांगी जाती है, तो अक्सर एक ही जवाब मिलता है।फाल्ट है, खोजा जा रहा है।

११४ कुंतल सरकारी राशन गायब, कोटेदार पर मुकदमा दर्ज

बांसडीह (बलिया)। सरकारी राशन की कालाबाजारी और वितरण में अनियमितता के मामले में प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। नकहरा तिवारी गांव के कोटेदार अजीत कुमार के खिलाफ शुक्रवार को बांसडीह कोतवाली में आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया है। जिलाधिकारी की अनुमति के बाद क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी राजेश कुमार मिश्र ने पुलिस को तहरीर दी। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी के अनुसार, ग्राम प्रधान अजय कुमार की शिकायत पर 29 अक्टूबर को राशन दुकान और गोदाम का निरीक्षण किया गया। विभागीय पोर्टल और ई-पॉश मशीन के रिकॉर्ड के मुताबिक दुकान पर 23.14 कुंतल गेहूं, 82.12 कुंतल चावल, 9.51 कुंतल मक्का और 18 किलो चीनी का स्टॉक होना चाहिए था। यानी कुल 114.77 कुंतल खाद्यान्न उपलब्ध होना चाहिए था, लेकिन भौतिक सत्यापन में दुकान और गोदाम पूरी तरह खाली मिले। स्टॉक एवं बिक्री रजिस्टर भी उपलब्ध नहीं कराया गया। जांच के दौरान मौजूद 17 कार्डधारकों और उनके परिजनों ने बताया कि उन्हें पिछले तीन-चार माह से राशन नहीं मिल रहा था। राशन मांगने पर स्टॉक नहीं होने की बात कहकर लौटा दिया जाता था और उन्हें दूसरे गांवों की दुकानों से राशन लेना पड़ता था। जांच में जून से सितंबर तक राशन वितरण प्रतिशत बेहद कम मिलने तथा अक्टूबर में 29 तारीख तक महज 2.33 प्रतिशत वितरण होने की पुष्टि हुई। पूर्व में जारी स्पष्टीकरण नोटिस का भी जवाब नहीं दिया गया था। कोतवाल राकेश कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे हादसे में चौथे की भी मौत

तीन घरों के बुझ गये चिराग

नरहीं (बलिया)। गाजीपुर जिले के जंगीपुर क्षेत्र के शेखपुर के पास ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे पर हुए भीषण सड़क हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर चार हो गई है। शुक्रवार की सुबह वाराणसी के शिवपुर निवासी मामा रत्नेश मिश्रा (40) ने लखनऊ के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे में पहले ही क्षमा उपाध्याय, उनके बेटे अनमोल और मौसेरे भाई मनोज चौबे की मौत हो चुकी थी। स्कार्पियो चालक रमेश वर्मा (32) का बीएचयू ट्रामा सेंटर में उपचार चल रहा है। बताया जाता है कि नरहीं गांव से पांच लोग स्कार्पियो में सवार होकर वाराणसी जा रहे थे। इसी दौरान शेखपुर के पास वाहन अनियंत्रित होकर लोहे की रेलिंग तोड़ते हुए करीब 40 फीट गहरी खाई में जा गिरा था। हादसे ने तीन परिवारों को गहरे सदमे में डाल दिया है। शुक्रवार को जब घर से अंतिम संस्कार के लिए शव निकला तो वहां मौजूद परिजन और ग्रामीण अपने आंसू नहीं रोक सके। बारिश के बीच भरौली गंगा तट पर मां-बेटे का अंतिम संस्कार किया गया। पिता जयराम उपाध्याय ने मुखाग्नि दी। इस हृदयविदारक दृश्य को देखकर गंगा तट पर मौजूद हर आंख नम हो गई। पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है।

डीएम ने ईवीएम, वीवीपैट वेयर हाउस का किया निरीक्षण

बलिया। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा- निर्देशों के तहत शुक्रवार को जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी सात विधानसभा क्षेत्रों बेल्थरारोड (अ.जा.), रसड़ा, सिकन्दरपुर, फेफना, बलिया नगर, बांसडीह, एवं बैरिया के गोदामों में जाकर सुरक्षा और प्रबंधन की स्थिति का जायज़ा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था की बारीकी से समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए और सभी व्यवस्थाएं भारत निर्वाचन आयोग के मानकों के अनुरूप सुनिश्चित की जाएं। सीसीटीवी नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण करते हुए उन्होंने यह जानकारी ली कि कितनी

टीवी स्क्रीन लगाई गई हैं और रिकॉर्डिंग की क्या व्यवस्था है। लॉग बुक का भी अवलोकन कर यह सुनिश्चित किया गया कि सभी गतिविधियों का विधिवत रिकॉर्ड रखा जा रहा है। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी अनिल कुमार, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी अख्तर हसन तथा मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

अज्ञात वाहन की टक्कर से मजदूर की मौत

सुखपुरा (बलिया)। स्थानीय थाना क्षेत्र के बैसहा गांव निवासी रामनारायण यादव (45), पुत्र शिवगोविंद यादव की शनिवार देर शाम अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रामनारायण यादव मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनकी असमय मौत से परिवार का सहारा छिन गया है। मृतक अपने पीछे पत्नी, एक पुत्री और दो पुत्रों को छोड़ गए हैं। परिवार के मुखिया की मौत से पत्नी और बच्चों के सामने भरण-पोषण का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं गांव में भी शोक की लहर दौड़ गई है।

एक नज़र इधर भी

आपत्तिजनक पोस्ट से मचा बवाल, आरोपी हिरासत में

रतसर (बलिया)। गड़वार थाना क्षेत्र की नगर पंचायत रतसर में सोशल मीडिया पर करवा चौथ पर्व को लेकर की गई एक पोस्ट से विवाद खड़ा हो गया। फेसबुक पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में पुलिस ने शेख अनवर रजा पुत्र रजाऊल हक को हिरासत में लिया है। जानकारी के अनुसार, खुद को छात्र नेता बताने वाले शेख अनवर रजा ने 29 अक्टूबर को फेसबुक पर करवा चौथ को लेकर एक पोस्ट साझा की थी। इसमें कथित तौर पर पति को उधार देने संबंधी आपत्तिजनक टिप्पणी की गई थी। पोस्ट वायरल होने के बाद लोगों में नाराजगी फैल गई। मामले में नगर निवासी काली बाबू उर्फ पिंटू पुत्र स्व. अम्बिका की तहरीर पर गड़वार थाने में तीन नामजद और दो अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने मुख्य आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

छात्रा से छेड़खानी का विरोध करने पर महिला से मारपीट

बांसडीह (बलिया)। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में स्कूली छात्रा से कथित छेड़खानी का विरोध करना उसके परिवार को भारी पड़ गया। आरोप है कि आधा दर्जन युवक रात में महिला के घर पहुंचकर गाली-गलौज करने लगे और घर में घुसकर उसकी पिटाई की। इस दौरान एक आरोपी ने महिला की साड़ी खींच दी, जिससे उसका ब्लाउज फट गया। आरोपितों ने परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता के अनुसार, गांव के कुछ युवक करीब दो महीने से उसकी बेटी को स्कूल आते-जाते समय अश्लील टिप्पणियां कर परेशान कर रहे थे। बुधवार को बेटी ने घर पहुंचकर इसकी जानकारी दी थी। इसी बात को लेकर 28 अक्टूबर की रात करीब नौ बजे आरोपी घर पहुंचे और मारपीट की। पति के विरोध करने पर उनके साथ भी मारपीट की गई। पीड़िता ने 29 अक्टूबर को कोतवाली में तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

एक नवंबर को नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

बेरुआरबारी (बलिया)। क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक नवंबर को पूर्व चिकित्साधिकारी डॉ. आफताब अहमद के अस्पताल, बेरुआरबारी में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में विभिन्न चिकित्सा संस्थानों से जुड़े अनुभवी चिकित्सक मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर परामर्श देंगे।शिविर में डॉ. दुर्गेश (चिकित्साधिकारी, मुजफ्फरपुर), डॉ. फैजान अहमद (एमबीबीएस, मेडिकल ऑफिसर, केजीएमयू लखनऊ), डॉ. रोहित कुमार गुप्ता (एमबीबीएस, मेडिकल ऑफिसर, राम मनोहर लोहिया, लखनऊ), डॉ. अबू अजीम (एमबीबीएस, आजमगढ़) तथा डॉ. गरिमा कश्यप (प्रवक्ता, एमएलजेए मेडिकल कॉलेज, छपरा) अपनी सेवाएं देंगे। आयोजकों के अनुसार शिविर में क्षेत्र के जरूरतमंद मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सकों से निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श एवं जांच की सुविधा मिलेगी। शिविर का समय सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक निर्धारित किया गया है। आयोजक पूर्व चिकित्साधिकारी डॉ आफताब अहमद ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

पिछड़ा वर्ग आयोग की बैठक आज

बलिया। उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय ग्रामीण निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति राम औतार सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में आयोग के सदस्य एवं संबंधित अधिकारी शामिल होंगे। बैठक में आयोग के माननीय सदस्य बृजेश कुमार (सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश), संतोष कुमार विश्वकर्मा (सेवानिवृत्त अपर जिला न्यायाधीश), डॉ. अरविंद कुमार चौरसिया (सेवानिवृत्त आईएएस) तथा एसपी सिंह (सेवानिवृत्त आईएएस) सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, सुबह 10 बजे से 10:30 बजे तक जिलाधिकारी के साथ जनपद द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के संदर्भ में चर्चा की जाएगी। इसके बाद 10:30 बजे से 11 बजे तक का समय आरक्षित रहेगा।

गंगा बहुउद्देशीय सभागार का बदला स्वरूप

बलिया। जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में बलिया कलेक्ट्रेट को आधुनिक सुविधाओं और बेहतर व्यवस्थाओं से युक्त मॉडल कलेक्ट्रेट बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में गंगा बहुउद्देशीय सभागार के सुंदरीकरण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल की गई है। वरिष्ठ कोषाधिकारी आनंद दुबे के नेतृत्व में गंगा बहुउद्देशीय सभागार के मंच पर आधुनिक स्टेज लाइटिंग एवं डीजे लाइट शो की व्यवस्था कराई गई है। रंग-बिरंगी घूमती हुई लाइटों से सभागार का मंच आकर्षक रोशनी से जगमगा उठा है। नई लाइटिंग व्यवस्था के बाद सभागार का स्वरूप पहले से अधिक आधुनिक और भव्य नजर आने लगा है। इस व्यवस्था से अब गंगा बहुउद्देशीय सभागार में सांस्कृतिक कार्यक्रमों, बड़े आयोजनों, रंगारंग प्रस्तुतियों और विभिन्न प्रकार के भव्य मंचीय कार्यक्रमों का आयोजन और बेहतर तरीके से किया जा सकेगा।

सरयू नदी के कटान से गोपालनगर पर संकट

बैरिया (बलिया)। तेज हवा और बारिश के बीच सरयू नदी के कटान ने सुरेमनपुर दियारा क्षेत्र में रफ्तार पकड़ ली है। गोपालनगर और वशिष्ठ नगर सहित आधा दर्जन गांवों के सामने नदी तेजी से जमीन काट रही है। कटान के कारण गोपालनगर के अस्तित्व पर संकट मंडराने लगा है। नदी आबादी की ओर बढ़ रही है, जिससे करीब 22 परिवारों के घरों पर खतरा मंडराने लगा है। स्थिति को लेकर ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। कटान की रफ्तार तेज होने से प्रभावित परिवारों की चिंता बढ़ गई है। ग्रामीणों को आशंका है कि अगर समय रहते बचाव कार्य नहीं कराया गया तो उनके घर और पुश्तैनी जमीन नदी में समा सकते हैं। वर्षों से अपने परिवार के साथ रह रहे लोगों के सामने अब विस्थापन का संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीण दिन-रात अपने आशियाने को बचाने की चिंता में डूबे हैं। प्रभावित परिवारों में दीनानाथ

२२ परिवारों के घर खतरे में

यादव, वीरेन्द्र यादव, शिवकुमार प्रसाद, मंटू यादव, जितेंद्र यादव, राहुल यादव, सुनील यादव और राजकुमार प्रसाद सहित अन्य लोगों के परिवार शामिल हैं। ग्रामीणों का कहना है कि नदी इसी तरह कटान करती रही तो उन्हें घर छोड़कर दूसरी जगह जाने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है। लोगों के सामने सबसे बड़ा सवाल है कि घर और जमीन नदी में समा जाने के बाद वे अपने परिवार के साथ कहां जाएंगे। ग्रामीणों ने प्रशासन से कटान रोकने के लिए तत्काल प्रभावी कदम उठाने की मांग की है। उनका कहना है कि कटान की समस्या लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन अब स्थिति पहले से अधिक गंभीर हो गई है। ऐसे में बचाव कार्य में देरी होने पर बड़ा नुकसान हो सकता है। गुरुवार को उपजिलाधिकारी ने नदी के कटान से प्रभावित क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद ग्रामीणों को प्रशासन से राहत मिलने की उम्मीद जगी है। हालांकि, कटान की रफ्तार को देखते हुए लोग जल्द से जल्द ठोस कार्रवाई चाहते हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि कटानरोधी कार्य कराकर गांव और प्रभावित परिवारों के घरों को सुरक्षित किया जाए, ताकि उन्हें बेघर होने से बचाया जा सके।

फंदे से लटककर युवक ने दी जान

खेजुरी (बलिया)। थाना क्षेत्र के खेजुरी गांव में गुरुवार की सुबह एक युवक ने घर के कमरे में फंदे से लटककर जान दे दी। घटना की जानकारी होते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। फिलहाल युवक के आत्मघाती कदम उठाने की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। खेजुरी निवासी नंदू कुमार गुप्ता (30) पुत्र कृष्णा कुमार गुप्ता का खेजुरी-मनियर मोड़ से आगे अपना मकान है। घर से ही परिवार नमकीन और ब्रेड की एजेंसी का संचालन करता था। परिजनों के अनुसार, गुरुवार की सुबह तक घर में सबकुछ सामान्य था। बारिश के चलते नंदू घर पर ही था। इसी बीच वह एक कमरे में सोने चला गया। सुबह करीब 10 बजे तक जब कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो परिवार के सदस्यों ने आवाज लगाई। अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर खिड़की से झांककर देखा तो नंदू का शव पंखे के हुक से लटकता दिखाई दिया। यह दृश्य देखते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। परिजनों की आवाज सुन अन्य लोग भी मौके पर पहुंच गए। किसी ने घटना की सूचना पुलिस को दे दी।बताया कि नंदू तीन बच्चों का पिता था। करीब तीन माह पहले ही उसकी पत्नी प्रीति ने एक बेटी को जन्म दिया था। फिलहाल पत्नी अपने मायके में है। घटना को लेकर गांव में भी शोक का माहौल है। एसएचओ सुशील कुमार दुबे ने बताया कि युवक के आत्मघाती कदम उठाने के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

मेगा विधिक सहायता सेवा शिविर जागरुकता अभियान के प्रचार वाहन को जज ने किया रवाना

बलिया। जनसामान्य को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं नि:शुल्क विधिक सहायता की जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आगामी 1 नवंबर को आयोजित होने वाले मेगा बृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए शुक्रवार को प्रचार वाहन रवाना किया गया। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया के तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस शिविर के प्रचार वाहन को माननीय जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री अनिल कुमार झा ने शुक्रवार को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने शिविर के महत्व, उपयोगिता, पारदर्शिता एवं अधिकाधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव (पूर्णकालिक) श्री चन्द्र प्रकाश तिवारी ने किया। प्रचार वाहन दीवानी न्यायालय परिसर, बलिया से रवाना होकर जनपद की समस्त तहसीलों एवं विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करेगा। इस दौरान आमजन को शिविर के आयोजन, उसमें मिलने वाली सुविधाओं तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ उठाने के लिए जागरूक किया जाएगा। इन योजनाओं का मिलेगा लाभ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आयोजित यह शिविर 1 नवंबर 2026, रविवार को सुबह 10 बजे गंगा बहुउद्देशीय सभागार, कलेक्ट्रेट परिसर, बलिया में आयोजित होगा।

कटान रोकने के लिए मुख्यमंत्री से गुहार, रिंग बांध निर्माण की मांग

बैरिया (बलिया)। विधानसभा बैरिया क्षेत्र में सरयू नदी के कटान से प्रभावित गांवों को बचाने और पीड़ित परिवारों को राहत दिलाने के लिए भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता एवं समाजसेवी सूर्यभान सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर बाढ़ एवं कटानरोधी कार्यों के प्रस्तावों को शीघ्र स्वीकृति देने की मांग की है। उन्होंने गोपालनगर टांड़ी, गोपालनगर, वशिष्ठ नगर, मानगढ़ और शिवाल मठिया में भीषण कटान को रोकने के लिए रिंग बांध निर्माण कराने की मांग उठाई है। मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में सूर्यभान सिंह ने कहा है कि कटान के कारण कई परिवारों के आशियाने उजड़ने की कगार पर हैं। किसानों की जमीन नदी में समा रही है।

घरों के करीब पहुंचा सरयू का कटान

मकान तोड़कर सामान बचाने में जुटे ग्रामीण

बांसडीह (बलिया)। क्षेत्र के महाराजपुर गांव की नाहर छपरा बस्ती में सरयू नदी का कटान अब आबादी के बेहद करीब पहुंच गया है। पिछले एक सप्ताह से लगातार हो रहे कटान के चलते सैकड़ों ग्रामीणों में भय और दहशत का माहौल है। नदी का जलस्तर लगातार घटने के बावजूद कटान की रफ्तार कम नहीं हो रही है। प्रशासन की ओर से कटान रोकने के प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन नदी का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। खेतों को अपनी चपेट में लेने के बाद अब नदी का कटान नाहर छपरा बस्ती के मकानों तक पहुंच गया है। घरों से महज पांच मीटर की दूरी पर कटान का पानी पहुंचने से ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई है। खतरे की आशंका को देखते हुए कई परिवार अपने पक्के मकानों को खुद ही तोड़कर ईंट, दरवाजे, खिड़कियां, सरिया और अन्य जरूरी सामान सुरक्षित निकालने में जुटे हैं। शुक्रवार को कई ग्रामीण जेसीबी की मदद से अपने पक्के मकान तोड़ते नजर आए। वहीं, निकाले गए सामान को ट्रैक्टरों पर लादकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा था। गांव के विनोद यादव, त्रिभुवन यादव, रामपलट यादव, रामेश्वर यादव और दिनेश यादव सहित कई परिवार अपने आशियाने उजाड़ने को मजबूर हैं।

उधर, गांव पहुंचे एसडीएम बांसडीह पुष्कर मिश्र और तहसीलदार नितिन सिंह से ग्रामीणों ने मुलाकात कर बस्ती को बचाने की गुहार लगाई। कटान की लगातार बढ़ती स्थिति से ग्रामीणों के सामने घर और गृहस्थी बचाने का संकट खड़ा हो गया है। हांलांकि चितविसावखुर्द गांव में प्रशासन ने अस्थाई बाढ़ राहत शिविर बनाया है जहां गांव के लोग शरण लिए हुए है। वहां प्रशासन सुबह-शाम खाना भी वितरण कर रहा है।

श्रद्धापूर्वक कथा श्रवण से होती है ज्ञान की प्राप्ति-चिन्मयानंद बापू

गड़वार(बलिया)। श्री जंगली बाबा धाम,गड़वार पर पूज्यपाद संत शिरोमणि श्री जंगली बाबा परिनिर्वाण शताब्दी महामहोत्सव के अवसर पर आयोजित 28 अक्टूबर से 7 नवम्बर तक आयोजित 54 कुण्डीय हरिहरात्मक महायज्ञ में हरिद्वार

से पधारे अन्तर्राष्ट्रीय श्रीराम कथावाचक चिन्मयानंद बापू ने गुरुवार की देर शाम को मानस मंच में प्रवचन पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु श्रोतागणों को श्रीराम कथा का रसपान कराया। कथावाचन के दौरान उन्होंने कहा कि ज्ञान हमें शांत करता है और अज्ञान हमें अशांत करता है। इस संसार का ना हमें ज्ञान है और नही पता हैं। भगवान की कथा जब हम श्रद्धापूर्वक श्रवण करते हैं तब हमें ज्ञान की प्राप्ति होती हैं। बापू ने कहा कि राम कथा की बड़ी महिमा है। मनुष्य को भगवान पर कभी संदेह नही करना चाहिए। माता सती को भगवान पर संदेह हुआ तो भोलेनाथ कई हजार वर्ष समाधिष्ठ हो गए। भोलेनाथ ने जगत को संदेश दिया कि मनुष्य जब परेशान हो तो भगवान की कथा का सहारा लेना चाहिए। कथा के दौरान कहा कि दक्ष प्रजापति ने अहंकार वश भगवान शंकर को यज्ञ में निमंत्रण नही दिया।

युवती को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप

बैरिया (बलिया)। रेवती थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने मनीष यादव पर अपनी 19 वर्षीय बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है।युवती की मां ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया है कि एक महीने पूर्व मनीष यादव मेरी बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। परिजनों ने रिश्तेदारों और आसपास के गांवों में काफी तलाश की, लेकिन युवती का अब तक कोई सुराग नहीं मिल सका है। महिला की तहरीर पर रेवती पुलिस ने युवक के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई में जुट गई है।

भरौली गोलंबर पर जाम से २८ किलोमीटर तक थमे वाहनों के पहिये

नरहीं (बलिया)। भरौली गोलंबर पर जाम की समस्या अब लोगों के लिए मुसीबत बनती जा रही है। एक सप्ताह से लगातार जाम का झाम झेल रहे लोगों

को शुक्रवार की सुबह फिर भीषण जाम का सामना करना पड़ा। स्थिति इतनी भयावह रही कि एनएच-31 पर भरौली गोलंबर से गाजीपुर जिले के बढ़नपुरा तक करीब 18 किलोमीटर तथा बक्सर-पटना एनएच-922 पर लगभग 10 किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतार लग गई। करीब चार घंटे तक छोटे-बड़े वाहन सड़कों पर रेंगते रहे। शुक्रवार तड़के चार बजे ही गोलंबर के तीनों तरफ जाम लग गया। उजियार गांव के सामने एनएच-31 के किनारे मवेशियों से लदी पिकअप छोड़कर चालक फरार हो गया था। वहीं भरौली में डीसीएम खराब होने और अमांव मोड़ के पास कंटेनर सड़क किनारे फंसने से यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। पुलिस ने क्रेन की मदद से पिकअप हटवाई, जिसके बाद जाम खुलने का सिलसिला शुरू हुआ। सुबह आठ बजे के बाद स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हुई। जाम के चलते बक्सर जाने वाले यात्रियों को कीचड़ से होकर पैदल गुजरना पड़ा। कई यात्रियों की बक्सर रेलवे स्टेशन से ट्रेनें छूट गईं, वहीं स्कूली बच्चे भी समय से विद्यालय नहीं पहुंच सके। बलिया से बक्सर जाने वाली दो बसें जाम में फंसने के बाद वापस बलिया लौट गईं। ट्रेलर चालक शंभू तिवारी ने बताया कि वह गोलंबर से महज दो सौ मीटर दूर दो घंटे से फंसे थे। बस कंडक्टर शिवजी यादव के अनुसार, सुबह साढ़े छह बजे बक्सर से चलने के बावजूद नौ बजे तक भरौली नहीं पहुंच सके। जीप चालक फिरोज को सड़क से नीचे उतरने पर गड्ढे में फंसी जीप निकलवाने के लिए 400 रुपये खर्च करने पड़े। भरौली निवासी राधाकृष्ण प्रजापति ने बताया कि सड़क के दोनों तरफ कीचड़ और जलभराव से यात्रियों की परेशानी और बढ़ गई है। छोटे वाहनों को ग्रीनफील्ड लिंक एक्सप्रेसवे से होकर निकलना पड़ा। लगातार लग रहे जाम ने एक बार फिर भरौली गोलंबर की बदहाल यातायात व्यवस्था और जिम्मेदार विभागों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

चार घंटे तक हलकान रहे यात्री, किचड़ में पैदल चलने को मजबूर हुए लोग, कई यात्रियों की छूटी ट्रेन

बाबा लखनेश्वरनाथ मंदिर में पुजारी को बंधक बनाकर चांदी का नाग, छतरी ले उड़े बदमाश

तीन नकाबपोश बदमाशों ने देर रात दिया वारदात को अंजाम, श्रद्धालुओं में आक्रोश

रसड़ा (बलिया)। क्षेत्र के ऐतिहासिक एवं पौराणिक स्थल लखनेश्वर डीह किला स्थित प्रसिद्ध बाबा लखनेश्वरनाथ मंदिर में गुरुवार की देर रात तीन नकाबपोश बदमाशों ने दुस्साहसिक चोरी की वारदात को अंजाम दिया। बदमाश मंदिर के पुजारी हृदयनाथ पांडेय को रस्सी से बांधकर और उनका मुंह बंद कर बंधक बना लिया। इसके बाद शिवलिंग पर विराजमान करीब एक किलो 800 ग्राम वजन का चांदी का नाग तथा चांदी की छतरी लेकर फरार हो गए। बताया जाता है कि तीनों बदमाश मंदिर की चहारदीवारी फांदकर परिसर में दाखिल हुए थे। वारदात के दौरान पुजारी को विरोध करने और शोर मचाने का मौका तक नहीं मिला। शुक्रवार की सुबह घटना की जानकारी होते ही मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुट गई। धार्मिक स्थल पर हुई इस दुस्साहसिक घटना से क्षेत्रीय लोगों में भारी आक्रोश है। लोगों ने पुलिस से जल्द से जल्द चोरी का पर्दाफाश कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी। प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

बेमौसम बारिश से खेतों में बिछी धान की फसल

कटाई से ठीक पहले तेज हवाओं और बारिश ने बढ़ाई मुश्किलें, फसल खराब होने पर ७२ घंटे के भीतर बीमा कंपनी को देनी होगी सूचना

ज्ञानपुर। मौसम के अचानक बदले मिजाज ने जिले के किसानों की चिंता बढ़ा दी है। चक्रवाती तूफान 'अर्नब' के प्रभाव से पूर्वांचल सहित भदोही में तेज हवाओं के साथ हो रही बेमौसम बारिश ने धान की तैयार फसल को नुकसान पहुंचाना शुरू कर दिया है। खेतों में पककर कटाई के लिए तैयार धान के पौधे कई स्थानों पर गिरकर बिछ गए हैं। कटाई से ठीक पहले बारिश होने से उनकी उम्मीदों पर पानी फिरता नजर आ रहा है। खेतों में जलभराव और जमीन से सट गई धान की बालियों के कारण दानों के काले पड़ने, गुणवत्ता खराब होने और फसल के सड़ने का खतरा बढ़ गया है। गीले खेतों में कंबाइन और थ्रेसर जैसी मशीनें नहीं पहुंच पाने से कटाई भी प्रभावित हो रही है। इससे किसानों को अतिरिक्त खर्च और आर्थिक नुकसान की चिंता सता रही है। इस बीच किसानों को राहत देने के लिए कृषि विभाग ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत फसल क्षति की सूचना 72 घंटे के भीतर दर्ज कराने की अपील की है। उप कृषि निदेशक डॉ. राम प्रवेश के अनुसार, खरीफ 2026 में जिले के 17,785 किसानों ने धान और 140 किसानों ने बाजरा की फसल का बीमा कराया है। बेमौसम बारिश, चक्रवाती वर्षा, ओलावृष्टि, जलभराव और आकाशीय बिजली जैसी प्राकृतिक आपदाओं से अधिसूचित फसलों को नुकसान होने पर बीमित किसान क्षतिपूर्ति के पात्र हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि खड़ी फसल को नुकसान होने पर घटना के 72 घंटे के भीतर सूचना देना जरूरी है। इसी तरह कटाई के बाद खेत में 14 दिनों तक सुखाने के लिए रखी गई फसल बारिश, ओलावृष्टि या जलभराव से खराब होने पर भी बीमा का लाभ मिल सकता है। इसके लिए किसान टोल फ्री नंबर 14447 पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इसके अलावा व्हाट्सएप नंबर 7065514447, क्रॉप इंश्योरेंस एप तथा राजकीय कृषि बीज भंडार, कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारियों, उप कृषि निदेशक और जिला कृषि अधिकारी के कार्यालय में भी सूचना दी जा सकती है। कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि फसल क्षति होने पर निर्धारित समय सीमा के भीतर शिकायत अवश्य दर्ज कराएं, ताकि बीमा क्षतिपूर्ति की प्रक्रिया पूरी की जा सके।

सुरियावां। चक्रवाती तूफान अर्नब के प्रभाव से हुई लगातार बारिश और तेज हवा ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। सुरियावां विकासखंड के लगभग सभी गांवों में धान की तैयार फसल खेतों में गिर गई है। इससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है।

कांवल। चक्रवाती तूफान 'अर्नब' के प्रभाव से जनपद में मौसम का मिजाज अचानक बदल गया है। शुक्रवार को भी सुबह से देर शाम तक रुक-रुककर बारिश होती रही। तेज हवाओं और लगातार बादल छाए रहने से तापमान में गिरावट आई और ठंड बढ़ गई। बारिश के चलते आम जनजीवन के साथ बाजारों की रौनक भी प्रभावित हुई।

खेत बचाओ अभियान में २५० किसानों को दी वैज्ञानिक खेती की जानकारी

ज्ञानपुर। कृषि विज्ञान केंद्र, बेजवां की ओर से विकासखंड भदोही के पिपरी ग्राम में शुक्रवार को खेत बचाओ अभियान का आयोजन किया गया। केंद्र के मृदा विज्ञान विशेषज्ञ ताराचंद बैरवा ने मिट्टी की जांच के लिए नमूना लेने की सही विधि, रासायनिक उर्वरकों का सीमित प्रयोग, फसल अवशेष प्रबंधन और समन्वित कृषि प्रणाली की जानकारी दी। वहीं पादप सुरक्षा विशेषज्ञ डॉ. किरणकुमार जीएन ने एकीकृत नाशीजीव एवं रोग प्रबंधन के साथ धान में लगने वाले कंडुआ रोग सहित अन्य बीमारियों के नियंत्रण के उपाय बताए। कृषि विभाग के बीटीएम सुरेश कुमार यादव ने फार्मर रजिस्ट्री तथा केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न कृषि योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में गजराज सिंह, राकेश मौर्य, हनुमान यादव और जगन्नाथ सहित 250 किसान एवं कृषक महिलाएं उपस्थित रहीं।

होटलों, ढाबों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर होगी सघन चेकिंग

ज्ञानपुर। जनपद में बाल भिक्षावृत्ति और बाल श्रम पर प्रभावी रोक लगाने के लिए पुलिस और संबंधित विभाग संयुक्त अभियान चलाएंगे। इसके तहत होटलों, ढाबों और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की सघन जांच की जाएगी। साथ ही सरकारी विद्यालयों में मानव तस्करी और बाल श्रम के प्रति बच्चों को जागरूक किया जाएगा। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन में पुलिस लाइन ज्ञानपुर सभागार में बाल संरक्षण विषय पर जिला स्तरीय समीक्षा बैठक एवं गोष्ठी आयोजित की गई। अपर पुलिस अधीक्षक एवं एएचटी के नोडल अधिकारी शुभम अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम-2015 के प्रावधानों पर चर्चा की गई। इस दौरान जनपद में संचालित जागरूकता अभियानों और बेसहारा एवं असहाय बच्चों की सहायता के लिए चलाए जा रहे 'ऑपरेशन नया जीवन' की समीक्षा की गई। वर्ष 2026 में पॉक्सो एक्ट और गुमशुदा बच्चों से संबंधित दर्ज मुकदमों की भी समीक्षा हुई। एएसपी ने बाल भिक्षावृत्ति रोकने और बाल श्रम उन्मूलन के लिए संबंधित विभागों को प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

पात्रों को ही मिलेगा शौचालय योजना का लाभ

ज्ञानपुर। जिला स्वच्छता समिति की बैठक में सीडीओ बाल गोविंद शुक्ला ने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के कार्यों की समीक्षा कर अधिकारियों को समयबद्ध ढंग से योजनाएं पूरी कराने के निर्देश दिए। उन्होंने आरआरसी सेंटरों का निरीक्षण कराकर ठोस कचरा प्रबंधन शुरू कराने और प्लास्टिक अपशिष्ट का नियमित निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। व्यक्तिगत शौचालय योजना में पात्रों को ही लाभ देने तथा अनियमितता पर कार्रवाई की चेतावनी दी। जनपद के 86 स्वच्छता मार्टों का नियमित संचालन, बंद शौचालयों को चालू कराने और डिजिटल लाइब्रेरी में पुस्तकें व फर्नीचर उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया। बैठक में डीपीआरओ संजय मिश्रा सहित अधिकारी मौजूद रहे।

बाइक की टक्कर से मजदूर की मौत

ज्ञानपुर। भदोही-सुरियावां मार्ग पर पिपरिस आधारपुर स्थित रयां मोड़ के पास तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से साइकिल सवार कालीन मजदूर की मौत हो गई। मृतक की पहचान सुरियावां थाना क्षेत्र के बढ़ियानी गांव निवासी दशरथ बिंद (47) के रूप में हुई है। बेटे की तहरीर पर पुलिस ने बाइक चालक विवेक कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दशरथ बिंद भदोही स्थित ईस्टर्न कारपेट कंपनी में कालीन मजदूर थे। गुरुवार देर शाम काम खत्म करने के बाद वह साइकिल से घर लौट रहे थे। पिपरिस आधारपुर में रयां मोड़ के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उनकी साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से परिजन उन्हें अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक ने पीईटी परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

ज्ञानपुर। जनपद में प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)-2026 को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सुचारु ढंग से संपन्न कराने के लिए दूसरे दिन जिला प्रशासन द्वारा लगातार परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की निगरानी की जा रही है। इसी क्रम में जिलाधिकारी शैलेष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने पीईटी प्रथम पाली की परीक्षा के दौरान विभिन्न परीक्षा केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने काशी नरेश विश्वविद्यालय ज्ञानपुर में पहुंचकर परीक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने परीक्षा कक्षों में जाकर निर्धारित मानकों के अनुरूप परीक्षा संचालन, परीक्षार्थियों की उपस्थिति, कक्ष व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्र व्यवस्थापकों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा को पूरी निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं अनुशासन के साथ संपन्न कराया जाए। जनपद के निर्धारित परीक्षा केंद्रों में बूनमैक्स कॉन्वेंट स्कूल, गोधना, जंगीगंज गोपीगंज, गुलाबधर मिश्र इंटर कॉलेज गोपीगंज, काशीराम राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ज्ञानपुर के ब्लॉक-ए एवं ब्लॉक-बी, मदर हलीमा पब्लिक स्कूल मर्यादपट्टी, पीएम श्री विभूति नारायण राजकीय इंटर कॉलेज ज्ञानपुर, श्री इन्द्रबहादुर सिंह नेशनल इंटर कॉलेज भदोही, सेंट थॉमस स्कूल गोपीगंज, सेंट थॉमस स्कूल बेदपुर ज्ञानपुर, जिला पंचायत बालिका इंटर कॉलेज गोपीगंज, जिला पंचायत बालिका इंटर कॉलेज ज्ञानपुर, श्री काशीराज महाविद्यालय इण्टर कॉलेज और टेंडर हार्ट पब्लिक स्कूल घोसिया औराई शामिल हैं।

दम्पती का अपहरण कर जानलेवा हमला करने के आरोप में तीन गिरफ्तार, बाल अपचारी भी पकड़ाया

ज्ञानपुर। कोतवाली क्षेत्र के नेवादा कलां में दंपत्ति का अपहरण कर जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक बाल अपचारी को भी हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने सभी के खिलाफ विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, 28 अक्तूबर को नेवादा कलां निवासी विभव सिंह ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया कि 27 अक्तूबर को नामजद आरोपियों ने उनके माता-पिता को जान से मारने की नीयत से धारदार हथियारों के बल पर घर से उठा लिया था। इसके बाद उनके साथ बेरहमी से मारपीट कर जान लेने का प्रयास किया गया। घटना की सूचना पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घायल दंपत्ति को अस्पताल पहुंचाया। मामले में पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 517/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में कोतवाली पुलिस ने 28 अक्तूबर को कार्रवाई करते हुए रविन्द्र सिंह निवासी नेवादा कलां तथा जिग्नेश सिंह और संदीप सिंह निवासी अस्ती को गिरफ्तार कर लिया। इनके साथ करीब 16 वर्षीय एक बाल अपचारी को भी पकड़ा गया। कार्रवाई करने वाली टीम में निरीक्षक एवं विवेचक अरविन्द कुमार चौहान, हेड कांस्टेबल रमेश चन्द्र सिंह, कांस्टेबल भूपेन्द्र सिंह यादव, अरमान खां, अस्पेन्द्र सिंह और अजयकांत शामिल रहे।

शांति भंग की आशंका में १७ गिरफ्तार, ४२७ वाहनों का चालान

यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों से ६.२६ लाख रुपये का शमन शुल्क वसूला

ज्ञानपुर। जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने और शांति भंग की आशंका को देखते हुए भदोही पुलिस ने 17 लोगों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेजा। वहीं, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ अभियान चलाकर 427 वाहनों का चालान किया गया। इनसे कुल छह लाख 26 हजार 500 रुपये का शमन शुल्क किया गया। पुलिस के अनुसार, गोपीगंज थाना क्षेत्र में उपनिरीक्षक बृज बिहारी प्रसाद ने थाना परिसर से चार लोगों को गिरफ्तार किया। कोईरौना थाना क्षेत्र के हरिरामपुर गांव से उपनिरीक्षक काशीनाथ यादव ने एक व्यक्ति को पकड़ा। चौरी थाना क्षेत्र के चौरी बाजार स्थित बरम आश्रम से उपनिरीक्षक अरविंद कुमार यादव ने दो लोगों को गिरफ्तार किया। इसी तरह औराई थाना क्षेत्र में उपनिरीक्षक अनिल कुमार ने बाबूसराय से पांच, उपनिरीक्षक रमेश कुमार ने घोसिया से तीन और उपनिरीक्षक श्यामजी यादव ने महाराजगंज से दो लोगों को गिरफ्तार किया। सभी के खिलाफ धारा 170/126/135 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई करते हुए संबंधित न्यायालय में चालान किया गया।

जिला जज, डीएम और एसपी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

ज्ञानपुर। 30 अक्टूबर को जिला जज दिनेश चन्द, जिलाधिकारी शैलेष कुमार और पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने जिला कारागार ज्ञानपुर का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बैरकों और परिसर का भ्रमण कर सुरक्षा, स्वच्छता, पेयजल, भोजन एवं स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। बंदियों से संवाद कर उनकी समस्याएं और जरूरतें भी जानीं। अधिकारियों ने शिकायतों का प्राथमिकता से निस्तारण करने तथा निर्धारित मानकों के अनुरूप सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस दौरान अधिकारियों ने परिसर में चीकू, आंवला और लीची के पौधे भी लगाए। निरीक्षण में सीजेएम आनंद पाण्डेय और जेल अधीक्षक अभिषेक सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

जननी सुरक्षा योजना में कम भुगतान पर डीएम नाराज

ज्ञानपुर। जिलाधिकारी शैलेष कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की मासिक समीक्षा बैठक हुई। इसमें जननी सुरक्षा योजना, मातृ-शिशु स्वास्थ्य और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की प्रगति की समीक्षा की गई। योजना में भुगतान की धीमी प्रगति पर डीएम ने एमओआईसी के प्रति नाराजगी जताते हुए तत्काल सुधार के निर्देश दिए। आशा और एएनएम के माध्यम से संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने तथा साप्ताहिक समीक्षा बैठक करने को कहा। अस्पतालों में साफ-सफाई, चिकित्सकों की उपस्थिति और बायो मेडिकल वेस्ट का सुरक्षित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। संचारी रोग नियंत्रण अभियान को 15 दिन और बढ़ाने का निर्णय लिया गया।

२२ नवंबर को मनेगा पोलियो बूथ दिवस

ज्ञानपुर। जनपद में सघन पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान के तहत 22 नवंबर को पोलियो बूथ दिवस मनाया जाएगा। इसके बाद 23 से 27 नवंबर तक स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएंगी। अभियान में 2,72,022 बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने संबंधित अधिकारियों को अभियान की तैयारियां समय से पूरी करने और प्रभावी निगरानी के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बूथों पर वैक्सीन, प्रशिक्षित कर्मचारियों और कोल्ड चेन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। अभियान के लिए जिले में 643 बूथ स्थापित किए जाएंगे। घर-घर भ्रमण के लिए 457 टीमें गठित की गई हैं। निगरानी के लिए 160 पर्यवेक्षक और 1,947 टीकाकरण कर्मियों की तैनाती की गई है। वैक्सीन सुरक्षित रखने के लिए 27 डीप फ्रीजर और 29 आईएलआर उपलब्ध हैं। बूथ दिवस के बाद छूटे बच्चों को घर-घर जाकर दवा पिलाई जाएगी। वहीं 30 नवंबर को बी-टीम विशेष अभियान चलाएगी। जिलाधिकारी ने अभिभावकों से अपील की कि पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को बूथ पर ले जाकर पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं।

राज्यपाल के प्रस्तावित आगमन को लेकर डीएम-एसपी ने परखी तैयारियां

ज्ञानपुर। जनपद में राज्यपाल के प्रस्तावित आगमन को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। शुक्रवार को जिलाधिकारी शैलेष कुमार

और पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने काशी नरेश विश्वविद्यालय परिसर तथा पुलिस लाइन का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने संबंधित विभागों को सभी तैयारियां निर्धारित समय-सीमा में पूरी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने परिसर में साफ-सफाई, सुरक्षा, स्वच्छता और अन्य बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त रखने पर जोर दिया। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत ज्ञानपुर और जिला पंचायत राज अधिकारी को विश्वविद्यालय परिसर सहित आसपास के क्षेत्रों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाने का निर्देश दिया। वहीं, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को परिसर और कार्यक्रम से जुड़े मार्गों की आवश्यक मरम्मत कराने तथा सड़क व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि राज्यपाल के आगमन से संबंधित सभी व्यवस्थाएं समय रहते पूरी कर ली जाएं, जिससे कार्यक्रम के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ जिम्मेदारियों का निर्वहन करने और सौंपे गए कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने को कहा। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी शुभांगी शुक्ला, मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ला, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत ज्ञानपुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

भदोही के किसानों के खाते में पहुंची किसान सम्मान निधि की २४वीं किस्त

ज्ञानपुर। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 24वीं किस्त शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के बनासकांठा से जारी की। इस अवसर पर कृषि भवन घरांव में जनपद स्तरीय पीएम किसान उत्सव एवं लाइव प्रसारण गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें जिले के 1,85,693 किसानों के बैंक खातों में सम्मान निधि की धनराशि हस्तांतरित की गई। किसान मोर्चा भाजपा के जिलाध्यक्ष संतोष सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला और पुरुष किसानों ने प्रतिभाग किया। प्रधानमंत्री के संबोधन और योजनाओं के लाइव प्रसारण को किसानों ने देखा और सुना। इस दौरान जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने कहा कि सरकार किसानों के सम्मान और आर्थिक सहयोग के लिए यह धनराशि उपलब्ध करा रही है। किसान इसका उपयोग रबी फसलों की बुवाई में करें। उन्होंने किसानों से राजकीय कृषि बीज भंडारों से अनुदान पर उच्च गुणवत्ता वाले बीज खरीदने की अपील की। उप कृषि निदेशक डॉ. राम प्रवेश ने रबी फसलों की बुवाई की जानकारी देते हुए कहा कि धान की कटाई के बाद गेहूं, सरसों, चना और मटर सहित अन्य फसलों की बुवाई शुरू होगी। किसान सम्मान निधि की राशि का उपयोग बीज और उर्वरक खरीदने में कर सकते हैं। उन्होंने मोटे अनाज के साथ प्राकृतिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने पर जोर दिया जिला कृषि अधिकारी इरम ने बताया कि जिले में उर्वरक और बीज की पर्याप्त उपलब्धता है। सभी सहकारी समितियों में खाद तथा राजकीय कृषि बीज भंडारों पर गेहूं, सरसों, चना और मटर के बीज उपलब्ध हैं। किसान पंजीयन कराकर अनुदान पर बीज प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम

में जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा में दीनानाथ, शिवशंकर बिंद और नारायण पाठक को चना के नि:शुल्क मिनीकिट वितरित किए। जिले के सभी विकासखंडों और कृषि विज्ञान केंद्रों पर भी पीएम किसान उत्सव का लाइव प्रसारण किया गया। इस मौके पर जिला कृषि अधिकारी इरम सहित कृषि विभाग के अधिकारी और बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

सीएम डैशबोर्ड पर खराब प्रगति वाले विभागों को सुधार के निर्देश

ज्ञानपुर। कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक हुई। इसमें विभिन्न विभागों की योजनाओं, विकास कार्यों की प्रगति और पोर्टल पर डाटा फीडिंग की स्थिति की समीक्षा की गई। समीक्षा में कुछ विभागों की प्रगति अपेक्षानुरूप नहीं मिलने और डाटा फीडिंग लंबित पाए जाने पर सीडीओ ने नाराजगी जताई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी लंबित डाटा फीडिंग हर हाल में पूरी करने का निर्देश दिया। बैठक में पीएम सूर्य घर योजना, ओडीओपी, विश्वकर्मा श्रम सम्मान, पोषण अभियान, सामूहिक विवाह, जननी सुरक्षा, विद्युत बिल सुधार और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की गई। निर्माण कार्यों में सेतु विभाग के कम व्यय और राजकीय निर्माण निगम की धीमी प्रगति पर सुधार के निर्देश दिए गए। छह लंबित परियोजनाओं को भी समयबद्ध पूरा करने को कहा गया। सीडीओ ने चेतावनी दी कि डाटा फीडिंग में लापरवाही या देरी होने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

साइबर फ्राड की शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण करें-एएसपी

ज्ञानपुर। साइबर अपराध से जुड़े मामलों में त्वरित कार्रवाई और पीड़ितों को राहत दिलाने के लिए अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल ने शुक्रवार को साइबर थाना के पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बैठक कर कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने साइबर फ्रॉड से संबंधित शिकायतों का शत-प्रतिशत और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन में आयोजित बैठक में एएसपी ने विशेष रूप से एमआरएम और जीआरएम पोर्टल पर दर्ज साइबर अपराध संबंधी शिकायतों की स्थिति की गहनता से जांच की। उन्होंने निर्देश दिया कि साइबर ठगी का मामला सामने आते ही सबसे पहले पीड़ित के बैंक खाते को तत्काल होल्ड कराने की कार्रवाई की जाए, ताकि ठगी की रकम को आगे ट्रांसफर होने से रोका जा सके। बैठक के दौरान साइबर थाने के विभिन्न रजिस्टरों और संबंधित पोर्टलों का भी बारीकी से अवलोकन किया गया। एएसपी ने पुलिस कर्मियों को कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, तत्परता और जवाबदेही बनाए रखने के निर्देश देते हुए कहा कि साइबर ठगी के पीडितों को समय पर राहत दिलाना प्राथमिकता होनी चाहिए।

लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान को सफल बनाने की अपील

ज्ञानपुर। भारतीय जनता पार्टी के 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के तहत आगामी चार नवंबर को प्रयागराज में आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए भाजपा नेता एवं पूर्व सदस्य पिछड़ा वर्ग आयोग कुमार प्रमोद चंद मौर्य ने जनपदवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है। नगर स्थित एक प्रतिष्ठान में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान प्रमोद मौर्य ने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा, राजनीतिक जवाबदेही और सुशासन को मजबूत करने के उद्देश्य से पार्टी की ओर से यह अभियान चलाया जा रहा है। इसके माध्यम से आम नागरिकों को जोड़कर लोकतंत्र के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अभियान को व्यापक जनसमर्थन देने के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ ही आम नागरिकों

की भागीदारी भी जरूरी है। चार नवंबर को प्रयागराज में आयोजित कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर लोग अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें और कार्यक्रम को सफल बनाएं। उन्होंने जनपद के सभी भाजपा कार्यकर्ताओं, समर्थकों और आम नागरिकों से कायज्रक्रम में शामिल होने की अपील करते हुए कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने में जनभागीदारी की महत्वपूर्ण भूमिका है।

प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना से मृतक के परिजनों को मिला दो लाख का क्लेम

ज्ञानपुर। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत दुर्घटना में पति को खोने वाली महिला को आखिरकार दो लाख रुपये का बीमा क्लेम मिल गया। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के आदेश पर नेशनल इंश्योरेंस कंपनी ने बीमा क्षतिपूर्ति और मुकदमा खर्च की धनराशि जमा कराई। इसके बाद आयोग ने परिवादिनी को भुगतान का चेक सौंप दिया। जानकारी के अनुसार, औराई थाना क्षेत्र के औरंगाबाद गांव निवासी परमिता पत्नी स्व. विजय कुमार ने पति की दुर्घटना में मृत्यु के बाद प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत बीमा क्लेम के लिए दावा किया था। भुगतान नहीं होने पर उन्होंने जिला उपभोक्ता आयोग में परिवाद दाखिल किया। आयोग की पीठ ने 25 जून 2026 को मामले की सुनवाई करते हुए परिवाद स्वीकार कर लिया था। आयोग ने विपक्षी नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, भदोही के प्रबंधक को आदेश दिया था कि वह दो माह के भीतर परिवादिनी को बीमा क्षतिपूर्ति के रूप में दो लाख रुपये और मुकदमा खर्च के रूप में पांच हजार रुपये का भुगतान करे। निधाज़्रित समय में भुगतान नहीं करने पर नौ प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज भी देय था। आदेश के अनुपालन में कंपनी की ओर से अधिवक्ता के माध्यम से आयोग के पक्ष में 2,08,943 रुपये का चेक जमा कराया गया। धनराशि आयोग के खाते में प्राप्त होने के बाद परिवादिनी परमिता को उनके अधिवक्ता राम सिंगर की पहचान पर उनके बैंक खाते के लिए चेक प्रदान किया गया। इसकी जानकारी जिला उपभोक्ता आयोग के रीडर स्वतंत्र रावत ने दी।

गांजे के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

ज्ञानपुर। जिले में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में ज्ञानपुर और गोपीगंज पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से कुल 1.901 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ, जिसकी अनुमानित कीमत 95 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस के अनुसार, ज्ञानपुर पुलिस ने इब्राहिमपुर निवासी अमरजीत यादव को गिरफ्तार कर 1.441 किलोग्राम गांजा, 220 रुपये नकद और सैमसंग मोबाइल बरामद किया। वहीं, गोपीगंज पुलिस ने थानीपुर पेट्रोल पंप के पास निवासी चंद्रशेखर सरोज उर्फ किशन (24) को 460 ग्राम गांजे और 190 रुपये नकद के साथ पकड़ा। दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

कुश्ती दंगल और कव्वाली ने बांधा समां

सुरियावां। मतेथू गांव स्थित हजरत सैयद जलालुद्दीन शाह की दरगाह पर बृहस्पतिवार को सुप्रसिद्ध बेहफईया मेले के अवसर पर 140वां सालाना उर्स धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान दरगाह पर चादरपोशी, जियारत और मन्नतें मांगने के लिए हजारों की संख्या में जायरीन पहुंचे। दरगाह परिसर को आकर्षक

ढंग से सजाया गया था। जायरीनों ने अमन-चैन और खुशहाली की दुआ मांगी। कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधान अब्दुल वहाब ने बताया कि उर्स का आयोजन वर्षों पुरानी परंपरा के अनुसार किया गया। मेले में आसपास के गांवों के अलावा दूरदराज के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। विभिन्न प्रकार की दुकानें सजी रहीं, जहां लोगों ने जमकर खरीदारी की और मेले का आनंद उठाया। बेहफईया मेला क्षेत्र में आपसी सौहार्द और भाईचारे की मिसाल माना जाता है। उर्स में हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों के लोगों की बढ़-चढ़कर भागीदारी रही। इस मौके पर मेहंदी हसन, मनोज पांडेय, सुरेंद्र प्रताप सिंह, कैश सिद्दीकी, खादिम यूनुस, इम्तियाज, हसीब और सिद्दीकी अली सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

१२ दिसंबर को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

ज्ञानपुर। जनपद न्यायालय सहित पूरे जिले में 12 दिसंबर 2026 को सुबह 10 बजे से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसमें लंबित एवं प्री-लिटिगेशन मामलों का निस्तारण आपसी सुलह-समझौते के आधार पर कराया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रभारी सचिव ने बताया कि जनपद न्यायाधीश एवं प्राधिकरण के अध्यक्ष दिनेश चन्द्र के मार्गदर्शन में आयोजित लोक अदालत में शमनीय आपराधिक वाद, चेक बाउंस, बैंक ऋण वसूली, मोटर दुर्घटना प्रतिकर, पारिवारिक विवाद, बिजली-पानी बिल, राजस्व, चकबंदी, श्रम, ई-चालान सहित अन्य सुलह योग्य मामलों का निस्तारण होगा।

वित्तीय समावेशन महाअभियान के तहत जागरुकता शिविर

ज्ञानपुर। वित्तीय समावेशन संतृप्ति महाअभियान के तहत शुक्रवार को भदोही ब्लॉक के मुसीलाटपुर गांव में विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। भारत सरकार के वित्तीय सेवाएं विभाग के निर्देश पर 21 अक्टूबर से 31 दिसंबर तक चलाए जा रहे इस अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक पात्र खाताधारकों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ना और उनके बैंक खातों की री-केवाईसी कराना है। शिविर में यूनियन बैंक के प्रयागराज क्षेत्र प्रमुख शशिकांत प्रसाद ने खेवखर निवासी उर्मिला देवी को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत दो

लाख रुपये का चेक प्रदान किया। उन्होंने लोगों से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना से जुड़ने की अपील की। साथ ही डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने और बैंक खातों की री-केवाईसी कराने पर जोर दिया। उन्होंने अवैध वित्तीय संस्थानों के प्रलोभनों से बचने और लेनदेन के लिए सरकारी बैंकों को प्राथमिकता देने की सलाह दी। वित्तीय परामर्शदाता विनीत सिंह ने साइबर धोखाधड़ी और डिजिटल अरेस्ट के बढ़ते मामलों के प्रति लोगों को आगाह किया। उन्होंने कहा कि पैसे दोगुने करने और लॉटरी जीतने जैसे लुभावने संदेशों के झांसे में न आएं। साइबर ठगी होने पर तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं। अग्रणी जिला प्रबंधक अमित कुमार गुप्ता ने सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ लेने और खातों की री-केवाईसी कराने के लिए लोगों को प्रेरित किया। उन्होंने यूनियन बैंक के यूनियन ईज एप के माध्यम से डिजिटल लेनदेन के साथ मोबाइल से मुद्रा ऋण की सुविधा की जानकारी भी दी। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया।

नशे की हालत में सड़क किनारे बेहोश मिला युवक

गोपीगंज। कोतवाली क्षेत्र के गोपीगंज-ज्ञानपुर मार्ग पर थानीपुर पेट्रोल पंप के पास शुक्रवार को सड़क किनारे एक युवक बेहोशी की हालत में पड़ा मिला। युवक को नशे की हालत में देखकर स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना सरकारी एंबुलेंस को दी। मौके पर पहुंचे एंबुलेंस के ईएमटी आशीष कुमार और पायलट शिवकुमार ने युवक को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीगंज में भर्ती कराया। अस्पताल में जांच के दौरान युवक की जेब से ज्ञानपुर रोड से कल्याण जाने का एक रिजर्वेशन टिकट और कुछ मोबाइल नंबर मिले। इन्हीं नंबरों के आधार पर एंबुलेंस कर्मियों ने उसके परिजनों से संपर्क कर घटना की जानकारी दी। युवक की पहचान राजू सिंह (45) निवासी रामपुर घाट रोड, गोपीगंज के रूप में हुई।

महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक

ज्ञानपुर। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर भदोही पुलिस की ओर से शुक्रवार को मिशन शक्ति अभियान फेज-6.0 के तहत विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान एंटी रोमियो टीमों, महिला बीट अधिकारियों और पुलिस चौकियों की टीमों ने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों और प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया।

तंदुरुस्ती और हरित पर्यावरण का आधार है साइकिल

गोपीगंज। स्वस्थ जीवन और स्वच्छ पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से शुक्रवार को गोपीगंज नगर से साइकिल यात्रा निकाली गई। 'साइकिल मैन भदोही' अताउल मुस्तफा अंसारी के नेतृत्व में राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित मुख्य चौराहे से शुरू हुई यात्रा में फिल्म निमार्ता, निर्देशक, अभिनेता और अभिनेत्रियों ने हिस्सा लेकर लोगों को स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। साइकिल यात्रा अमवा, लालानगर, माधोसिंह और औराई होते हुए उगापुर स्थित श्रीजी ढाबा पहुंची। यहां नीलिमा एंटरटेनमेंट के निमार्ता एवं अध्यक्ष ने अभियान की सराहना करते हुए प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर डॉ. अरविंद के. दीक्षित ने कहा कि साइकिल केवल आवागमन का साधन नहीं, बल्कि आरोग्य का वरदान है। अभियान में प्रवीण श्रीवास्तव, राहुल सिंह, रेशमा शेख, सत्य सिंह, सब लाल धारी, चंद्रभूषण उपाध्याय, विवेक मिश्रा, जलज दीक्षित और मनीष वर्मा सहित बड़ी संख्या में युवाओं ने भागीदारी की।

जो सज्जनताका अतिक्रमण करता है उसकी आयु, संपत्ति, यश, धर्म, पुण्य, आशीष, श्रेय सभी कुछ नष्ट हो जाते हैं। ❑ विदुर नीति

अर्नबका कहर

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) की ताजा रिपोर्टके अनुसार चक्रवाती तूफान 'अर्नब' शुक्रवारको प्रात:कालसे अब समुद्रमें सक्रिय चक्रवात नहीं है, लेकिन इसके अवशेषोंसे पूर्वी और मध्य भारतमें वर्षाका दौर जारी है। २८ अक्तूबरको अर्नबने आंध्रप्रदेशके नरसापुरके निकट तट पार किया था। तटसे टकराते समय यह अत्यन्त गम्भीर चक्रवाती तूफान था और हवाओंकी अधिकतम गति लगभग १२५-१३५ किलोमीटर प्रतिघण्टा रही, जबकि झोंकोकी गति लगभग १५० किलोमीटर प्रतिघण्टातक पहुंची थी। २९ अक्तूबरको इसका अवशेष दक्षिण छत्तीसगढ़ और उससे लगे दक्षिण ओडिशाके ऊपर निम्न दबावके रूपमें रहा। इसके बावजूद अर्नबका प्रभाव अभी समाप्त नहीं हुआ है। ओडिशा और छत्तीसगढ़में ३१ अक्तूबरतक भारीसे बहुत भारी वर्षाकी आशंका जतायी गयी है। इसके अवशेषोंकी नरमी उत्तरकी ओर पहुंचनेसे दिल्ली, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सहित उत्तर भारतके कुछ हिस्सोंमें वर्षा और हिमालयी क्षेत्रोंमें बर्फबारीकी स्थिति बनी हुई है। अर्नबसे प्रभावित राज्योंमें क्षति पहुंची है, लेकिन आंध्रप्रदेश और ओडिशामें व्यापक क्षति हुई है। पानी, बिजलीकी आपूर्ति तथा ट्रेन, बस और विमान सेवाएं काफी प्रभावित हुई हैं। १५ हजारसे अधिक बिजलीके खम्भे क्षतिग्रस्त हुए हैं। काफी संख्यामें पेड़, मकान और फसलें क्षतिग्रस्त हुई है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि सरकारकी तैयारीका स्तर काफी अच्छा रहा जिससे जन-धनकी क्षति अपेक्षाकृत कम हुई है। लाखों लोगोंको सुरक्षित स्थानोंपर ले जाया गया। अर्नबके अवशेषोंके प्रभावकी आशंका पहले ही जता दी गयी थी। इनमें पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार भी शामिल है। विश्वनीय रिपोर्टोंको देखते हुए कहा जा सकता है कि चक्रवात अर्नब केवल मौसमी घटना नहीं है, बल्कि भारतकी आपदा-प्रबन्धन क्षमता, तटीय अर्थव्यवस्था और जलवायु-जोखिमके सन्दर्भमें महत्वपूर्ण घटनाके रूपमें देखा जाना चाहिए। अर्नबके कारण हुई वास्तविक क्षतिका आकलन अभी होना है। खेती, बागवानी, सड़क, पुलिया, राजमार्गोंको व्यापक नुकसान हुआ है। बिजली व्यवस्थाको विशेष क्षति पहुंची है। कितने लोगोंकी मृत्यु हुई है, इसका वास्तविक आंकड़ा अभी सामने नहीं आया है। तूफानका कृषि क्षेत्रपर सबसे बड़ा आर्थिक दबाव पड़ना स्वाभाविक है। अर्नबसे कृषि-आर्थिकीपर बड़ा झटका माना जाना चाहिए। पूर्वी भारतके कई क्षेत्रोंमें वर्षाका प्रभाव बना हुआ है। चक्रवातके पश्चात् सबसे बड़ी चुनौती उत्पन्न होने वाली है। केन्द्र और राज्य सरकारोंको मिलकर इस दिशामें कार्य करना होगा। क्षतिका वास्तविक आकलन शीघ्रतासे होना चाहिए।

एटीएसकी बड़ी सफलता

उत्तर प्रदेश आतंकवाद निरोधक दस्ते (यूपी एटीएस) का फर्जी ई-मेल आईडी बनाने वाले नेटवर्कका पर्दाफाश करना, देशको अस्थिर करने वाली शक्तियोंपर अंकुश लगानेकी दिशामें महत्वपूर्ण सफलता मानी जायगी। इस सम्बन्धमें एटीएसने कानपुर नगरसे एक २४ वर्षीय युवकको गिरफ्तार किया है जिसके ई-मेल आईडीका इस्तेमाल नोएडा, दिल्ली-एनसीआर, गुरुग्राम और मुम्बईमें स्कूलों एवं महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानोंको बमसे उड़ानेकी धमकी देनेके लिए किया गया था। इन धमकियोंमें सिंगर दिलजीत सिंह दोसांझके दिल्ली एनसीआरमें प्रस्तावित शो और बालीवुड अभिनेताके घरको निशाना बनानेकी धमकी भी शामिल है। खास बात यह है कि इस गिरोहके जाल पाकिस्तान, बंगलादेश समेत अन्य देशोंतक फैला है। गिरफ्तार आरोपी वर्ष २०२१ से फर्जी ई-मेल आईडी बनानेका काम कर रहा था। उसके पाससे जो लैपटाप बरामद किया गया है उसमें करीब पांच लाख ई-मेल आईडी मिले हैं, जो गम्भीर चिन्ताकी बात है। वह अपनी पहचान छिपानेके लिए वाई-फाई और प्राक्सी नेटवर्कका इस्तेमाल करता रहा। इन आईडीको सोशल मीडियाके फेसबुकसे जुड़े ग्रुप्सके जरिये बेच रहा था और बाइनेंस क्रिप्टो वालेटके जरिये भुगतान लेता था। पूछताछमें जो तथ्य सामने आये हैं वह चौंकाने वाले हैं। यह पूरा खेल अन्तरराष्ट्रीय स्तरपर संचालित था। पाकिस्तान, बंगलादेश समेत तुर्किये, मिस्र और अन्य देशोंके लोगों एवं समूहोंसे सम्पर्क भी सामने आये हैं, जो देशकी शान्ति, सुरक्षाके लिए बड़ा खतरा है, क्योंकि उसके मोबाइलमें आतंकी समूहोंके भी नाम हैं जिनसे धमकीभरे सन्देश भेजे गये थे। इन सबकी गहरायीसे जांच शुरू कर दी गयी है। देशविरोधी गतिविधियोंपर अंकुश लगानेके लिए यूपी एटीएसकी लगातार सक्रियता सराहनीय है। केन्द्रसे भी जानकारी साझा करनेकी जरूरत है, ताकि इन्हें समूल नष्ट किया जा सके।

लोक संवाद

राजनीतिके बदलते संकेत

महोदय,-उत्तर प्रदेशके विधान परिषद चुनावके परिणाम केवल कुछ सीटोंपर उम्मीदवारोंकी जीत और हारकी कहानी नहीं हैं, बल्कि इनके निहितार्थ बहुत गहरे हैं। २०२७ के विधानसभा चुनावसे पहले आये इन नतीजोंने प्रदेशकी राजनीतिमें नये सवाल खड़े कर दिये हैं। 11 विधान परिषद सीटोंके लिए हुए चुनावमें भारतीय जनता पार्टीने छह और समाजवादी पार्टीने पांच सीटें हासिल कीं। इन परिणामोंने स्पष्ट कर दिया है कि उत्तर प्रदेशकी राजनीतिक जमीनपर सत्तापक्ष और विपक्षके बीच मुकाबला लगातार महत्वपूर्ण बना हुआ है। पहला निहितार्थ सत्तापक्षके लिए आत्ममंथनका है। भाजपाने छह सीटें जीतकर अपना आधार बनाये रखा लेकिन वाराणसी और लखनऊ जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रोंमें मिली पराजयने राजनीतिक विश्लेषणकी नयी गुंजाइश पैदा की है। विशेष रूपसे वाराणसी प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदीका संसदीय क्षेत्र है। यहां समाजवादी पार्टीकी सफलताको केवल एक सीटकी जीत मानकर नजरअन्दाज नहीं किया जा सकता। हालांकि विधान परिषदके चुनावका मतदाता वर्ग विधानसभा चुनावसे अलग होता है इसलिए इन परिणामोंको पूरे प्रदेशकी जन-भावनाका सीधा प्रतिबिंब मानना उचित नहीं होगा। दूसरा निहितार्थ विपक्षके मनोबलसे जुड़ा है। समाजवादी पार्टीने पांच सीटें जीतकर यह संकेत दिया है कि वह अपने संघटन और समर्थक वर्गके बीच सक्रिय राजनीतिक उपस्थिति बनाये हुए है। विपक्षके लिए यह परिणाम आगामी विधानसभा चुनावकी तैयारियोंको गति देनेका अवसर बन सकता है। लेकिन विधान परिषदमें मिली सफलताको विधानसभा चुनावमें जीतकी गारंटी समझना भी राजनीतिक भूल होगी। तीसरा निहितार्थ शिक्षकों और स्नातकोंके मुद्दोंसे संबंधित है। विधान परिषदकी इन सीटोंपर शिक्षक और स्नातक मतदाता अपनी विशेष भूमिका निभाते हैं। शिक्षाकी गुणवत्ता शिक्षकोंकी समस्याएं रोजगारके अवसर विश्वविद्यालयोंकी स्थिति और युवाओंके भविष्य जैसे मुद्दे इस चुनावके व्यापक संदर्भका हिस्सा हैं। निर्वाचित प्रतिनिधियोंके सामने अब चुनौती होगी कि वे इन वर्गोंकी अपेक्षाओंको सदनमें प्रभावी ढंगसे उठायें। चौथा निहितार्थ संघटनात्मक क्षमता और स्थानीय नेतृत्वसे जुड़ा है। चुनाव परिणाम बताते हैं कि स्थानीय स्तरपर उम्मीदवारोंकी स्वीकार्यता संघटनकी सक्रियता और मतदाताओंसे संपर्क महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। केवल बड़े नेताओंके प्रभावके भरोसे चुनावी सफलता सुनिश्चित नहीं की जा सकती। राजनीतिक दलोंको स्थानीय समस्याओं और मतदाताओंकी अपेक्षाओंको समझना होगा। पांचवां और सबसे महत्वपूर्ण निहितार्थ २०२७ के विधानसभा चुनावकी रणनीतिसे जुड़ा है। इन नतीजोंसे भाजपा और समाजवादी पार्टी दोनोंको अपनी राजनीतिक तैयारियोंकी समीक्षा करनेका अवसर मिला है। भाजपाके सामने अपने समर्थन आधारको मजबूत बनाये रखनेकी चुनौती है जबकि समाजवादी पार्टीके सामने इस सफलताको व्यापक जनसंपर्क और संघटनात्मक मजबूतीमें बदलनेका प्रश्न है। अंततः एमएलसी चुनावके नतीजोंको न तो सत्तापक्षके लिए अंतिम चेतावनी मानना चाहिए और न ही विपक्षके लिए आगामी विजयका प्रमाण। लोकतंत्रमें प्रत्येक चुनाव अपने साथ कुछ संदेश लेकर आता है। इन संदेशोंको समझनेके लिए आंकड़ोंके साथ मतदाता वर्ग स्थानीय परिस्थितियों और जनहितके मुद्दोंका भी विश्लेषण आवश्यक है। उत्तर प्रदेशकी राजनीतिमें इन परिणामोंका वास्तविक महत्व इस बातसे तय होगा कि राजनीतिक दल जनताकी अपेक्षाओंको कितनी गम्भीरतासे समझते हैं और उन्हें पूरा करनेके लिए क्या कदम उठाते हैं। **-सूर्यदीप कुशवाहा, वाराणसी।**

ट्रम्पसे असंतुष्ट अमेरिकी मतदाता

लगभग ६८ प्रतिशत मतदाता ट्रम्पके कामकाजसे और ७१ प्रतिशत उनकी आर्थिक नीतियोंसे असंतुष्ट हैं। युवा वर्ग और विभिन्न जातीय अल्पसंख्यकोंमें ट्रम्पके प्रति कड़ी नाराजगी देखी गयी है। अमेरिकाका मध्यवर्ग पेट्रोलियम पदार्थों, गैस, भोजन और जीवनयापनकी बढ़ती लागतको लेकर ट्रम्पको कोसना शुरू कर चुका है।

❑ पुष्परंजन

अमेरिकी मध्यावधि चुनावका काउंटडाउन शुरू हो चुका है। मतदान ३ नवंबरको है। ट्रम्प मध्यावधि चुनाव हार भी जाते हैं, फिर भी उनकी कुर्सी आसानीसे नहीं जायगी। ट्रम्पने खुद आशंका जतायी है कि यदि डेमोक्रेट्स कांग्रेसपर नियंत्रण हासिल कर लेते हैं तो वे उनपर महाभियोग चलानेकी कोशिश कर सकते हैं। यदि डेमोक्रेटिक पार्टी प्रतिनिधि सभा या सीनेटमें बहुमत पा लेती है तो ट्रम्पके लिए बजट या नीतियां पास कराना बेहद मुश्किल हो जायगा। हालांकि उनके पास वीटोकी शक्ति होगी, जिसका इस्तेमाल वे किसी भी बिलको रोकनेके लिए कर सकते हैं। बहुमत खोनेकी स्थितिमें विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी ट्रम्प प्रशासनकी नीतियोंकी संसदीय जांच शुरू कर सकती है, जिससे उनकी राजनीतिक मुश्किलें बढ़ सकती हैं। आज भी ऑर्थोडॉक्स यहूदी समुदायके लगभग ७० प्रतिशतसे अधिक मतदाता डोनाल्ड ट्रम्प और रिपब्लिकन पार्टीका खुलकर समर्थन करते हैं। इनका मिजाज बदलता नहीं दिख रहा। लेकिन जो बदल रहे हैं, वे हैं ब्लैक, हिस्पैनिक, यहूदी, मुस्लिम, ह्वाइट वर्किंग-क्लास और इवेंजेलिकल मतदाता। २०२४ में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्पको चुननेमें इनका बड़ा योगदान था। स्विचर वोटर्सका अब ट्रम्प प्रशासनसे मोहभंग हुआ है। ट्रम्प अमूमन अमेरिका फर्स्ट और नेशनल इंटरेस्ट जैसे शब्द इस्तेमाल करते रहे। लेकिन जब परिवारके बजटपर दबाव पड़ता है तो ये टोटके बकवास लगने लगते हैं।

भारत-अमेरिका व्यापार संधिको ट्रम्प प्रशासनने अत्यधिक जटिल बना रखा है। ट्रम्प प्रशासनकी ओरसे समय-समयपर टैरिफ दरों और शर्तोंमें बदलावसे दोनों पक्षोंके बीच भरोसा कायम करनेमें चुनौतियां आयी हैं। अब ट्रम्प मध्यावधि चुनावमें जीतें या हारें, उससे पीएम मोदीको क्या करना है, बल्कि ट्रम्प यदि हारते हैं तो मोदीपर उनके प्रहारकी धार कम हो जायगी। २०२० में ट्रम्पकी जीतके लिए भारतमें विशेष पूजा-अर्चना, हवन और महायज्ञ किये गये थे। सवाल है अब ये हिन्दू संघटन ट्रम्पके लिए पूजा-पाठ, हवन इत्यादि क्यों नहीं करवा रहे।

ट्रम्प यदि मध्यावधि चुनाव जीत गये, तब तो मानकर चलिये, तेहरानकी खैर नहीं होगी। अगले दो वर्षोंतक ट्रम्प ईरान जैसे कुछ और युद्ध वाले इलाके सृजित कर लेंगे। सत्तारूढ़ रिपब्लिकन पार्टीका संसदके दोनों सदनों (प्रतिनिधि सभा और सीनेट) पर नियंत्रण बना रहेगा, जिससे ट्रम्प अपने एजेंडे, टैक्स सुधारों और नीतियोंको आसानीसे आगे बढ़ा सकेंगे। ट्रम्पपर महाभियोग चलाने की संभावना काफी कम हो जायगी। जीत गये तो वादेके अनुसार २७ करोड़ १५ लाख अमेरिकी वयस्कोंको ५,००० डालरका चेक देना पड़ेगा। इससे सरकारी खजानेपर अतिरिक्त बोझ पड़ना तय है। हालिया सर्वेक्षणोंपर यकीन करें तो लगभग ८७ प्रतिशत डेमोक्रेटिक मतदाता ट्रम्पके कामकाज और उनकी आर्थिक नीतियोंसे असंतुष्ट हैं। करीब ७२ प्रतिशत अश्वेत मतदाता ट्रम्पके कुल कामकाजको नापसंद करते हैं। राष्ट्रीय स्तरपर स्वतंत्र मतदाताओंका एक बड़ा हिस्सा ट्रम्पसे निराश है। लगभग ६८ प्रतिशत स्वतंत्र मतदाता ट्रम्पके कामकाजसे और ७१ प्रतिशत उनकी आर्थिक नीतियोंसे असंतुष्ट हैं। जेन-जी श्रेणीके युवा वर्ग और विभिन्न जातीय अल्पसंख्यकोंमें ट्रम्पके प्रति कड़ी नाराजगी देखी गयी है। अमेरिकाका मध्यवर्ग पेट्रोलियम पदार्थों, गैस, भोजन और जीवनयापनकी बढ़ती लागतको लेकर ट्रम्पको कोसना शुरू कर चुका है।

एशियाई अमेरिकी और पैसिफिक आइलैंडर (एएपीआई) मतदाता अमेरिकी मतदाताओंके सबसे विविध समूहोंमेंसे एक हैं। 'आपी' मतदाताओंका वर्ग सबसे तेजीसे बढ़ रहा है। एएपीआई (आपी) समुदायमें लगभग १.७ करोड़ योग्य मतदाता हैं, जिनमेंसे ५६ प्रतिशतने २०२४ में अपना वोट डाला था। द एसोसिएटेड प्रेस-नॉर्क सेंटर फॉर पब्लिक अफेयर्स रिसर्च (एपी-नॉर्क-एएपीआई) के एक नये पोलके अनुसार ३ नवंबरके मध्यावधि चुनावोंके करीब आते-आते एशियाई अमेरिकी, मूल हवाईयन और प्रशांत द्वीपवासी रिपब्लिकन पार्टीसे और अधिक निराश हो गये हैं। एपी-नॉर्क-एएपीआई द्वारा ८ से १५ सितंबर २०२६ के बीच किये गये सर्वेक्षणसे पता चलता है कि ट्रम्पके दूसरे कार्यकालके दौरान अर्थव्यवस्थाको लेकर उनकी छवि खराब हुई है। इन वयस्कोंमेंसे लगभग एक-चौथाई लोग ही राष्ट्रपतिके रूपमें ट्रम्पके कामकाजके तरीकेको पसंद करते हैं। अर्थव्यवस्थाके मोर्चेपर उनके प्रदर्शनको केवल दस मेंसे दो लोग ही सही मानते हैं, जबकि एएपीआई समूहके अधिकांश वयस्क इसे आगामी चुनावके सबसे महत्वपूर्ण मुद्दोंमेंसे एक मानते हैं। आयोवाके कॉर्निंगमें रहने वाली ४५ वर्षीय कोरियाई अमेरिकी रेबेका लारोकोने २०१६ में ट्रम्पको वोट दिया था, लेकिन अर्थव्यवस्थाको संभालनेके उनके तरीकेको लेकर आश्वस्त नहीं हैं, खासकर ऐसे समयमें जब ईरान युद्धके कारण पेट्रोल-डीजलकी कीमतें लगातार बढ़ रही हैं।

पिछले तीन प्रेसिडेंशियल साइकिलमें लगभग ६,२०,००० नये मतदाता बने, जिनमें कैलिफोर्निया, हवाई, इलिनोइस, मैसाचुसेट्स, मिनेसोटा, न्यू जर्सी, न्यूयॉर्क, नेवादा, ओरेगन, वर्जीनिया, टेक्सास और वाशिंगटन जैसे राज्योंमें इनकी ताकत बढ़ी या यूं कहें कि पांच फीसदी नये आपी मतदाता नयी ताकत बने। ट्रम्पने शुरूमें अपने स्तरपर कुछ प्रमुख पदोंपर आपी समूहके व्यक्तियों (जैसे-तुलसी गबार्ड, काश पटेल) को नियुक्त किया था। लेकिन यह बहुत टिकाऊ साबित नहीं हुआ। तुलसी गबार्डने स्वयं २२ मई, २०२६ को राष्ट्रीय खुफिया निदेशकके पदसे इस्तीफा दिया था। उन्होंने इस्तीफेकी मुख्य वजह अपने पति अब्राहम विलियम्सका बोन कैंसरसे पीड़ित होना बतायी थी, जिसके चलते वह अपने परिवारके साथ रहना चाहती थीं। रिपोर्टोंमें यह भी कहा गया था कि ईरान नीति और विदेशी मामलोंपर उनके डोनाल्ड ट्रम्पसे मतभेद थे और उन्हें बड़े फैसलोंसे दरकिनार किया जा रहा था। काश पटेल अब भी एफबीआईके निदेशकके पदपर बने हुए हैं। हालांकि अप्रैल २०२६ में उनकी कार्यशैली, शराबकी लत और अनुपस्थितिको लेकर द अटलांटिककी एक रिपोर्टके बाद उनके इस्तीफे या हटाये जानेकी अटकलें जरूर तेज हुई थीं। फिर भी, काश पटेलको ट्रम्पने लो-प्रोफाइलमें रखा है। यह जगजाहिर है कि ट्रम्प और प्रधान मंत्री मोदीके 'माई डियर फ्रेंड' वाले रिश्ते सहज नहीं रहे। २२ सितंबर २०१९ को ह्यूस्टनके एनआरजी स्टेडियममें आयोजित 'हाउडी मोदी' जैसे मेगा इवेंटका इतिहास दोहराया नहीं जा सका। रूससे लगातार कच्चा तेल खरीदना भी दोनों नेताओंके बीच अनबनकी एक बड़ी वजह बनी। भारत-पाकिस्तानके बीच युद्धविराम करानेकी दावेदारी और एपस्टीन फाइल्स जैसे विवादित विषयोंको उठाकर ट्रम्प प्रधान मंत्री मोदीपर मानसिक दबाव बनाते रहे।

भारत-अमेरिका व्यापार संधिको ट्रम्प प्रशासनने अत्यधिक जटिल बना रखा है। ट्रम्प प्रशासनकी ओरसे समय-समयपर टैरिफ दरों और शर्तोंमें बदलाव (जैसे-दस प्रतिशत, १५ प्रतिशत, १९ प्रतिशत या २५ प्रतिशत तकके जवाबी शुल्कका मुद्दा) से दोनों पक्षोंके बीच भरोसा कायम करनेमें चुनौतियां आयी हैं। अब ट्रम्प मध्यावधि चुनावमें जीतें या हारें, उससे पीएम मोदीको क्या करना है, बल्कि ट्रम्प यदि हारते हैं तो मोदीपर उनके प्रहारकी धार कम हो जायगी। आप २०२० का मंजर याद कीजिए। ट्रम्पकी जीतके लिए भारतमें पुजारियों और हिन्दू समूहों द्वारा विशेष पूजा-अर्चना, हवन और महायज्ञ किये गये थे। सवाल है अब ये हिन्दू संघटन ट्रम्पके लिए पूजा-पाठ, हवन इत्यादि क्यों नहीं करवा रहे।

संघटनात्मक आत्ममंथनका अवसर

बैलेट पेपरसे चुनाव करानेपर मतदानका माध्यम बदला, लेकिन लोकतंत्रकी मूल कसौटियां नहीं बदलीं। मतदाताका विश्वास, निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा, पारदर्शी मतगणना और परिणामोंकी विश्वसनीयता आज भी उतनी ही महत्वपूर्ण हैं।

❑ महेन्द्र तिवारी

पिछले कुछ समयसे इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीनोंकी विश्वसनीयताको लेकर राजनीतिक बहस चल रही है। विपक्षके कई नेता बैलेट पेपरसे चुनाव करानेकी मांग करते रहे हैं। ऐसेमें उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र और कर्नाटकमें विधान परिषदकी २८ सीटोंके लिए बैलेट पेपरसे हुए चुनावोंने एक बार फिर इस बहसको तेज कर दिया है। सवाल यह है कि बैलेट पेपरसे चुनाव करानेपर आखिर क्या बदला। क्या इससे चुनावी व्यवस्थाकी विश्वसनीयता साबित हुई। २३ अक्तूबर २०२६ को चार राज्योंमें विधान परिषदकी शिक्षक और स्नातक निर्वाचन क्षेत्रोंकी सीटोंके लिए मतदान हुआ। इन चुनावोंमें इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीनोंके स्थानपर मतपत्रोंका इस्तेमाल किया गया। मतगणनाके दौरान भाजपा और उसके सहयोगियोंने कई सीटोंपर सफलता प्राप्त की। सपाने उत्तर प्रदेशमें अपनी उपस्थिति मजबूत की, जबकि बिहारमें जन सुराज पार्टीने भी विधान परिषदमें अपना खाता खोला। कांग्रेसको शुरुआती परिणामोंमें किसी सीटपर सफलता नहीं मिली। प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदीने इसी स्थितिका उल्लेख करते हुए कांग्रेसपर राजनीतिक टिप्पणी की और सवाल किया कि बैलेट पेपरसे हुए चुनावोंमें पार्टी कितनी सीटें जीत पायी। इस टिप्पणीने मतदान प्रणालीको लेकर चल रही बहसको फिर चर्चामें ला दिया।

हालांकि अंतिम परिणामोंने इस राजनीतिक चर्चाको एक नया मोड़ दिया। महाराष्ट्रके नागपुर स्नातक निर्वाचन क्षेत्रमें कांग्रेसके अभिजीत वंजारीने भाजपाके सुधाकर कोहलेको ३२७१ मतोंसे पराजित कर दिया। इस सीटपर मतगणना लम्बी चली और दूसरी वरीयताके मतोंकी गणनाके बाद परिणाम सामने आया। नागपुर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघका मुख्यालय होनेके साथ महाराष्ट्रके मुख्य मंत्री देवेन्द्र फडणवीस और केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरीका गृहक्षेत्र भी है। ऐसे क्षेत्रमें कांग्रेसकी जीतने भाजपाके लिए राजनीतिक चुनौती खड़ी की। इससे स्पष्ट होता है कि चुनावके शुरुआती रुझानों और अंतिम परिणामोंमें अन्तर हो सकता है। इन चुनावोंसे पहला बदलाव मतदानके तरीकेमें दिखाई दिया। इलेक्ट्रॉनिक मशीनोंके स्थानपर मतपत्रोंका उपयोग किया गया। लेकिन केवल मतदानका माध्यम बदलनेसे मतदाताओंकी राजनीतिक पसंद नहीं बदल जाती। मतदाता किसी उम्मीदवारको उसकी लोकप्रियता, राजनीतिक विचारधारा, स्थानीय कामकाज, संघटनकी सक्रियता और अपनी समस्याओंके समाधानकी उम्मीदके आधारपर चुनते हैं। इस दृष्टिसे बैलेट पेपरसे हुए चुनावोंने यह नहीं बताया कि कौन-सी मतदान प्रणाली राजनीतिक दलोंको अधिक सीटें दिलाती है। उन्होंने केवल यह दिखाया कि मतपत्रोंसे मतदान होनेपर भी राजनीतिक प्रतिस्पर्धा और उम्मीदवारोंकी क्षमता महत्वपूर्ण बने रहते हैं। दूसरा बदलाव राजनीतिक बहसमें दिखाई दिया। विपक्ष लम्बे समयसे इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीनोंकी विश्वसनीयतापर सवाल उठाता रहा है। ऐसेमें बैलेट पेपरसे हुए चुनावोंके परिणामोंको भाजपाने विपक्षकी दलीलोंके जवाबके रूपमें प्रस्तुत किया। उसका तर्क रहा कि जब मतपत्रोंसे चुनाव हुए, तब भी कांग्रेसको अपेक्षित सफलता नहीं मिली। दूसरी ओर विपक्ष यह कह सकता है कि विधान परिषदके सीमित निर्वाचन क्षेत्रोंके परिणामोंकी तुलना लोकसभा और विधानसभा चुनावोंसे सीधे नहीं की जा सकती। दोनों पक्षोंकी दलीलोंको समझते समय यह ध्यान रखना चाहिए कि किसी राजनीतिक दलकी हार अपने आपमें मतदान प्रणालीमें गड़बड़ी या उसकी पूर्ण निष्पक्षताका प्रमाण नहीं होती। तीसरा महत्वपूर्ण पक्ष विधान परिषदके चुनावोंका स्वरूप है। शिक्षक और स्नातक निर्वाचन क्षेत्रोंमें सामान्य मतदाताओंके बजाय निर्धारित पात्रता वाले मतदाता मतदान करते हैं। इन क्षेत्रोंमें शिक्षकों, शिक्षाविदों और पंजीकृत स्नातकोंकी समस्याएं चुनावी निर्णयको प्रभावित करती हैं। इसलिए इन चुनावोंको पूरे देशके मतदाताओंकी राजनीतिक पसंदका प्रतिनिधि मानना उचित नहीं होगा। लोकसभा चुनावोंमें मतदाताओंका दायरा कहीं अधिक व्यापक होता है और राष्ट्रीय नेतृत्व, महंगी, रोजगार, कृषि, सुरक्षा तथा शासन जैसे मुद्दे भी निर्णायक भूमिका निभाते हैं।

अब प्रश्न उठता है कि क्या बैलेट पेपरसे चुनाव करानेपर चुनावी पारदर्शिता बढ़ जाती है। इसका उत्तर केवल चुनाव परिणाम देखकर नहीं दिया जा सकता। मतपत्रोंके माध्यमसे मतदानमें मतदाता अपनी पसन्द कागजपर दर्ज करता है। इससे मतोंकी भौतिक जांचकी सुविधा मिल सकती है, लेकिन मतपत्रोंकी छपाई, सुरक्षित परिवहन, भंडारण, मतगणना और अमान्य मतोंका निर्धारण जैसी चुनौतियां भी सामने आती हैं। दूसरी ओर इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीनोंमें तकनीकी सुरक्षा, निर्धारित जांच, सुरक्षित रखरखाव और प्रक्रियाकी निगरानी महत्वपूर्ण होती है। किसी भी प्रणालीकी विश्वसनीयता उसके सुरक्षा उपायों, पारदर्शिता और शिकायतोंके निष्पक्ष निवारणपर निर्भर करती है। निष्पक्ष चुनावके लिए मतदाता सूचीकी शुद्धता, उम्मीदवारोंको समान अवसर, मतदान केन्द्रोंकी व्यवस्था, मतदाताओंकी स्वतंत्रता, चुनाव अधिकारियोंकी निष्पक्षता और मतगणनाकी विश्वसनीयता भी आवश्यक हैं। यदि इन पहलुओंमें कोई कमी हो तो केवल बैलेट पेपर अपना आपमें हर समस्याका समाधान नहीं बन सकता। इसी तरह इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीनोंके इस्तेमाल मात्रसे हर चुनाव स्वत: निष्पक्ष सिद्ध नहीं हो जाता। किसी भी आरोपका निर्णय राजनीतिक बयानबाजीके बजाय प्रमाणों और निर्धारित जांच प्रक्रियाके आधारपर होना चाहिए। कांग्रेसके लिए इन चुनावोंका परिणाम संघटनात्मक आत्ममंथनका अवसर है। पार्टीको यह समझना होगा कि केवल मतदान प्रणालीपर सवाल उठानेसे मतदाताओंका समर्थन प्राप्त नहीं होता। स्थानीय नेतृत्व, प्रभावी उम्मीदवारोंका चयन, कार्यकर्ताओंकी सक्रियता और जनतासे नियमित संवाद भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं। अंततः बैलेट पेपरसे चुनाव करानेपर मतदानका माध्यम बदला, लेकिन लोकतंत्रकी मूल कसौटियां नहीं बदलीं। मतदाताका विश्वास, निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा, पारदर्शी मतगणना और परिणामोंकी विश्वसनीयता आज भी उतनी ही महत्वपूर्ण हैं। नागपुरमें कांग्रेसकी जीत यह भी बताती है कि शुरुआती रुझान अंतिम निर्णय नहीं होते और चुनावी मुकाबलेमें अंतिम मतगणनातक प्रतीक्षा करनी चाहिए। इसलिए असली सवाल यह नहीं है कि बैलेट पेपरसे चुनाव करानेपर किस दलको कितनी सीटें मिलीं, बल्कि यह है कि क्या चुनाव प्रक्रियापर जनताका विश्वास मजबूत हुआ। लोकतंत्रकी सफलता किसी एक दलकी जीत या हारसे नहीं, बल्कि ऐसी व्यवस्थासे तय होती है जिसमें प्रत्येक मतदाताका मत सुरक्षित रहे, हर शिकायतकी निष्पक्ष जांच हो और राजनीतिक दल प्रमाणोंका सम्मान करते हुए जनताके निर्णयको स्वीकार करें। मतदानका माध्यम चाहे कोई भी हो, लोकतंत्रकी वास्तविक जीत तभी होगी जब चुनाव निष्पक्ष हों और जनताका विश्वास कायम रहे।

आत्मबोध

प्रेम भावसे प्रार्थना

❑ ओशो

प्रेम यदि पाप है तो पुण्य असंभव है। क्योंकि पुण्यका सार प्रेमके अतिरिक्त और कुछ भी नहीं। तथाकथित साधु, महात्मा यही कहते हैं कि प्रेम पाप है और वह ऐसी व्यर्थकी बात कहते रहे हैं, लेकिन इन्होंने इतने लंबे अरसेसे कही है कि उसकी व्यर्थता, उसका विरोधाभास दिखाई नहीं पड़ता। प्रेमको तो वह पाप कहते हैं और प्रार्थनाको पुण्य कहते हैं और तुमने कभी गौरसे नहीं देखा कि यदि प्रेम पाप है तो प्रार्थना भी पाप हो जायगी। क्योंकि प्रार्थना प्रेमका ही परिशुद्ध रूप है। माना कि प्रेममें कुछ अशुद्धियां हैं, लेकिन पाप नहीं है। सोना यदि अशुद्ध हो तो भी लोहा नहीं है। सोना अशुद्ध हो तो भी सोना है। अशुद्ध होकर भी सोना, सोना है। रही शुद्ध करनेकी बात, सो शुद्ध कर लेंगे। कूड़े, कर्कटको जला देंगे, सोनेको आगसे गुजार लेंगे, जो व्यर्थ है जल जायगा आगमें, जो सार है, जो शुद्ध है बच जायगा। प्रेम और प्रार्थनामें उतना ही फर्क है जितना अशुद्ध सोने और शुद्ध सोनेमें। परन्तु दोनों ही सोना हैं। अतीतने प्रार्थना और प्रेमको अलग-अलग तोड़ दिया था और उसका दुष्परिणाम यह हुआ कि प्रेम कलुषित हो गया। एक तरफ प्रेमको अपराध बना दिया तो जो प्रेममें थे, उनकी आत्माका अपमान किया, उनके भीतर आत्मनिंदा पैदा कर दी और इस जगतमें इससे बड़ी कोई दुर्घटना नहीं है कि किसी व्यक्तिके भीतर आत्मनिंदा पैदा हो जाय। प्रेम पाप है तो जो भी प्रेम करते हैं, सब पापी हैं और कौन है जो प्रेम नहीं करता। कोई पत्नीको करता है, कोई पतिको, कोई बेटेको, कोई भाईको, कोई मित्रको। शिष्य भी तो गुरुको प्रेम करते हैं! गुरु भी शिष्योंको प्रेम करता है! यहां जितने संबंध हैं, वह सारे संबंध मात्र प्रेमके हैं। हमने प्रेमको पापी कर दिया। सारा संसार हमने पापसे भर दिया, एक छोटी-सी भूल करके कि प्रेम पाप है। दूसरा दुष्परिणाम हुआ है कि जब प्रेम पाप हो गया तो प्रार्थना हमारी थोथी हो गयी, उसमें प्राण न रहे, औपचारिक हो गयी। प्राण तो प्रेमसे मिल सकते थे तो प्रेमको तो हमने पाप कह दिया। जीवन तो प्रेमसे मिलता है। प्रार्थनाके द्वार बंद कर दिये। प्रेमकी ही भूमिसे प्रार्थना रस पाती है तो हमने भूमिको निंदित कर दिया और प्रार्थनाके वृक्षको भूमिसे अलग कर लिया। भूमि वृक्षहीन हो गयी और वृक्ष मुर्दा हो गया। मैं घोषणा करता हूं कि प्रेम पुण्य है। विरहकी अग्निसे गुजारो इसे और तुम धीरे-धीरे पाओगे कि तुम्हारे हाथोंमें प्रार्थनाका पक्षी लग गया है, जिसके पंख हैं, जो आकाशमें उड़ सकता है। जो इतना हल्का है! क्योंकि सारा बोझ कट गया, सारी व्यर्थता गिर गयी। जिस दिन प्रार्थनाको अनुभव कर पाओगे, उस दिन तुम धन्यवाद दोगे अपने सारे प्रेमके संबंधोंको, क्योंकि उनके बिना तुम प्रार्थनातक कभी नहीं आ सकते थे। प्रेम जब प्रार्थना बनता है तो परमात्माके द्वार खुलते हैं। अपने अंत:करणमें उस परमात्माको बसा कर सच्चे हृदयसे की गयी प्रार्थना हमेशा सफल होती है।

हादसोंपर लगाम लगायेगी आधुनिक तकनीक

❑ अली खान

एईबीएसका सबसे बड़ा प्रभाव यह होगा कि यह मानव भूलके कारण होने वाले गम्भीर हादसों और उनसे होने वाली मौतोंकी संख्यामें भारी कमी लायेगा। इसके लागू होनेसे न केवल कारोंमें बैठे यात्रियोंकी जान सुरक्षित होगी, बल्कि पैदल चलने वालों और दोपहिया सवारोंको भी सुरक्षा मिलेगी। सड़क हादसोंमें लगातार बढ़ती मौतों और घातक दुर्घटनाओंपर लगाम लगानेके उद्देश्यसे भारत सरकारने एक बेहद महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक कदम उठाया है। केन्द्र सरकारके सड़क परिवहन मंत्रालयने प्रस्ताव पारित किया है कि अक्तूबर २०३० से देशमें बनने वाले सभी नये कार मॉडलोंमें 'एडवांस इमरजेंसी ब्रेकिंग सिस्टम' को अनिवार्य रूपसे लागू किया जायगा। अबतक केवल महंगी और लग्जरी कारोंतक सीमित रहने वाली यह प्रीमियम सुरक्षा तकनीक अब आम बजटकी चार पहिया गाड़ियोंका भी हिस्सा बनेगी। नये नियमोंके ड्राफ्ट नोटिफिकेशनके मुताबिक १ अक्तूबर, २०३० या उसके बाद आने वाले एम१ श्रेणीके सभी नये कार मॉडलोंमें एईबीएसका होना अनिवार्य होगा।

इसके अलावा जो मौजूदा कार मॉडल इस समय-सीमाके बाद भी बनते रहेंगे, उन्हें यह तकनीक अपनानेके लिए अतिरिक्त समय दिया गया है और उनके लिए यह नियम अक्तूबर, २०३२ से प्रभावी होगा। सरकारने केवल कारों ही नहीं, बल्कि मध्यम और भारी व्यावसायिक वाहनोंके लिए भी कड़े नियम तय किये हैं, जिसके तहत १ अक्तूबर, २०२७ से ट्रकोंके लिए संशोधित ब्रेकिंग मानक और इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी कंट्रोल सिस्टमको अनिवार्य कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि एडवांस इमरजेंसी ब्रेकिंग सिस्टम एक अत्यधिक आधुनिक और एआई-संचालित एक्टिव सेफ्टी तकनीक है, जो सड़कपर आगे चल रहे वाहनों, पैदल यात्रियों या अचानक आयी किसी बाधाको रियल-टाइममें ट्रैक करती है। यह सिस्टम गाड़ीके अगले हिस्सेमें लगे उच्च क्षमता वाले रडार, लिडार सेंसर और कैमरोंका उपयोग करके लगातार सामनेके ट्रैफिक और दूरीका विश्लेषण करता रहता है। जब कोई दूसरा वाहन या बाधा अचानक गाड़ीके सामने आ जाती है और चालक द्वारा समयपर कोई प्रतिक्रिया (जैसे ब्रेक लगाना या स्टेयरिंग मोड़ना) नहीं दी जाती तो एईबीएस तुरन्त एक्टिव हो जाता है। यह सिस्टम पहले चालकको डैशबोर्डपर विजुअल लाइट और अलर्ट साउंडके जरिये चेतावनी देता है। यदि चालक इसके बाद भी कोई त्वरित प्रतिक्रिया नहीं देता है तो सिस्टम वाहनके ऑन-बोर्ड कम्प्यूटरको सन्देश भेजकर ऑटोमैटिकली इलेक्ट्रॉनिक ब्रेक चालू कर देता है। यह पूरी प्रक्रिया एक सेकंडके भी छोटे हिस्सेमें पूरी हो जाती है, जिससे तेज रफ्तार गाड़ी समय रहते रुक जाती है या उसकी गति इतनी कम हो जाती है कि टकरानेका जोखिम न के बराबर रह जाता है।

यदि हम सड़क सुरक्षा और भारतीय यातायातपर एईबीएसके दूरगामी प्रभावकी बात करें तो भारतीय सड़कोंपर एईबीएस और ट्रकोंमें इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी कंट्रोल लागू होनेसे देशके ऑटोमोटिव सेक्टर और सड़क सुरक्षा परिदृश्यपर सकारात्मक और क्रांतिकारी प्रभाव देखनेको मिलेगा। सड़क हादसोंके आंकड़ोंपर नजर डालें तो एक बड़ी संख्यामें दुर्घटनाएं ड्राइवरकी झपकी लगने, ध्यान भटकने या तेज रफ्तारके कारण सही समयपर ब्रेक न लगा पानेकी वजहसे होती हैं। एईबीएसका सबसे बड़ा प्रभाव यह होगा कि यह मानव भूलके कारण होने वाले गम्भीर हादसों और उनसे होने वाली मौतोंकी संख्यामें भारी कमी लायगा। इसके लागू होनेसे न केवल कारोंमें बैठे यात्रियोंकी जान सुरक्षित होगी, बल्कि पैदल चलने वालों और दोपहिया सवारोंको भी सुरक्षा मिलेगी। इसके साथ ही अक्तूबर, २०२७ से ट्रकोंमें इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी कंट्रोल लगनेसे घुमावदार, खतरनाक और फिसलनभरे रास्तोंपर भारी वाहनोंके पलटनेकी आशंका बेहद कम हो जायगी, जिससे राष्ट्रीय राजमार्गोंपर लगने वाले ट्रैफिक जाम और भयानक ट्रकोंकी टक्करोंमें कमी आयगी।

भारत सरकारका यह फैसला देशको वैश्विक सड़क सुरक्षा मानकोंके समतुल्य खड़ा करता है। यद्यपि शुरुआतमें कार और ट्रक निर्माताओंके लिए इन उन्नत तकनीकोंको अपने बेस मॉडलोंमें एकीकृत करना लागतके दृष्टिकोणसे एक चुनौती हो सकता है, लेकिन समयके साथ बड़े पैमानेपर उत्पादन होनेसे एईबीएस तकनीक काफी सस्ती और सुलभ हो जायगी। यह नीति न केवल कार खरीदारोंमें सुरक्षाके प्रति जागरूकता बढ़ायेगी, बल्कि भारतके ऑटोमोबाइल बाजारको अधिक सुरक्षित और तकनीक-संपन्न बनायेगी। एईबीएस जैसे फीचर्स तकनीक और मानवीय जीवनकी सुरक्षाका एक बेहतरीन संतुलन पेश करते हैं, जो आने वाले दशकोंमें भारतीय सड़कोंको सभी के लिए सुरक्षित, सुगम और दुर्घटना-मुक्त बनानेमें मीलका पत्थर साबित होंगे।

06	जौनपुर	ग्राम सभा कोबी में लक्ष्मी नरायण कुट्टी से मुख्य मार्ग तक खडन्जा का निर्माण कार्य।	5.910	0.29550	225+500 +131= 856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
07	जौनपुर	विकास खण्ड महराजगंज के ग्राम सभा पडरी में अभय राज नाविक के घर से मुख्य मार्ग तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य।	5.500	0.27500	225+500 +131= 856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
08	जौनपुर	विकास खण्ड महराजगंज के ग्राम सभा ढेमा में पिच रोड से विकास के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य।	5.210	0.26050	225+500 +131= 856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि योजना के 11 कार्य (2026–27)									
09	जौनपुर	विकास खण्ड सिरकोनी ग्राम सैदपुर में कब्रिस्तान की बाउन्ड्री का निर्माण कार्य।	4.427	0.22135	150+500 +117 = 767	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
10	जौनपुर	विकास खण्ड धर्मापुर ग्राम खटोलिया सुबास यादव के घर के पीछे से दीपक यादव के घर तक इण्टरलाकिंग रोड का निर्माण कार्य 200 मी०।	9.310	0.46550	225+500 +131= 856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
11	जौनपुर	विकास खण्ड धर्मापुर ग्राम मोहिउद्दीनपुर सुरेन्द्र के मकान से राधेश्याम के मकान तक इण्टरलाकिंग रोड का निर्माण कार्य 120 मी०।	2.275	0.11375	150+500 +117 = 767	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
12	जौनपुर	विकास खण्ड धर्मापुर ग्राम सोनारी खडन्जा से बैजू कहार के घर तक इण्टरलाकिंग रोड का निर्माण कार्य 105 मी०।	5.080	0.25400	225+500 +131= 856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
13	जौनपुर	विकास खण्ड सिरकोनी ग्राम सुरहुरपुर प्रजापति बस्ती गौशाला मार्ग से रामधनी प्रजापति के घर तक इण्टरलाकिंग रोड का निर्माण कार्य 150 मी०।	5.390	0.26950	225+500 +131= 856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
14	जौनपुर	विकासखण्ड धर्मापुर ग्राम पिलखिनी पिच रोड से नहर से अर्जुन सिंह के घर तक इण्टरलाकिंग रोड का निर्माण कार्य 80 मी०।	5.950	0.29750	225+500 +131= 856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
15	जौनपुर	विकासखण्ड सिरकोनी ग्राम हिसामपुर वाराणसी रोड से नन्हकू प्रजापति के घर तक सी०सी०रोड का निर्माण कार्य 125 मी०।	4.427	0.22135	150+500 +117 = 767	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
16	जौनपुर	विकासखण्ड धर्मापुर ग्राम पिलखिनी पिच रोड से प्रजापति बस्ती तक खडन्जा का निर्माण कार्य 112 मी०।	9.310	0.46550	225+500 +131= 856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
17	जौनपुर	विकासखण्ड रामनगर ग्राम चोरारी नूर मोहम्मद के घर से जमीन व मस्जिद तक खडन्जा का निर्माण कार्य 250 मी०।	2.275	0.11375	150+500 +117 = 767	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
18	जौनपुर	विकासखण्ड रामनगर विजय वीर तिराहा के आगे मस्जिद के पूरब पक्की सडक से डॉ० राजेश कुमार राजभर के घर तक सी०सी० रोड का निर्माण कार्य 80 मी०।	5.080	0.25400	225+500 +131= 856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
19	जौनपुर	विकास खण्ड रामनगर ग्राम बहरी पक्की सडक से मुकेश मौर्या बस्ती तक सी०सी० रोड निर्माण कार्य 100 मी०।	5.390	0.26950	225+500 +131= 856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर

20. प्रत्येक कार्य को पूर्ण करने की समयावधि वर्षा ऋतु को शामिल करते हुए कालम सं0 7 में वर्णित है।
21. निविदा की वैधता निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि से 90 दिवस होगी। एक बार प्रस्तुत की गयी निविदा वापस नहीं ली जा सकती।
22. कार्य से सम्बन्धित निविदा प्रपत्र (Bidding documents) सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता, के कार्यालय के कार्यालय से जैसा कि कालम 8 में पता अंकित हैं, से किसी भी कार्यदिवस में दिनांक 07.11.2026 से 21.11.2026 तक पूर्वान्ह 11:00 बजे से मध्यान्ह 4:00 बजे के मध्य (अवकाश दिवस को छोड़कर) कालम संख्या 5 में अंकित धनराशि के अनुसार नकद या किसी भी शिड्यूल कामर्शियल बैंक का बैंक ड्राफ्ट, जो अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीा अभियन्त्रा विभाग, प्रखड–जौनपुर के पक्ष में जौनपुर में, भुगतान हेतु देकर प्राप्त किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र बेबसाइट से डाउनलोड की अवस्था में ड्राइंग सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता कार्यालय से जैसा कि कालम सं0 8 में दर्शाया गया है, से सम्बन्धित कार्य हेतु प्राप्त की जा सकती है।
23. निविदायें अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीा अभियन्त्रा विभाग प्रखड–जौनपुर के कार्यालय, जौनपुर के कार्यालय जिनका पता कालम सं0 8 में अंकित है, को दिनांक 23.11.2026 को 10:00 बजे पूर्वान्ह से दोपहर 12:00 बजे तक डाली जाएगी। निविदायें उसी कार्यदिवस अर्थात दिनांक 23.11.2026 को विकास भवन जौनपुर पंचम तल स्थित अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में समय दोपहर 02:00 बजे से उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्राप्ति अथवा खोलने की तिथि पर यदि कार्यालय बन्द रहता है तो निविदायें अगले कार्यकारी दिवस में निर्धारित समय व स्थान पर प्राप्त व खोली जायेंगी तथा निविदा की वैधता मूल तिथि से मानी जाएगी। शेष शर्तें पूर्ववत रहेंगी, जो टी–1 के साथ संलग्न रहेगा।
25. अधोहस्ताक्षरी के पास बिना कारण बताये एक/किसी/समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

Email: eeredjaunpur@gmailcom
Mob 9801208240

(नीरज कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखड–जौनपुर
(महामहिम राज्यपाल उ0प्र0 की तरफ से)

उ.प्र.–259806
दिनांक–29.10.2026

वेबसाइट:- **www.upgov.nic.in** पर उपलब्ध है।

7	चन्दौली	चन्दौली धरौली से नारायणपुर विजयपुर सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य।	27.53	2.75	944.00 (Including GST)	02 माह	–तदैव–
8	चन्दौली	चकिया चन्दौली मार्ग से डूही सूही से केरा होते हुए आगे चन्दौली नहर तक मार्ग पर पुलिया मरम्मत एवं सुरक्षात्मक दीवार सहित विशेष मरम्मत का कार्य।	28.41	2.84	944.00 (Including GST)	02 माह	–तदैव–
9	चन्दौली	मलेवर सम्पर्क मार्ग के किमी0–1 रपटा मरम्मत का कार्य।	19.19	1.92	944.00 (Including GST)	02 माह	–तदैव–
10	चन्दौली	जेंगुरी से पचपरा सम्पर्क मार्ग पर विशेष मरम्मत का कार्य।	10.00	1.00	856.00 (Including GST)	02 माह	–तदैव–
11	चन्दौली	मझगॉवा से मझगॉवा सम्पर्क मार्ग पर क्षतिग्रस्त पुलियों के स्थान पर विशेष मरम्मत योजनान्तर्गत नई पुलिया का कार्य।	20.46	2.05	944.00 (Including GST)	02 माह	–तदैव–
12	चन्दौली	लेडहा सम्पर्क मार्ग के किमी0–3 एवं 6 रपटा मरम्मत का कार्य।	9.97	1.00	856.00 (Including GST)	02 माह	–तदैव–
13	चन्दौली	ईशापुर कला सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य।	27.25	2.73	944.00 (Including GST)	02 माह	–तदैव–
14	चन्दौली	चकिया मुगलसराय रोड से बबुरी खरीद करेमुआ होते हुए घटमापुर तक सम्पर्क मार्ग व पुलिया के किमी0–2 में कटान रोकने हेतु सुरक्षात्मक दीवार का निर्माण सहित विशेष मरम्मत का कार्य।	32.65	3.27	944.00 (Including GST)	02 माह	–तदैव–
15	चन्दौली	ग्राम अमृतपुर से वृन्दावन बंधी सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य।	23.48	2.35	944.00 (Including GST)	02 माह	–तदैव–
16	चन्दौली	पहाड़पुर से भैसासुर तक सम्पर्क मार्ग पर आबादी भाग में सी0सी0 रोड, नाली तथा 1x3मी0 स्पान के आर0सी0सी0 कल्वर्ट का कार्य।	32.93	3.29	944.00 (Including GST)	02 माह	–तदैव–
17	चन्दौली	'शहाबगंज भोड्सर से बुढ़गांव सम्पर्क मार्ग पर सुरक्षात्मक दीवार सहित मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य।	32.57	3.26	944.00 (Including GST)	02 माह	–तदैव–
18	चन्दौली	ब्लाक शहाबगज में केरायगॉव में मन्दिर से मुरली के घर सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य।	17.34	1.73	944.00 (Including GST)	02 माह	–तदैव–
19	चन्दौली	चन्दौली चकिया से तियरा मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य।	4.54	0.45	767.00 (Including GST)	02 माह	–तदैव–
20	चन्दौली	चन्दौली धरौली मार्ग पर किमी0–2 से पैतुआ सम्पर्क मार्ग पर क्षतिग्रस्त पुलिया के स्थान पर 1x2मी0 स्पान का आर0सी0सी0 कल्वर्ट का कार्य।	11.17	1.12	856.00 (Including GST)	02 माह	–तदैव–
21	चन्दौली	चन्दौली चकिया से केराडीह सम्पर्क मार्ग पर पुलिया मरम्मत एवं आबादी भाग में सी0सी0 रोड का कार्य।	16.26	1.63	944.00 (Including GST)	02 माह	–तदैव–
22	चन्दौली	पचवनिया से केराडीह मार्ग पर पुलिया मरम्मत सहित विशेष मरम्मत का कार्य।	24.20	2.42	944.00 (Including GST)	02 माह	–तदैव–
23	चन्दौली	ढोढ़नपुर मार्ग पर पुलिया मरम्मत सहित सुरक्षात्मक कार्य।	30.41	3.04	944.00 (Including GST)	02 माह	–तदैव–
24	चन्दौली	बेन धरौली मार्ग से भिटिया होते हुए जिगना सम्पर्क मार्ग तक शून्य से लेपन का कार्य।	22.68	2.27	944.00 (Including GST)	02 माह	–तदैव–
25	चन्दौली	भभौरा लिंक मार्ग पर सुरक्षात्मक दीवार का निर्माण का कार्य।	17.02	1.70	944.00 (Including GST)	02 माह	–तदैव–

- बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गई दरें जी0एस0टी0 को 32º93छोड़ते हुये लगाई गयी है।
- शासनादेश सं0–879(1)/23–7–2020, दिनांक–25.08.2020 32º57में निहित प्राविधानानुसार प्रहरी एप्लीकेशन पर वांछित प्रपत्र अपलोड करना अनिवार्य होगा।
- निविदा की धरोहर धनराशि शासनादेश सं0–63/78–2–2018–42आई0टी0/2017टी0सी0 दि0 07.02.2018 के क्रम में इण्टरनेट बैकिंग के माध्यम से ऑनलाइन ई–टेण्डर पोर्टल पर भुगतान की जायेगी।
- निविदा ऑनलाईन दिनांक–03.11.2026 अपरान्ह 12:00 बजे से दिनांक–13.11.2026 अपरान्ह 12.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक–13.11.2026 को 12:30 बजे खोली जायेगी तथा अर्ह निविदादाताओं की वित्तीय बिडें कार्यालय आदेशानुसार निर्धारित समय दिनांक एवं स्थान पर खोली जायेगी। निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि दिनांक–13.11.2026 को अपरान्ह 12:00 बजे तक यदि कोई शुद्धि पत्र होगा तो उसे http://etender.up.nic.in पर अपलोड कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण हेतु http://etender.up.nic.in पर Login करें।

(कृष्ण कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0
चन्दौली

उ.प्र.–259747
दिनांक–29.10.2026

वेबसाइट:- **www.upgov.nic.in** पर उपलब्ध है।

पत्नी की हत्या के दोषी पति को उम्रकैद

चंदौली। इलिया थाना क्षेत्र में पत्नी की निर्मम हत्या के मामले में न्यायालय ने आरोपी पति को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 50 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। जुर्माना अदा नहीं करने पर अभियुक्त को दो वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। पुलिस ने बताया कि 18 मार्च 2024 की रात करीब नौ बजे ग्राम सीहर निवासी इजहार अली उर्फ मुन्ना का अपनी पत्नी निशा बेगम से ई-रिक्शा की किश्त और पैसों के लेन-देन को लेकर विवाद हुआ था। निशा ने अपने मायके और समूह से कर्ज लेकर ई-रिक्शा खरीदा था। इसी बात से नाराज होकर इजहार ने घर का दरवाजा अंदर से बंद कर ईंट-पत्थरों से पत्नी के सिर और चेहरे पर हमला किया तथा गला दबाकर उसकी हत्या कर दी थी। मृतका के भाई की तहरीर पर इलिया थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत पुलिस ने वैज्ञानिक साक्ष्य और डीएनए रिपोर्ट के आधार पर प्रभावी पैरवी की। 30 अक्टूबर को अपर सत्र न्यायाधीश न्यायालय संख्या-1ए चंदौली के पीठासीन अधिकारी अशोक कुमार ने इजहार अली को दोषसिद्ध करते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। प्रभावी पैरवी में मॉनिटरिंग सेल,एडीजीसी संजय कुमार त्रिपाठी और थाना इलिया के पैरोकार हेड कांस्टेबल अश्वनी राय की भूमिका सराहनीय रही।

चक्रवात से हुए नुकसान का अधिकारियों संग डीएम ने जाना हाल

चंदौली। चक्रवाती तूफान के कारण जिले भर में हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए जिलाधिकारी चंद्र मोहन गर्ग खुद प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करते हुए उन्होंने जमीनी स्थिति को देखा और प्रशासनिक अधिकारियों को बिना किसी लापरवाही के तत्काल राहत कार्य और क्षति का आकलन पूरा करने के स्पष्ट निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारियों, तहसीलदारों और क्षेत्र के सभी लेखपालों को निर्देशित किया है कि वे संयुक्त रूप से अपने-अपने आवंटित क्षेत्रों में घूम-घूमकर हुए नुकसान की वास्तविक स्थिति की विस्तृत रिपोर्ट तैयार करें। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी कि किसी भी पात्र पीड़ित को सहायता से वंचित न रखा जाए। सभी उपजिलाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में तहसीलदारों व लेखपालों के माध्यम से फसल, मकान व अन्य

नुकसान के सटीक आकलन, त्वरित मुआवजे के दिये निर्देश

परिसंपत्तियों को पहुंचे नुकसान का तत्काल सटीक आकलन (सर्वे) कराएं। उन्होंने कहा नुकसान का अंतिम आकलन तैयार होते ही सरकार की ओर से निर्धारित राहत/मुआवजा राशि का भुगतान प्रभावितों के खातों में शीघ्रता से हस्तांतरित (डिस्बर्स) किया जाए। चक्रवात के मद्देनजर सभी प्रशासनिक व राजस्व अधिकारियों को अलर्ट पर रखा गया है, ताकि किसी भी आपात स्थिति से तुरंत निपटा जा सके।

बेमौसम बारिश ने किसानों की बढ़ायी मुश्किलें

धानापुर । चंदौली जिले में पिछले कुछ समय से हो रही लगातार बेमौसम बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। बारिश के चलते खेतों में खड़ी धान की फसल बड़े पैमाने पर जमीन पर गिर गई है। वहीं, खेतों में पानी भर जाने से फसल को काफी नुकसान पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। बताया जाता है कि अर्बन नामक चक्रवात किसानों के लिए किसी बड़ी मुसीबत से कम नहीं है। दो दिनों से तेज हवाओ के साथ हो रही तेज बारिश के बाद जिन खेतों में धान की फसल पककर कटाई के लिए तैयार थी, वहां अब फसल पानी में डूबी हुई और फसले जमीन पर बिछी नजर आ रही है। लगातार बारिश और तेज हवा के कारण धान की बालियां भीग रही हैं, वही धानापुर व चहनिया ब्लॉक के गंगा के तट वर्ती दर्जनो गाँवो के किसानो की बाजरे की फसले कट रही थी मगर इस बारिश से पूरी फसल बर्बाद हो गयी है। सीता पोखरी गांव के युवा किसान रामदुलार यादव का कहना है कि बारिश से फसलों का उत्पादन व गुणवत्ता दोनों प्रभावित होने की आशंका है।

क्षेत्रों का निरीक्षण करते जिलाधिकारी। छाया: आज

चक्रवाती तूफान से खेतों में बिछी धान की फसल

चकिया। चक्रवाती तूफान अर्नब ने तहसील क्षेत्र में किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। तेज हवाओं के चलते खेतों में खड़ी धान की फसलें गिरकर बर्बाद हो गई हैं। फसलों को हुए नुकसान की जानकारी मिलने पर शुक्रवार को तहसीलदार देवेंद्र कुमार यादव ने प्रभावित गांवों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। तहसीलदार देवेंद्र कुमार यादव ने लेवा, चितौड़ी, मवैया, लालपुर, कुआं और भुड़कुड़ा गांवों में खेतों तक पहुंचकर क्षतिग्रस्त धान की फसलों का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित राजस्व कर्मियों को प्रभावित किसानों के खेतों का मौके पर सत्यापन कर नुकसान की सही रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही मुआवजे की कार्रवाई में तेजी लाने को कहा। उधर, नायब तहसीलदार मोहम्मद आरिफ ने शहाबगंज विकासखंड के विभिन्न गांवों में पहुंचकर तूफान से प्रभावित फसलों और गिर चुके कच्चे मकानों का निरीक्षण किया। उन्होंने नुकसान का आकलन कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। प्रशासन की ओर से सर्वे शुरू होने से नुकसान झेल रहे किसानों को मुआवजा मिलने की आस बंधी है।

अधिवक्ता ने पेश की ईमानदारी की मिसाल

कमालपुर। ईमानदारी और मानवता आज भी समाज में जिंदा दिखाई दे रही है। बरहनी विकासखंड के घोसवा गांव निवासी अधिवक्ता नवीन कुमार सिंह ने पेश किया है। उन्होंने सड़क पर मिले 50 हजार रुपये अपने पास रखने के बजाय पुलिस को सौंपकर उसके असली मालिक तक पहुंचाने की पहल की है। उनकी इस ईमानदारी की क्षेत्र में खूब सराहना हो रही है। जानकारी के अनुसार, अधिवक्ता नवीन कुमार सिंह गुरुवार की शाम चंदौली न्यायालय से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान सैयदराजा-जमानियां मार्ग पर बरहनी क्षेत्र में उन्हें सड़क पर किसी व्यक्ति के गिरे हुए 50 हजार रुपये मिले। इसके लिए देर रात कंदवा थानाध्यक्ष विनोद कुमार आंचल को फोन कर पूरी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वह मिले हुए रुपये लिखित प्रक्रिया पूरी कर पुलिस के सुपुर्द करना चाहते हैं, ताकि समाचार माध्यमों से इसकी जानकारी प्रसारित कर रुपये के वास्तविक मालिक को खोजा जा सके। थानाध्यक्ष विनोद कुमार आंचल ने अधिवक्ता की ईमानदारी की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे व्यक्ति समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

मुंह पर स्प्रे छिड़ककर लाखों के जेवरात, नकदी लेकर फरार

चहनियां। बलुआ थाना क्षेत्र में चोरी की लगातार हो रही घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। बेखौफ चोर लगातार पुलिस को चुनौती दे रहे हैं। इटवां गांव में बीती रात चोरों ने मुन्ना प्रजापति के घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के जेवरात और 12 हजार रुपये नकदी पर हाथ साफ कर दिया। विरोध करने पर बीमार किशोर 17 वर्षीय राजकुमार के मुंह पर स्प्रे मारकर मारापीटा । पीड़ित परिवार के अनुसार चोरी हुए जेवरात की कीमत करीब दो से तीन लाख रुपये है। घटना के दौरान घर में मौजूद राजकुमार प्रजापति बुखार से पीड़ित था। वह दवा खाने के बाद घर के एक कमरे में सो रहा था। परिजनों के मुताबिक, रात करीब 12 बजे अज्ञात चोर घर में घुसे और उस कमरे में पहुंच गए, जहां बक्से में गहने और नकदी रखी हुई थी। चोरों ने जैसे ही बक्से का ताला तोड़ा, उसकी आवाज सुनकर राजकुमार की नींद खुल गई। राजकुमार के अनुसार, चोरों ने उसके मुंह पर कोई स्प्रे छिड़क दिया, जिससे उसे ठीक से दिखाई नहीं दे रहा था। इसके बावजूद उसने एक चोर का पैर पकड़कर शोर मचाना शुरू कर दिया। इस पर चोरों ने उसके साथ मारपीट की, जिससे उसके सिर और पीठ में चोटें आईं। जब तक वे मौके पर पहुंचे, चोर भाग चुके थे। मुन्ना प्रजापति ने बताया कि करीब एक पाव चांदी की पैंजनी, आधा किलो का करधनी, सोने का सिकड़ी, ककनि, मंगलसूत्र, अंगूठी, चार दुल्हन पायल, दो सादा पायल,12 हजार नकद चुरा ले गए । ये तीन की संख्या में मुंह पर गमछा बांधे थे । सूचना मिलते ही बलुआ पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू कर दी । इस संबंध में बलुआ थाना प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच कर रही है। जल्द ही घटना का खुलासा कर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

संक्षिप्त

प्रधानमंत्री ने किसानों की २४वीं किश्त किया जारी

चंदौली। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 24वीं किश्त प्रधानमंत्री सुबह 10:30 बजे बनासकांठा (गुजरात) से प्रधानमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत किसानों की 24वीं किश्त जारी किया गया। जिसमें जनपद चन्दौली के कुल 203650 किसानों की प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 24वीं किश्त कृषकों के खाते में हस्तान्तरित की गयी। जनपद स्तर पर कृषि विज्ञान केन्द्र तथा समस्त विकास खण्ड एवं समस्त ग्राम पंचायत के पंचायत भवनों पर प्रधानमंत्री के उद्बोधन का लाइव प्रसारण किया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र, चन्दौली के लाइव प्रसारण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सैयदराजा विधायक प्रतिनिधि, मनोज कुमार उपाध्याय उपस्थित रहे। विधायक सैयदराजा द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि प्राप्त किसानों को बधाई दी गयी।

दो नवंबर को एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन

मुगलसराय। उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ के प्रदेश अध्यक्ष व सफाई कर्मचारी संघर्ष संयुक्त मोर्चा के मुख्य संयोजक राम प्रसाद वाल्मीकि के आवाहन पर 2 नवंबर दिन सोमवार प्रात:10:00 बजे से नगर निगम के सामने लाल बाग लखनऊ में एक दिवसीय विशाल धरना प्रदर्शन 6 सूत्री मांगों को लेकर होगा संघ के जिला अध्यक्ष भागवत नारायण चौरसिया ने नगर पालिका परिषद सफाई कर्मचारियों से जनसंपर्क व पम्प्लेट वितरण कर अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का अपील किया गया।

राम जानकी मठ मंदिर में मानस परायण,राम कथा का आयोजन

चंदौली। राम जानकी मठ मंदिर चंदौली के 40 वे वर्षगांठ पर चल रहे मानस परायण और राम कथा के तीसरे दिवस पर पटना से पधारे व्यास पूज्य राजनिशाचार्य महाराज ने कहा कि भगवान किसी को मारने नहीं आते वे तो अपने इस लोक को आलोकित करने के लिए आते हैं। पृथ्वी पर धर्म की रक्षा के लिए आते हैं, संत भक्ति के रक्षा के लिए आते हैं । राम सीय सिर देही शोभा कहि न जाति बिधि के ही सिंदूर का महत्व महाराज ने बताया कि भारतीय संस्कृति के शक्ति का प्रतीक है। प्रात: काल भगवान भास्कर उदय होते हैं तो उनका रंग सिंदूर जैसा रहता है गेना गुड़हल गुलाब का रंग ऐसा ही रहता है इस रंग के कपड़े को भारतीय संतों ने अग्नि भे श कहा है गणेश जी के शरीर में सिंदूर लगाया जाता है । हनुमान जी के शरीर में सिंदूर लगाया जाता है एक प्रेम बंधन का प्रतीक है यह सनातन साक्षी है। इस अवसर पर पंडित वशिष्ठ नारायण उपाध्याय जौनपुरी,शिया जी इन्दौर,पंडित राम चन्द्र मिश्र,मंच संचालक संत चन्द्र बली दास सोनभद्र,जय शंकर दिवेदी ,हरिद्वार सिंह, शिव बच्चन सिंह, राजनारायण विश्वकर्मा, पंकज तिवारी, सुरेन्द्र मिस्त्र मैजूद रहे।

सपा के पूर्व विधायक मनोज सिंह डब्लू करायेंगे भागवत कथा

धानापुर । सैयदराजा विधानसभा क्षेत्र में धर्म के मंच पर सियासत की हलचल तेज हो गई है। विधायक सैयदराजा की रामकथा के बाद अब सपा के पूर्व विधायक मनोज सिंह डब्लू ने सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन की घोषणा किया है। लगातार हो रहे बड़े धार्मिक आयोजनों को 2027 विधानसभा चुनाव से पहले जनता के बीच अपनी मौजूदगी मजबूत करने की कोशिश के रूप में भी देखा जा रहा है। गौरतलब है कि धानापुर के ओदरा दशमी पोखरा पर विधायक सैयदराजा की ओर से आयोजित चार दिवसीय श्रीरामकथा में अंतरराष्ट्रीय कथावाचक राजन जी महाराज ने कथा सुनाई थी। अब पूर्व विधायक मनोज सिंह डब्लू अपने पैतृक गांव माधोपुर डबरिया में 26 नवंबर से 2 दिसंबर तक भव्य श्रीमद्भागवत कथा कराएंगे। अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पूज्या पंडित गौरांगी गौरी जी कथा का वाचन करेंगी। इस संबंध में मनोज सिंह डब्लू ने बताया कि आयोजन पूरी तरह अराजनीतिक रहेगा। उन्होंने क्षेत्रीय जनता से बड़ी संख्या में पहुंचने की अपील की है।

तेज आंधी,मूसलाधार बारिश से दो ट्रांसफार्मर जले

चंदौली। जनपद में अचानक आई तेज आंधी और मूसलाधार बारिश के चलते विद्युत विभाग को भारी नुकसान हुआ है। आंधी और आकाशीय बिजली की चपेट में आने से शंकर मोड़ पर स्थापित 630 केवीए क्षमता का वितरण ट्रांसफार्मर तथा ट्रांजिट हॉस्टल परिसर में लगा 400 केवीए क्षमता का ट्रांसफार्मर जलकर क्षतिग्रस्त हो गया। दोनों ट्रांसफार्मरों के खराब होने से संबंधित क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही विद्युत विभाग के अधिकारी और कर्मचारी सक्रिय हो गए। विभाग की ओर से क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मरों को बदलने और बिजली आपूर्ति जल्द बहाल करने के लिए आवश्यक कार्रवाई की विभाग ने इस घटना को प्राकृतिक आपदा (तेज आंधी एवं आकाशीय बिजली) से हुई क्षति के रूप में संज्ञानित किया है। साथ ही दोनों क्षतिग्रस्त वितरण ट्रांसफार्मरों के स्थान पर नए मोबाइल ट्रांसफार्मर जल्द विद्युत आपूर्ति सुचारु करा दिया।

चक्रवाती तूफान ने ठंड की दी दस्तक

चंदौली। उडीसा के तट पर चक्रवाती तूफान अर्नब के टकराने का असर कई राज्यों में देखने को मिल रहा है। इसका असर अपने जनपद चंदौली में भी देखने को मिला। चक्रवाती तूफान से हुई बारिश खेतों में धान कि खड़ी फसल लोट गई, जिसकों को लेकर किसानों के माथे पर सिकन पड़ गया है। अब वह धान की फसल से होने वाले आय को लेकर चिन्तित है। वहीं बारिश होने से ठंड भी दस्तक दे दी है। ठंड को देखते हुए लोग इसके राहत उपाय में लग गए है।

एसपी ने स्मार्ट कंट्रोल रूम का किया गहन निरीक्षण

चन्दौली। पुलिस अधीक्षक आकाश पटेल द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक (सदर) विक्रम दहिया, अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) सतीश चन्द्र शुक्ला तथा क्षेत्राधिकारी (लाइन) डॉ. चारू द्विवेदी की उपस्थिति में पुलिस कार्यालय की समस्त शाखाओं सहित पुलिस लाइन की विभिन्न शाखाओं, साइबर क्राइम थाना और स्मार्ट कंट्रोल रूम का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान कार्यालयों की कार्यप्रणाली, अभिलेखों के रख-रखाव, साफ-सफाई और जनसुनवाई व्यवस्था की गुणवत्ता की बारीकी से समीक्षा की गई। पुलिस कार्यालय की समस्त शाखाओं का विस्तृत निरीक्षण: पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा पुलिस कार्यालय की निम्नलिखित शाखाओं का एक-एक कर बारीकी से निरीक्षण किया गया तथा संबंधित प्रभारियों से कार्यों की प्रगति की जानकारी ली गई:आंकिक शाखा कर्मचारियों के वेतन भुगतान, एरियर, बजट और वित्तीय अभिलेखों के रख-रखाव की जांच की गई तथा सभी वित्तीय कार्यों को पारदर्शिता के साथ समय पर पूरा करने के

एक दशक से बदहाली पर आंसू बहा रहा तारापुर-कैली

सकलडीहा। तारापुर चौराहे से होकर कैली चौराहे को जोड़ने वाला लगभग 6 किलोमीटर मुख्य मार्ग लगभग एक दशक से अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। यह मार्ग दर्जनों गांवों को जोड़ने वाला मुख्य संपर्क मार्ग है। जिससे प्रतिदिन सैकड़ों राहगीरों का आवागमन होता है।ग्रामीणों की लगातार मांग पर विभाग ने कैली चौराहे से सैदपुरा गांव तक लगभग 2 किलोमीटर सड़क की मरम्मत तो कर दी। लेकिन अभी भी लगभग 4 किलोमीटर सड़क जस की तस पड़ी है। इस 4 किमी हिस्से में लगभग 200 से अधिक बड़े-बड़े गड्ढे बन गये हैं। जिसमें प्रतिदिन राहगीर गिरकर चोटिल हो रहे हैं। बरसात में तो स्थिति और भी नारकीय हो जाती है। इसको लेकर ककरही खुर्द गांव निवासी रामजनम बागी एड ने बताया कि इस सड़क पर चलना जान जोखिम में डालने जैसा है। कई बार शिकायत की, लेकिन सिर्फ आश्वासन मिलता है। गड्ढों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। तारापुर गांव निवासी सोहेल खान ने कहा, बाइक से निकलना मुश्किल है, गड्ढों में गिरकर कई लोग घायल हो चुके हैं। छात्र और मरीजों को सबसे ज्यादा परेशानी होती है। महरखां गांव निवासी सुभाष चंद्र ने बताया, यह मुख्य मार्ग है, सैदपुरा, कैली तक के लोग इसी से आते-जाते हैं। प्रशासन को जल्द मरम्मत करानी चाहिए। कैथा उर्फ टडिया गांव निवासी राजकुमार पप्पू ने कहा कि 200 से अधिक गड्ढे हैं। कोई सुनने वाला नहीं। अगर जल्द मरम्मत नहीं हुई तो ग्रामीण आंदोलन को बाध्य होंगे। इस संबंध में एक्सईएन राजेश कुमार ने बताया कि सड़क के शेष 4 किमी हिस्से की मरम्मत का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया है। जल्द ही स्वीकृति मिलने वाली है। स्वीकृति मिलते ही मरम्मत कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

नि:शुल्क सहायक उपकरण शिविर में हुआ लाभार्थियों का चयन

चहनियां। चहनियां क्षेत्र के हुदहुदीपुर सेवड़ी में ग्रिड-इंडिया एवं भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए नि:शुल्क सहायक उपकरण परीक्षण एवं चयन शिविर का आयोजन शुक्रवार को सानवी इंटरप्राइजेज संस्था के पहल पर यह कार्य होगा । समाजसेवी सूरज सिंह अमन द्वारा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में क्षेत्र के दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों ने बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान लगभग 70 से 200 जरूरतमंद लाभार्थियों का विभिन्न सहायक उपकरणों के वितरण के लिए परीक्षण, पंजीकरण एवं चयन किया गया। सूरज सिंह अमन ने बताया कि शिविर में पात्र लाभार्थियों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए बैटरी चालित ट्राइसाइकिल, मोटराइज्ड उपकरण, व्हीलचेयर, बैसाखी, श्रवण यंत्र एवं अन्य सहायक उपकरणों के लिए परीक्षण किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों एवं बुजुर्गों को आत्मनिर्भर बनाना तथा उनके जीवन को अधिक सुविधाजनक बनाना है। शिविर में पहुंचे लाभार्थियों के आवश्यक दस्तावेजों की जांच कर उनका पंजीकरण किया गया और शारीरिक आवश्यकताओं के अनुसार उपकरणों के लिए चयन प्रक्रिया पूरी की गई। ग्रिड-इंडिया एवं एलिम्को की इस सामाजिक पहल से ग्रामीण क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों को काफी लाभ मिलने की उम्मीद है। स्थानीय लोगों ने इस जन कल्याणकारी कार्य की सराहना करते हुए संस्था के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उपस्थित कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने लाभार्थियों को आश्वस्त किया कि चयन प्रक्रिया पूरी होने के बाद पात्र लोगों को नियमानुसार आवश्यक सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे।

सरकारी टेंडर दिलाने के नाम पर १.५३ करोड़ की ठगी का आरोप

मुगलसराय। कोतवाली क्षेत्र में सरकारी विभागों में टेंडर दिलाने के नाम पर 1.53 करोड़ रुपये की कथित ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित व्यापारी अशोक कुमार जायसवाल ने निखिल कुमार चटर्जी पर रेलवे, सीआईएसएफ समेत अन्य सरकारी संस्थानों में ठेका दिलाने का भरोसा देकर रकम लेने और धोखाधड़ी करने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित के मुताबिक, आरोपी ने सरकारी ई-मार्केटप्लेस पोर्टल के माध्यम से टेंडर और ऑर्डर दिलाने का आश्वासन दिया था। इसके लिए कथित तौर पर फर्जी ऑर्डर तैयार किए गए और सरकारी अधिकारियों के नाम से ईमेल भेजकर विश्वास में लिया गया। इसी आधार पर अलग-अलग समय में उनसे करीब 1.53 करोड़ रुपये लिए गए। बाद में न तो उन्हें बताए गए टेंडर मिले और न ही उनकी रकम वापस की गई। पीड़ित का कहना है कि इस मामले में मुकदमा दर्ज होने के बावजूद अब तक गिरफ्तारी नहीं हुई है। इससे परेशान होकर उन्होंने एक बार फिर पुलिस अधीक्षक आकाश पटेल से मुलाकात कर न्याय की गुहार लगाई है। साथ ही मुख्यमंत्री से भी शिकायत कर कथित ठगी की रकम वापस दिलाने और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

जन सहयोग संस्था के शिविर में १४ ने किया रक्तदान

चंदौली। सिविल बार एसोसिएशन व जन सहयोग संस्थान की ओर से शुक्रवार को बार सभागार में रक्तदान शिविर व नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 14 रक्तवीरों ने रक्तदान कर दूसरों को प्रेरित व जागरूक किया। इसके साथ ही वाराणसी से आयी पापुलर अस्पताल की टीम ने अधिवक्ताओं के स्वास्थ्य की जांच की और उन्हें चिकित्सा परामर्श देने के साथ ही नि:शुल्क दवाएं भी वितरित की। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष अजीत कुमार सोनी ने बताया कि रक्तदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी अपने पुत्र अनिकेत सोनी के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। अबकी बार सिविल बार एसोसिएशन सभागार में कैम्प का आयोजन किया गया, जिसमें संस्था के लोगों के साथ ही राकेश रत्न तिवारी, संजीव कुमार श्रीवास्तव समेत तमाम अधिवक्ताओं ने रक्तदान किया। इसके साथ ही अधिवक्ताओं ने अपने स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया। इसके बाद शासकीय अधिवक्ता शशिशंकर सिंह व सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष डा. विरेंद्र कुमार सिंह ने रक्तदान के क्षेत्र में उम्दा कार्य करने वाले लोगों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर हौसला बढ़ाया। कहा कि रक्तदान को महादान की श्रेणी में रखा गया है। ऐसे में रक्तदान के प्रति लोगों को बढ़-चढ़कर आगे आने की जरूरत है। इससे दूसरों की मदद करने के साथ ही खुद की स्वास्थ्य भी ठीक रहता है। इस अवसर पर झन्मेजय सिंह, अजय कुमार मौर्य, राजेंद्र पांडेय, संदीप कुमार सिंह, दीपक मौर्या, अंकित सिंह, चन्द्रबली पासवान, अनवार अंसारी, रंजीत सोनी, सतनाम सिंह, तनवीर अंसारी, नितेश जैस के अलावा ब्लड बैंक से डा. दिनेश सिंह, संध्या, बृजेश कुमार, अजीत कुमार,लखेन्द्र आदि उपस्थित रहे।

आक्रोशित अधिवक्ताओं ने पैदल मार्च कर जतायी नाराजगी

चंदौली। हाईकोर्ट इलाहाबाद में अधिवक्ता के साथ दुर्व्यवहार की घटना से आक्रोशित चंदौली के अधिवक्ताओं ने शुक्रवार को कचहरी परिसर से जुलूस निकाला और न्यायिक कार्य से विरत रहे। इस दौरान विरोध में जमकर नारेबाजी की और अधिवक्ता के साथ दुर्व्यवहार करने वाले न्यायमूर्ति के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर सर्विस रोड को जाम कर दिया। चेताया कि अधिवक्ता के साथ किसी भी तरह का दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अधिवक्ताओं ने हाईकोर्ट के मुख्य न्यायमूर्ति से मांग किया कि प्रकरण में उचित कार्यवाही सुनिश्चित करें, ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति ना होने पाए। इस दौरान अधिवक्ता झन्मेजय सिंह ने कहा कि बार-बेंच के बीच ऐसे संबंध नहीं होने चाहिए। बार यदि बेंच का सम्मान करती है तो बेंच को बार के मान-सम्मान व गरिमा का ध्यान रखने की जरूरत है।

पांच दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा शुरू

चहनियां । क्षेत्र के नादी निधौरा गांव में मौनी बाबा सेवा आश्रम ट्रस्ट की ओर से श्री श्री 1008 रामकिंकर दास मौनी महाराज की पुण्यतिथि के अवसर पर पांच दिवसीय श्रीराम कथा का भव्य आयोजन किया गया है। 29 अक्टूबर से प्रारंभ हुई इस श्रीराम कथा के ब्यास आशुतोष भारद्वाज महाराज द्वारा श्रद्धालुओं को रसपान कराया जा रहा है। कथा में प्रतिदिन दूर-दराज के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर कथा का श्रवण कर रहे हैं। कथा के समापन अवसर पर आगामी 3 नवंबर को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं के प्रसाद ग्रहण करने की व्यवस्था की गई है। कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की उपस्थिति से धार्मिक उत्साह का माहौल बना हुआ है। भगवान श्रीराम के आदर्शों, मर्यादा, त्याग, प्रेम और आदर्श जीवन के संदेशों के माध्यम से श्रद्धालुओं को धर्म के मार्ग पर चलने तथा अपने जीवन में सदाचार अपनाने की प्रेरणा मिल रही है। मौनी बाबा सेवा आश्रम ट्रस्ट की ओर से आयोजित यह धार्मिक कार्यक्रम श्री श्री 1008 रामकिंकर दास मौनी महाराज की पुण्यस्मृति को समर्पित है। इस आयोजन के माध्यम से श्रद्धालु महाराज को श्रद्धापूर्वक नमन कर रहे हैं। पांच दिवसीय श्रीराम कथा का समापन 3 नवंबर को होगा। इस अवसर पर मौनी बाबा सेवा आश्रम ट्रस्ट की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

जानलेवा हमला करने वाला वांछित आरोपी गिरफ्तार

सकलडीहा। कोतवाली क्षेत्र के बहरवानी गांव में पुरानी रंजिश को लेकर हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान करन (23 वर्ष) पुत्र गोरख निवासी ग्राम बहरवानी के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को 30 अक्टूबर को सुबह करीब 8:20 बजे गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, 27 सितंबर 2026 को बहरवानी गांव निवासी रमायन नट और विपक्षी पक्ष के बीच पुरानी रंजिश को लेकर विवाद हुआ था। आरोप है कि इसी दौरान पप्पू नट, परदेशी नट, शिवा, सलमान और करन ने एकराय होकर गाली-गलौज की और जान से मारने की नीयत से लाठी-डंडों से रमायन नट तथा उनके परिजनों राजू और शिवानी पर हमला कर दिया। हमले में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घटना के बाद पीड़ित की तहरीर पर थाना सकलडीहा में मुकदमा के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले में वांछित चल रहे करन को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई थानाध्यक्ष भूपेन्द्र कुमार निषाद के नेतृत्व में की गई। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक जनक सिंह, कांस्टेबल हेमंत राज और कांस्टेबल उपेन्द्र सिंह शामिल रहे। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

चक्रवाती तूफ़ान, बारिश के कहर से फसलें बर्बाद

सकलडीहा। हाल ही में आए चक्रवाती तूफ़ान और उसके बाद लगातार हुई बेमौसम भारी बारिश ने चंदौली जिले के सकलडीहा तहसील क्षेत्र में भारी तबाही मचाई है। तेज हवाओं और मूसलाधार बारिश के इस दोहरे हमले ने कटाई के लिए तैयार खड़ी धान और अन्य खरीफ फसलों को पूरी तरह से तबाह कर दिया है। खेतों में पानी भर जाने से पकी-पकाई फसलें जमीन पर बिछकर सड़ने लगी हैं, जिससे क्षेत्र के किसानों में घोर मायूसी और हाहाकार मचा हुआ है। तहसील प्रशासन के शुरुआती आंकड़ों के अनुसार, क्षेत्र के विभिन्न गांवों में 1200 हेक्टेयर से ज्यादा जमीन पर लगी फसलें खराब हो चुकी हैं। दो दिनों तक लगातार हुई मूसलाधार बारिश के चलते सकलडीहा ब्लाक के आस-पास के खेतों में करीब 1000 बीघा धान की फसल पानी में डूब गई है। वहीं किसानों का आरोप है कि जल निकासी और ड्रेनेज सिस्टम की सफाई न होने के कारण स्थिति और अधिक बदतर हुई है। स्थानीय पीड़ित किसानों ने बताया कि उन्होंने सहकारी समितियों और बैंकों से कर्ज लेकर जैसे-तैसे धान की बुवाई और सिंचाई की थी। अब जब फसल घर आने का वक्त था, तब कुदरत के इस कहर ने सब कुछ बर्बाद कर दिया। खेतों में 3 से 4 फीट पानी जमा होने के कारण फसलें सड़ रही हैं और किसानों को अपनी लागत तक डूबने का डर सता रहा है। किसानों की बढ़ती मायूसी और आक्रोश को देखते हुए सकलडीहा तहसीलदार के निर्देश पर राजस्व विभाग की टीमों को अलर्ट कर दिया गया है। लेखपाल, राजस्व निरीक्षक और नायब तहसीलदार प्रभावित गांवों में जाकर नुकसान का जायजा ले रहे हैं। किसानों ने शासन से मांग की है कि सर्वे की कागजी औपचारिकताएं जल्द पूरी कर मुआवजे की राशि सीधे उनके खातों में भेजी जाए, ताकि वे आगामी रबी फसल (गेहूं) की बुवाई के लिए बीज और खाद का इंतजाम कर सकें।

केन्द्रीय राज्यमंत्री का आगमन आज, सभी तैयारियां पूरी

मुंगराबादशाहपुर। केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री भारत सरकार कमलेश पासवान का आगमन एवं अभिनन्दन समारोह कल शनिवार 31 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे सतहरिया स्थित शुभम पैलेस में आयोजित किया गया है। जिसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। उक्त जानकारी समारोह संयोजक भाजपा नेता अजय शंकर दुबे अज्जू ने दी। उन्होंने बताया कि समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में महाराष्ट्र के पूर्व गृह राज्यमंत्री कृपाशंकर सिंह एवं केराकत के पूर्व विधायक गुलाब सरोज उपस्थित रहेंगे। भाजपा नेता अजय शंकर दुबे ने क्षेत्र के प्रबुद्धजनों, भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं से समारोह में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

पुलिस ने चोरी की तीन घटनाओं का किया पर्दाफाश, दो गिरफ्तार

आभूषण, सिलाई मशीन, गैस सिलेंडर और दस हजार रुपये बरामद

सुइथाकला। सरपतहां थाना क्षेत्र में नकबजनी और चोरी की तीन घटनाओं का पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे और निशानदेही पर चोरी के आभूषण, घरेलू उपयोग के सामान के साथ 10 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को सरपतहां पुलिस ने यह कार्रवाई की। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान भटौली गांव निवासी राजेन्द्र पुत्र मुन्ना और बुमकहा गांव निवासी सोहन पुत्र हौशिला के रूप में हुई है। दोनों के विरुद्ध थाना सरपतहां में नकबजनी और चोरी से संबंधित तीन मुकदमे दर्ज थे। पुलिस के अनुसार, आरोपितों के पास से सफेद धातु के 10 सिक्के, चार पायल, दो चेन, पीली धातु का एक मंगलसूत्र और लाल धागे में गुथी 16 जिऊतिया बरामद हुई हैं। इसके अलावा दो स्टील की बाल्टी, एक सिलाई मशीन, एक गैस सिलेंडर और 10 हजार रुपये नकद भी मिले हैं।पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार सोहन के विरुद्ध सरपतहां थाने में दर्ज तीन मुकदमों के अलावा वर्ष 2024 में मारपीट, घर में घुसकर हमला करने और धमकी देने तथा वर्ष 2011 में आबकारी और शस्त्र अधिनियम के तहत भी मुकदमे दर्ज हैं। दोनों आरोपितों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।गिरफ्तारी और बरामदगी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक चन्द्रमा पाण्डेय, सत्यवीर सिंह सहित पुलिसकर्मी मनमोहन सिंह, आशुतोष कुमार, बृजेश कुमार, सुनील कुमार और शिवेन्द्र यादव शामिल रहे

घर से बाजार के लिए निकली किशोरी लापता

मुंगराबादशाहपुर। थाना क्षेत्र के एक गांव से बाजार जाने के लिए घर से निकली किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। देर शाम तक घर वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की लेकिन कोई सुराग नहीं मिलने पर थक हार कर थाने पहुंच पुलिस को लिखित सूचना दी। पीड़िता की तहरीर पर थाना पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर विधिक कार्यवाही शुरू कर दी। मिली जानकारी के अनुसार मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता मां ने थाना पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसकी बेटी गुरुवार की दोपहर करीब 12 बजे घर से मुंगराबादशाहपुर बाजार जाने के लिए निकली थी। परिजनों को उम्मीद थी कि वह कुछ देर बाद वापस लौट आएगी लेकिन उसके शाम तक घर नहीं पहुंचने पर परिवार के लोग चिंतित हो गए।इसके बाद परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की तथा रिश्तेदारों और परिचितों के यहां उसकी तलाश की। आसपास के संभावित स्थानों पर भी जानकारी जुटाई लेकिन किशोरी का कहीं पता नहीं चल सका। काफी खोजबीन के बाद भी कोई जानकारी नहीं मिलने पर पीड़िता मां ने थाना पुलिस को लिखित तहरीर देकर बेटी को तलाश करने की गुहार लगाई। पीड़िता की तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर विधिक कार्यवाही शुरू कर दी।

एक नज़र इधर भी

२९ लाख रुपये देने के बाद नहीं मिली जमीन

जफराबाद। वाराणसी के एक युवक ने क्षेत्र के एक युवक को जमीन खरीदने के लिए 29 लाख रुपये दिया। आरोप है कि पैसा देने के बावजूद न जमीन की रजिस्ट्री हुई और न ही उसकी रकम वापस मिली। वाराणसी निवासी राहुल राजभर ने क्षेत्र के एक व्यक्ति पर धोखाधड़ी और धमकी देने का आरोप लगाते हुए जनसुनवाई समाधान पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराया है। शिकायत कर्ता राहुल राजभर निवासी गरखरा थानां सिंधौरा वाराणसी ने आरोप लगाया है कि जमीन खरीदने के लिए उसने जफराबाद के भुलेमऊ गांव निवासी एक व्यक्ति को 4 अगस्त 2025 को आरटीजीएस के माध्यम से 29 लाख रुपये दिए थे। उसके बाद भी उस व्यक्ति ने न ही जमीन की रजिस्ट्री कराई और न ही रुपये वापस किए। पीड़ित का आरोप है कि रकम वापस मांगने पर उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट की जाती है। साथ ही ऊंचे अधिकारियों और नेताओं से संबंध होने की धमकी देकर डराया जाता है। मामले में थानाध्यक्ष कमलनयन दुबे से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि अभी तक मेरे पास इस तरह के की कोई शिकायत नही आई है।

बेमौसम बारिश से धान की फसल पर संकट

शाहगंज। बंगाल की खाड़ी से उठे चक्रवात अर्नब के प्रभाव से पूर्वांचल में मौसम का मिजाज अचानक बदल गया है। पिछले तीन दिनों से हो रही रुक-रुककर बूंदाबांदी और बारिश ने आम जनजीवन के साथ किसानों की मुश्किलें भी बढ़ा दी हैं। लगातार खराब मौसम के चलते खेतों में तैयार धान की फसल पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। इस समय क्षेत्र के अधिकांश गांवों में धान की कटाई और मड़ाई का काम चल रहा है। ऐसे में बारिश ने किसानों की मेहनत पर पानी फेरना शुरू कर दिया है। खेतों में काटकर रखी गई धान की फसल भीगने से उसके खराब होने और गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है। वहीं, जिन किसानों की धान की फसल अभी खेतों में खड़ी है, उन्हें तेज हवा और बारिश से फसल गिरने का डर सता रहा है। प्राकृतिक आपदा जैसी इस स्थिति ने किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें गहरी कर दी हैं। किसानों का कहना है कि धान की फसल तैयार करने में खाद, बीज, सिंचाई और मजदूरी पर पहले ही काफी खर्च हो चुका है। अब कटाई के समय मौसम की मार पड़ने से उनकी लागत निकालना भी मुश्किल हो सकता है। मौसम में आए इस बदलाव का असर पशु-पक्षियों और आम जनजीवन पर भी दिखाई दे रहा है। ठंडी हवाओं और लगातार बूंदाबांदी से लोगों की दिनचर्या प्रभावित हुई है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार पूर्वी उत्तर प्रदेश में 29 से 31 अक्टूबर तक गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना जताई गई है। ऐसे में किसानों को अपनी कटी हुई फसल को सुरक्षित स्थान पर रखने और मौसम की स्थिति को देखते हुए कटाई-मड़ाई का काम करने की सलाह दी गई है। अब किसानों की निगाहें आसमान पर टिकी हैं। उन्हें उम्मीद है कि मौसम जल्द साफ होगा, ताकि उनकी महीनों की मेहनत से तैयार धान की फसल सुरक्षित घर पहुंच सके।

पार्टी की विचारधाराओं को जन-जन तक पहुंचाना आवश्यक-विनोद मिश्र

बसपा की कैडर मीटिंग में संघटन को धार देने पर दिया गया जोर

मुंगराबादशाहपुर। बसपा सुप्रीमो के निर्देश पर चलाए जा रहे गांव चलो अभियान के तहत मुंगराबादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र के करौर (सेमरी) सेमरी में पार्टी की कैडर बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष संग्राम भारतीय ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बसपा विधानसभा प्रभारी विनोद मिश्रा ने अपने संबोधन में पार्टी के विचारों, संगठन की मजबूती और आगामी जनसंपर्क अभियानों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा करते हुए जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस बैठक का मुख्य उद्देश्य पार्टी की नीतियों और विचारधाराओं को जन-जन तक पहुंचाना है । उन्होंने कार्यकर्ताओं को जागरूक करते हुए जमीनी स्तर पर संगठन को अधिक सशक्त बनाने की आवश्यकता पर बल दिया । उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में बसपा का पताका फहराने के लिए पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक जाकर जनता से जुड़ना होगा। बैठक में विधानसभा क्षेत्र प्रभारी अवध नारायण गौतम, सुबुद्ध बौद्ध, सत्य प्रकाश गौतम, विधानसभा अध्यक्ष राजेंद्र सरोज, विधानसभा भाईचारा संयोजक मुनीम कुमार बिंद, बाबा तिवारी, सूरज कुमार गौतम, विधानसभा कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र प्रधान तथा वार्ड उपेंद्र चौहान सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सपा नेता से गाली-गलौज और धमकी का आरोप, सोशल मीडिया पोस्ट से परिवार आहत

बरसठी। बरसठी ब्लॉक परिसर में एमएलसी चुनाव के दौरान सपा ब्लॉक अध्यक्ष को गाली देने, जान से मारने की धमकी देने और धारदार हथियार लेकर दौड़ाने का मामला सामने आया है,बनकट गांव निवासी विवेक यादव की तहरीर पर पुलिस ने सपा उपाध्यक्ष आशीष यादव गोठांव के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है,पीड़ित के अनुसार, 23 अक्टूबर को चुनाव स्थल के सामने आरोपी ने उन्हें गद्दार कहकर गाली-गलौज की और विरोध करने पर धारदार हथियार लेकर दौड़ा लिया आरोप है कि इसके बाद सोशल मीडिया पर भी लगातार अभद्र टिप्पणियां की गईं यहां तक कि उनके दिवंगत पिता के खिलाफ भी आपत्तिजनक शब्द लिखे गए, जिससे उनकी वृद्ध मां को गहरा आघात पहुंचा,पीड़ित ने सोशल मीडिया पोस्ट के स्क्रीनशॉट पुलिस को सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश यादव के मुताबिक, बीएनएस और आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

मनाया गया ४२वां स्थापना दिवस

जौनपुर। जनपद की समस्त मां लक्ष्मी पूजन समितियों को एकीकृत करने वाली महासंस्था श्री लक्ष्मी पूजा महासमिति (ट्रस्ट) का 42वां स्थापना दिवस शुक्रवार को नगर के शेषपुर में स्थित प्रधान कार्यालय पर मनाया गया। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में संरक्षक डा. राम नारायण सिंह एवं रामजी जायसवाल ने बताया कि महासमिति का गठन 30 अक्टूबर 1984 को स्व. सुशील वर्मा एडवोकेट ने किया था। इसी क्रम में संरक्षक हरिद्वारी विश्वकर्मा एडवोकेट एवं लाल बहादुर यादव नैपाली ने बताया कि स्व. वर्मा द्वारा लगाया गया पौधा आज एक वृक्ष बनकर समाज में खड़ा है। महासमिति के अध्यक्ष कृष्ण कुमार जायसवाल की अध्यक्षता में हुई कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष चन्द्रशेखर निषाद एवं संस्थापक पुत्र वैभव वर्मा ने बताया कि महासमिति के नेतृत्व में आगामी 6 नवम्बर से आयोजित 5 दिवसीय अनुष्ठान भव्यता से सम्पन्न कराना हम सबकी जिम्मेदारी है। इसके अलावा अध्यक्ष कृष्ण कुमार जायसवाल के अलावा कृष्णकांत विश्वकर्मा, अमन अग्रहरि, अंकित जायसवाल, शुभांशू जायसवाल, कृष्ण कुमार यादव, अजय पाण्डेय सहित अन्य वक्ताओं ने अपना विचार व्यक्त करते हुये महासमिति को और आगे ले चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन महासचिव संतोष यादव ने किया। इस अवसर पर विनोद यादव, राहुल सिंह, सूर्य प्रकाश विश्वकर्मा, राकेश वर्मा, शिवा गुप्ता, श्रेयश जायसवाल, राहुल प्रजापति सहित तमाम पदाधिकारी, सदस्य आदि उपस्थित रहे। इस मौके पर आये लोगों का स्वागत योगेश जायसवाल ने किया। अन्त में संस्थापक पुत्र वैभव वर्मा ने समस्त आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

पार्टी कार्यालय में दो बार तोड़फोड़, एफआईआर नहीं

जौनपुर। समाज विकास क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक सिंह ने आरोप लगाया है कि जौनपुर स्थित पार्टी के जिला कार्यालय में लगातार दो बार तोड़फोड़ की गई, लेकिन शिकायत देने के बावजूद अब तक पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की है। उन्होंने बताया कि 28 अक्टूबर को कार्यालय बंद कर कर्मचारी घर चले गए थे। रात में अज्ञात लोगों ने कार्यालय का ताला तोड़कर अंदर रखे सामान को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया। सुबह कर्मचारियों के पहुंचने पर घटना की जानकारी हुई। इसकी शिकायत पुलिस से की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अशोक सिंह के अनुसार, दूसरी घटना में भी कार्यालय का ताला तोड़कर तोड़फोड़ की गई। इस संबंध में भी पुलिस को तहरीर दी गई, लेकिन अब तक मुकदमा दर्ज नहीं किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्थानीय निवासी धर्मेंद्र निषाद और उनके लोगों द्वारा तोड़फोड़ की गई है। इस संबंध में कुछ साक्ष्य मिलने का भी दावा किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सवाल उठाते हुए कहा कि दो बार कार्यालय में तोड़फोड़ होने और शिकायत दिए जाने के बावजूद एफआईआर दर्ज न होना गंभीर विषय है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मामले में निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

श्रीराम कथा में बना अद्भूत विश्व रिकार्ड, ११ करोड़ एक बार लिखा गया राम नाम

जौनपुर। धर्म, आस्था और भक्ति के संगम के रूप में आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा ने जौनपुर को एक नई पहचान दिलाई है। बीआरपी इंटर कॉलेज के मैदान में वरिष्ठ भाजपा नेता, उद्योगपति एवं समाजसेवी ज्ञान प्रकाश सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस भव्य धार्मिक आयोजन में राम भक्तों ने 11 करोड़ एक बार राम नाम का लेखन कर अनूठी उपलब्धि हासिल की। इस रिकॉर्ड को इंडिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड और एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया। इस उपलब्धि से जौनपुर सहित पूरे पूर्वांचल में उत्साह और गौरव का माहौल है। श्रीराम कथा के दौरान प्रख्यात कथावाचक आचार्य शांतनु जी महाराज के निर्देश और प्रेरणा से राम भक्तों ने राम नाम लेखन अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लिया। भगवान श्रीराम के प्रति श्रद्धा और अटूट आस्था का परिचय देते हुए भक्तों ने सामूहिक रूप से 11 करोड़ एक बार राम नाम लिखने का लक्ष्य पूरा किया। इस आयोजन ने धार्मिक आस्था के साथ सामूहिक सहभागिता और आध्यात्मिक चेतना का भी संदेश दिया। राम नाम लेखन के इस विशेष अभियान की उपलब्धि को इंडिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड और एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में स्थान मिला। दोनों रिकॉर्ड संस्थाओं के प्रतिनिधि संजय भोला ने आयोजन के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता ज्ञान प्रकाश सिंह को प्रमाण पत्र सौंपा। प्रमाण पत्र मिलने के अवसर पर कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित लोगों ने खड़े होकर तालियों की गड़गड़ाहट के बीच इस उपलब्धि का स्वागत किया और ज्ञान प्रकाश सिंह को बधाई दी। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर ज्ञान प्रकाश सिंह ने राम नाम लेखन अभियान में शामिल सभी श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम के प्रति लोगों की गहरी श्रद्धा,

विश्वास और भक्ति के कारण यह अद्भुत रिकॉर्ड संभव हो सका है। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय राम भक्तों की सहभागिता और समर्पण को दिया। ज्ञान प्रकाश सिंह ने इस उपलब्धि के लिए आचार्य शांतनु जी महाराज के प्रति विशेष आभार प्रकट करते हुए उनका अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि महाराज की प्रेरणा और मार्गदर्शन से श्रद्धालुओं को राम नाम लेखन जैसे आध्यात्मिक अभियान से जुड़ने का अवसर मिला। नौ दिवसीय श्रीराम कथा के दौरान धार्मिक वातावरण, राम भक्ति और श्रद्धालुओं की सहभागिता ने आयोजन को विशेष बना दिया। इस उपलब्धि को जौनपुर और पूर्वांचल के लिए गौरवपूर्ण अवसर के रूप में देखा जा रहा है।

कशिश यादव ने भारत केशरी का खिताब जीतकर जिले का नाम किया रोशन

जफराबाद। क्षेत्र के जमैथा गांव की कशिश यादव मिर्जापुर के कछवा में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कुश्ती दंगल प्रतियोगिता में भारत केशरी के लिए हुए प्रतियोगिता में दिल्ली की पहलवान को हराकर महिला भारत केशरी का खिताब जीत लिया। जमैथा गांव निवासी पूर्व यूपी केशरी सभाजीत यादव उर्फ कल्लू पहलवान पूर्व ब्लॉक प्रमुख सिरकोनी की पौत्री कशिश यादव उर्फ खुशी यादव पुत्री विनोद यादव उर्फ पप्पू यादव ने मिर्जापुर कछवा में 27 -28 अक्टूबर आयोजित भारत केशरी प्रतियोगिता कशिश यादव ने दिल्ली की मान्या पहलवान को हरा दिया। ज्ञात हो कि कशिश यादव पिछले तीन वर्षों से लगातार महिला यूपी केशरी है। कशिश यादव फिलहाल अपने वाराणसी स्थित आवास पर अपने गुरुओं की देखरेख में तैयारी कर रही थी। कशिश

यादव अपने पैतृक विरासत को बढ़ाते हुए भारत केशरी बन गयी है। उनकी सफलता की जानकारी होते ही उनके जमैथा तथा वाराणसी आवास पर भारी संख्या में पहुंचकर लोगों ने शुभकामनाएं दी। कुश्ती दंगल के जिलाध्यक्ष केशरी सिंह ने कशिश यादव को इस सफलता पर शुभकामनाएं देते हुए निरन्तर जिले व प्रदेश तथा देश का नाम रोशन करने का आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि जल्द ही कशिश यादव को जिले में सम्मानित किया जाएगा।

अधिवक्ता को फोन पर जान से मारने की धमकी, मुकदमा दर्ज

पवांरा। अधिवक्ता को फोन पर जान से मारने की धमकी व गाली देने पर पुलिस ने अमोध गांव निवासी एक व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्जकर लिया है। जानकारी के अनुसार अभिषेक कुमार सिंह पुत्र अमरेश बहादुर सिंह निवासी-कलीमुरादपुर थाना-फतनपुर जिला-प्रतापगढ़ ने थाने पर लिखित तहरीर दिया कि वह पेशे से अधिवक्ता है। दिनांक 16 अक्टूबर को वह मु.अ.सं. 207/2026 की पैरवी करने आया था जो गंगा सिंह उर्फ अमित सिंह निवासी अमोध के विरुद्ध पंजीकृत है। दिनांक 28 अक्टूबर की रात्रि करीब ग्यारह बजे गंगा सिंह उर्फ अमित सिंह पुत्र नारेन्द्र बहादुर सिंह निवासी-अमोध थाना-पवांरा, जौनपुर ने उसे फोन कर जान से मारने की धमकी देते हुए लगातार फोन करने लगा, जिसकी कुछ रिकार्डिंग उसके पास मौजूद है। मना करने पर वह मां-बहन की भद्दी-भद्दी गालियां देने लगा। रोकने पर दूसरे मोबाइल नं. से फोन करने लगा। वह उक्त मुकदमें की पैरवी करने जौनपुर भी जाता है। उक्त व्यक्ति से जान-माल का खतरा बना हुआ है। मेरी हत्या भी कर सकता है और इसके विरुद्ध पूरे गांव में कोई कुछ बोलने को तैयार नहीं होता है। इस प्रकरण में प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर उक्त के खिलाफ मुकदमा दर्जकर लिया गया है और मामले की जांचकर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

पेड़ से टकराकर पलटा ई-रिक्शा, चालक समेत तीन घायल

सुइथाकला। रिश्तेदारी से ई-रिक्शा से घर लौट रहे दो किशोरियों समेत तीन लोग शुक्रवार अपराह्न सड़क हादसे में घायल हो गए। हादसा लखनऊ-बलिया राजमार्ग पर डीह-अशरफाबाद के पास हुआ। जानकारी के अनुसार, सभी लोग सुलतानपुर जिले के करौंदीकला क्षेत्र में रिश्तेदारी में गए थे। वहां से ई-रिक्शा से घर लौटते समय डीह-अशरफाबाद के पास वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गया और पलट गया। हादसे में ई-रिक्शा चालक संवायन गांव निवासी अरविंद पुत्र पंचम, शिवांगी पुत्री कतवारू तथा रुधौली निवासी लालचंद की 17 वर्षीय पुत्री अंजली घायल हो गईं। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुइथाकला पहुंचाया गया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया।

नगर पालिका बोर्ड की बैठक में विकास कार्यों पर लगी मुहर

मुंगराबादशाहपुर। नगर पालिका बोर्ड की बैठक शुक्रवार को नगर पालिका के स्वामी विवेकानंद सभागार में चेयरमैन कपिल मुनि उमर वैश्य की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में नगर के विकास और नागरिकों की बुनियादी समस्याओं के समाधान पर मुहर लगाई गई। राष्ट्रगान के साथ शुरू हुई बैठक में पिछली बोर्ड बैठक की कार्रवाई की पुष्टि की गई। इसके बाद सभासदों ने अपने-अपने वार्डों में विकास कार्यों के प्रस्ताव प्रस्तुत किए। बैठक में नगर के विभिन्न वार्डों से जुड़े भवन नामान्तरण और संशोधन मामलों की पत्रावलियों पर विचार करते हुए, सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में कमालपुर वार्ड के सभासद ने विद्युत पोल लगाने के बावजूद तार नहीं खींचे जाने की शिकायत की, जबकि मुगरडीह वार्ड के सभासद ने नीचे लटक रहे खतरनाक तारों से अवगत कराया। जिसे संज्ञान लेते हुए बैठक में मौजूद एसडीएम/ ज्वाइंट मजिस्ट्रेट शुभांशू मजिस्ट्रेट शुभांशू कटियार नगर पालिका अध्यक्ष कपिल मुनि उमर वैश्य अधिशासी अधिकारी अखिलेश तिवारी, अवर अभियन्ता (जल) ओम

कटियार ने एसडीओ विद्युत आनन्द कुमार को फोन कर समस्या का त्वरित निस्तारण कराने का निर्देश दिया। बैठक में एसडीएम /ज्वाइंट प्रकाश, अवर अभियन्ता (सिविल) प्रशान्त राय, राजस्व निरीक्षक रामानुज शुक्ला सहित कुल 30 के सापेक्ष 26 सभासदगण उपस्थित रहे।

पीएम किसान सम्मान निधि की २४वीं किस्त का सजीव प्रसारण

खेत बचाओ अभियान के माध्यम से किसानों को किया जागरूक

बक्शा। कृषि विज्ञान केंद्र पर शुक्रवार को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 24 वीं किस्त जारी किए जाने के दौरान प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। इस प्रसारण के पूर्व कृषि विज्ञान केंद्र बक्शा एवं कृषि विभाग बक्शा के सयुंक्त तत्वावधान में 'खेत बचाओ अभियान' कार्यक्रम के तहत मौजूद किसानों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को कृषि की नवीनतम तकनीकों, मृदा संरक्षण तथा टिकाऊ खेती के प्रति जागरूक करना और कृषि को अधिक लाभकारी बनाने के लिए प्रेरित करना रहा। मृदा संरक्षण, उन्नत कृषि तकनीकों एवं टिकाऊ खेती अपनाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहें केंद्र के अध्यक्ष डॉ. विनोद सिंह ने किसानों को वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों को अपनाने, खेतों की उर्वरता बनाए रखने तथा कृषि उत्पादन में वृद्धि के लिए आधुनिक तकनीकों के उपयोग पर प्रकाश डाला। उन्होंने किसानों को प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के साथ खेती को टिकाऊ बनाने के लिए प्रेरित किया।जिला कृषि अधिकारी विनय कुमार सिंह ने कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए किसानों से इन योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कृषि उत्पादन बढ़ाने, खेती की लागत कम करने तथा किसानों की आय में वृद्धि के लिए विभागीय योजनाओं एवं तकनीकी मार्गदर्शन का लाभ लेने पर जोर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा भूपेश कुमार सिंह रहें। इस दौरान वैज्ञानिक डॉ. रत्नाकर पांडेय, डॉ. राजीव कुमार सिंह, डॉ. हरिओम वर्मा, डॉ. आर.के. सिंह, कार्यक्रम आयोजक एडीओ एजी अनुराग सिंह, भाजपा नेता सूर्य प्रकाश चौबे, प्रगतिशील किसान अशोक सिंह, अरविन्द कुमार सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा। संचालन डॉ. रूपेश सिंह ने किया।

छात्राओं को कक्षा से निकालने का आरोप, प्रबंधक पर केस दर्ज

बरसठी। बकाया फीस को लेकर दो मासूम छात्राओं को कक्षा से बाहर करने और परिजनों से अभद्रता करने के आरोप में बरसठी पुलिस ने न्यू होली डिवाइन चिल्ड्रेन स्कूल के प्रबंधक संतोष मिश्रा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। विद्यालय कप्तान नगर बारीगांव में स्थित है। मामले में छात्राओं के पिता ने मुख्यमंत्री से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की थी। बारीगांव डीह निवासी रिंकू गुप्ता के अनुसार, उनकी दोनों बेटियां कक्षा एक और तीन में पढ़ती हैं। आरोप है कि 23 सितंबर को फीस बकाया होने पर प्रबंधक ने बच्चियों को डांट-फटकार कर कक्षा से बाहर कर दिया। घर पहुंचकर बच्चियों ने रोते हुए आपबीती बताई और दोबारा स्कूल जाने से इनकार कर दिया। आरोप है कि 28 सितंबर को फीस मांगने के लिए फोन करने पर प्रबंधक ने उनकी पत्नी से जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए अभद्रता की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने बातचीत की रिकॉर्डिंग सुरक्षित होने का दावा भी किया है। मुख्यमंत्री से शिकायत के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

समर्पण, त्याग और तपस्या का सजीव प्रस्तुतीकरण है रामलीला-राजीव सिंह

मुंगराबादशाहपुर। रामलीला केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समर्पण, त्याग, तपस्या और सामूहिक सेवा की अनुपम परंपरा है। यह हमारी सांस्कृतिक विरासत को जीवंत रखने के साथ-साथ समाज में आपसी एकता, सहयोग और सद्भाव का संदेश भी देती है। उक्त बातें उक्त समाजसेवी एवं मुंगराबादशाहपुर के ब्लाक प्रमुख पद के प्रबल दावेदार राजीव प्रताप सिंह उर्फ राजू ने श्री गिरजा शंकर तिवारी इंटरमीडिएट कालेज, नीभापुर के प्रांगण में चल रही रामलीला में आयोजित स्वर्गीय राजीव रत्नम तिवारी की श्रद्धांजलि सभा में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में अपने संबोधन में व्यक्त करते हुए कही। उन्होंने कहा कि रामलीला जैसी परंपराओं को पीढ़ी-दर-पीढ़ी जीवित रखने में अपना जीवन समर्पित करने वाले व्यक्तित्व के धनी वास्तव में समाज की अमूल्य धरोहर होते हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामसभा नीभापुर में विगत 125 वर्षों से रामलीला की गौरवशाली परंपरा

निरंतर चली आ रही है। इस ऐतिहासिक परंपरा के संरक्षण एवं संचालन में स्वर्गीय राजीव रत्नम तिवारी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय राजीव रत्नम तिवारी एक समर्पित समाजसेवी, आदर्श शिक्षक एवं कुशल संगठनकर्ता के रूप में भी अपनी विशिष्ट पहचान रखते थे। उन्होंने ब्लाक मुंगरा बादशाहपुर प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष तथा जनपद जौनपुर प्राथमिक शिक्षक संघ के संरक्षक के रूप में शिक्षा एवं शिक्षक हितों के लिए भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। शिक्षा, समाजसेवा और सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रति उनका समर्पण उनके बहुआयामी व्यक्तित्व को दर्शाता है। उनका जीवन कर्तव्यनिष्ठा, सामाजिक उत्तरदायित्व और नि:स्वार्थ सेवा की भावना का प्रेरणादायी उदाहरण रहा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सर्वेश चंद द्विवेदी ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वर्गीय राजीव रत्नम तिवारी का जीवन, उनके आदर्श और समाज के प्रति उनकी निष्ठा हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति के वास्तविक महत्व और उसके द्वारा किए गए कार्यों की अनुभूति उसके जाने के बाद और अधिक गहराई से होती है। आज उनके बीच न होने पर उनके द्वारा किए गए सामाजिक, शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक कार्यों का महत्व और भी अधिक महसूस किया जा रहा है।श्रद्धांजलि सभा में उनके अनुज विपिन तिवारी, अधिवक्ता मदन कुमार तिवारी सहित परिवार के यथार्थ तिवारी नाती दिव्य तिवारी, रामलीला परिषद के अध्यक्ष बृजेश तिवारी, प्रबंधक मनोज तिवारी, पंकज तिवारी, अरविंद तिवारी, आदर्श तिवारी एवं वाचस्पति तिवारी सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

महिला व उसके पति को पीटा, चार पर मुकदमा दर्ज

पवांरा। घरेलू विवाद को लेकर महिला व को गाली-गलौज करते हुए मारने-पीटने व बीच-बचाव करने आये उसके पति को मारने-पीटने व जान से मारने की धमकी देने पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर लिया है। जानकारी के अनुसार थानाक्षेत्र के जखनिया गांव निवासी नगीना देवी पत्नी मनोज तिवारी ने थाने पर लिखित तहरीर दिया कि शुक्रवार की सुबह करीब दस बजे घरेलू विवाद को लेकर सरोज तिवारी, कोतल देवी सहित चार लोग उसे भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए लात-घूंसों व डण्डों से मारेपीटे। बीच-बचाव करने आये उसके पति मनोज तिवारी को भी मारेपीटे व जान से मारने की धमकी दिये। मारने-पीटने से उसे तथा उसके पति को चोटें आयी हैं। इस

राष्ट्रीय एकता दिवस पर पीयू में पोस्टर प्रतियोगिता

अंकुर मौर्य ने पोस्टर के माध्यम से सरदार पटेल के योगदान और राष्ट्रीय एकीकरण का दिया संदेश

सरायख्वाजा। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना, परिसर इकाई की ओर से शुक्रवार को

राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में दत्तोपंत ठेंगड़ी विधि संस्थान के एस.पी. गुप्ता मेमोरियल विधि पुस्तकालय में पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता की थीम 'लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल एवं राष्ट्रीय एकीकरण' रही। प्रतियोगिता में बीटेक इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के सातवें सेमेस्टर के छात्र अंकुर मौर्य ने पोस्टर के माध्यम से सरदार पटेल के व्यक्तित्व, देशी रियासतों के एकीकरण में उनके योगदान तथा राष्ट्रीय एकता और अखंडता का प्रभावशाली चित्रण किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनुराग मिश्र ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल का राष्ट्र के प्रति समर्पण युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने विद्यार्थियों से राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता और संवैधानिक मूल्यों को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।

डीएम ने सीएम युवा उद्यमी योजना की धीमी प्रगति पर जतायी नाराजगी

मीरजापुर। कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उद्यमियों ने बिजली कनेक्शन, सड़क, नाली सहित विभिन्न समस्याओं को जिलाधिकारी के सामने रखा। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निस्तारण करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में निवेश और रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए औद्योगिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करना जरूरी है। इसके लिए उद्यमियों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। बैठक में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान और निवेश मित्र योजना की धीमी प्रगति पर मुख्य विकास अधिकारी विजय कुमार सिंह ने नाराजगी जताई। उन्होंने लीड बैंक प्रबंधक को निर्देश दिया कि बैंकों से समन्वय स्थापित कर पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों और स्वीकृत ऋण के सापेक्ष धनराशि का वितरण सुनिश्चित कराएं। युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने वाली इन योजनाओं में किसी भी स्तर पर अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए। साथ ही सभी विभागों को निर्धारित समय सीमा के भीतर एनओसी जारी करने का निर्देश दिया गया। बैठक में एक जिला एक उत्पाद, सीएफसी निर्माण, विंध्याचल में वस्त्र मंत्रालय की ओर से निर्मित कॉमन फैसिलिटी सेंटर तक पहुंच मार्ग बनाने और शहरी क्षेत्र में पेयजल के लिए खोदे गए गड्ढों की मरम्मत पर चर्चा हुई। इसके अलावा नया औद्योगिक आस्थान विकसित करने, चुनार स्थित राजकीय चीनी पात्र विकास केंद्र की बाउंड्रीवाल निर्माण, औद्योगिक आस्थान चुनार के बाहरी हिस्से में अवैध निर्माण रोकने तथा धौंहा चुनार में निर्माणाधीन औद्योगिक आस्थान के कार्यों की समीक्षा की गई। चुनार पाटरी में टनल भट्टी निर्माण में हो रही देरी पर भी अधिकारियों ने चर्चा की। डीएम और सीडीओ ने सभी निर्माण कार्यों में तेजी लाकर निर्धारित समय में पूरा कराने का निर्देश दिया। बैठक में एडीएम वित्त एवं राजस्व विनोद कुमार सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी राकेश कुमार, उपायुक्त उद्योग संदीप कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और उद्यमी मौजूद रहे।

बैठक में मोजूद अधिकारीगण। छाया:आज

पीईटी परीक्षा में २५६ परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

छानबे। महाशक्ति ब्रह्माश्रम इंटर कॉलेज बिहसड़ा में शुक्रवार को आयोजित पीईटी परीक्षा की दोनों पालियों में कुल 256 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली में 135 और द्वितीय पाली में 121 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। केंद्राध्यक्ष सुशील कुमार सिंह ने बताया कि प्रथम पाली में पंजीकृत 288 परीक्षार्थियों में 153 उपस्थित रहे, जबकि दूसरी पाली में 288 में से 167 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। इस दौरान गाजीपुर से आई एक अभ्यर्थी ने पांच मिनट देर से पहुंचने पर परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं देने का आरोप लगाया। केंद्राध्यक्ष ने आरोप को गलत बताते हुए कहा कि सुबह 9:30 बजे गेट पर घोषणा कर बाहर मौजूद अभ्यर्थियों को अंदर आने के लिए कहा गया था। संबंधित अभ्यर्थी सुबह 10:05 बजे पहुंची, तब तक गेट बंद हो चुका था। मौसम खराब होने और कम रोशनी के कारण जनरेटर चलाकर परीक्षा कक्षों में प्रकाश की व्यवस्था की गई।

बारिश ने फेरा किसानों के अरमानों पर पानी

सीखड़। क्षेत्र में लगातार दो दिन से चक्रवाती तूफान और बारिश का कहर ने फसलों को काफी क्षति पहुंचाई, जिससे किसान मायूस हो गए हैं। बारिश ने किसानों की साल भर की गाढ़ी कमाई पर पर पानी फेर दिया। क्षेत्र में लगातार दो दिन से हों रही बारिश से जहां जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। वहीं, किसानों की लहलहाती फसल बर्बादी के कगार पर पहुंच गए हैं। बारिश से जहां दलहन, तिलहन, अरहर, चना, सरसों व तिल की फसल को काफी नुक्सान पहुंचा है। वहीं, सीखड़ क्षेत्र के किसानों की सबसे बड़ी व्यवसायिक खेती मिर्च और मटर को भारी क्षति पहुंची है। बताते चलें कि सीखड़ क्षेत्र में बड़े पैमाने पर मिर्च और मटर की खेती की जाती है और इन्हीं दो फसलों की गाढ़ी कमाई से किसानों के परिवारों का साल भर भरण पोषण निर्भर रहता है।क्षेत्र के किसानों का कहना है कि पानी से मटर की खेती प्रभावित हो गई है। यह बारिश मटर की फसल के लिए किसी प्रकार से मुफीद नहीं है। खेतों में लहलहाती मिर्च की फसल भी आंधी तुफान और बारिश से जमींदोज हो गई है। क्षेत्र के अनिल सिंह ने बताया कि इस बारिश से किसानों की प्रमुख व्यवसायिक खेती मिर्च और मटर दोनों प्रभावित हुई है और इसका असर पैदावार पर पड़ेगा। क्षेत्र में हों रही बारिश से लोगों का घर से निकलना दुश्वार हो गया है। पशुपालकों को भी बारिश ने बेहाल कर दिया। गांव से बाहर बने पशुशालाओं में लगे टीन सेड उड़ गए हैं, जिससे पशुपालकों को खुलें आसमां के नीचे अपने मवेशियों को बांधना पड़ रहा है।

फरार ट्रक चालक को पुलिस ने क्रेशर प्लांट से किया गिरफ्तार

अदलहाट। वाराणसी-रीवा राजमार्ग पर नरायनपुर स्थित आलू मिल के सामने तीन लोगों को कुचलकर मौत के घाट उतारने वाले फरार हाईवा चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने चालक को अहरौरा स्थित शैलेश क्रेशर प्लांट से मुखबिर की सूचना पर पकड़ा। गौरतलब है कि अहरौरा के पट्टी कला निवासी मनोज चौहान (25), अपनी मां मुन्नी देवी (45) और तीन वर्षीय भतीजे श्रेयांश को बाइक पर बैठाकर रामनगर से घर लौट रहे थे। नरायनपुर आलू मिल के सामने सड़क पर बने गड्ढों के कारण बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। इसी दौरान पीछे से आ रहे हाईवा ने तीनों को कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रक समेत फरार हो गया था।

फंदे से लटककर युवक ने दी जान

खेजुरी (बलिया)। थाना क्षेत्र के खेजुरी गांव में गुरुवार की सुबह एक युवक ने घर के कमरे में फंदे से लटककर जान दे दी। घटना की जानकारी होते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। फिलहाल युवक के आत्मघाती कदम उठाने की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। खेजुरी निवासी नंदू कुमार गुप्ता (30) पुत्र कृष्णा कुमार गुप्ता का खेजुरी-मनियर मोड़ से आगे अपना मकान है। घर से ही परिवार नमकीन और ब्रेड की एजेंसी का संचालन करता था। परिजनों के अनुसार, गुरुवार की सुबह तक घर में सबकुछ सामान्य था। बारिश के चलते नंदू घर पर ही था। इसी बीच वह एक कमरे में सोने चला गया। सुबह करीब 10 बजे तक जब कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो परिवार के सदस्यों ने आवाज लगाई। अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर खिड़की से झांककर देखा तो नंदू का शव पंखे के हुक से लटकता दिखाई दिया। यह दृश्य देखते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। परिजनों की आवाज सुन अन्य लोग भी मौके पर पहुंच गए। किसी ने घटना की सूचना पुलिस को दे दी।बताया कि नंदू तीन बच्चों का पिता था। करीब तीन माह पहले ही उसकी पत्नी प्रीति ने एक बेटी को जन्म दिया था। फिलहाल पत्नी अपने मायके में है। घटना को लेकर गांव में भी शोक का माहौल है। एसएचओ सुशील कुमार दुबे ने बताया कि युवक के आत्मघाती कदम उठाने के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

ग्राम चौपाल में नहीं पहुंचे नोडल अधिकारी

छानबे। ब्लॉक में ग्राम कामापुर कलां व भौरुपुर अजगना में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। दोनों स्थानों पर जनपद स्तरीय नोडल अधिकारी नहीं पहुंचे। कामापुर कला में सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण प्रेम चंद पटेल, ग्राम पंचायत अधिकारी धन्नजय कुमार बिंद व उमेश विश्वकर्मा द्वारा लोगों को शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए समस्याएं सुनी। ग्रामीणों ने आवास शौचालय व हर घर नल योजना से पानी न मिलने की शिकायत की गई। ग्राम प्रधान प्रशासक व सचिव द्वारा आवास के लिए चयनित लोगों का नाम बताया तथा शौचालय के लिए पंचायत भवन से आनलाइन आवेदन करने को कहा गया।

बेमौसम बारिश और तेज हवा से फसलें खराब

धान, बाजरा और सब्जी की फसल हुई बर्बाद, किसान हुए मायूस

चील्ह। क्षेत्र के अकबर पट्टी सहित आसपास के विभिन्न गांवों में बेमौसम बारिश और तेज हवा ने किसानों की कमर तोड़ दी है। पकी हुई धान की फसल, बाजरा और सब्जियों की फसलें बर्बादी के कगार पर पहुंच गई हैं। तेज हवा के कारण पक्की हुई फसलें जमीन पर गिर गई हैं और खेतों में पानी भर गया है। किसानों का कहना है कि फसल पूरी तरह पक कर कटाई के लिए तैयार थी, लेकिन लगातार हो रही बारिश और आंधी ने सब कुछ उलट-पुलट कर दिया। जैसा कि अकबर पट्टी क्षेत्र में देखा गया है, वहां लगभग 50 बीघा फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई है। खेतों में गिरा हुआ धान पानी में सड़ रहा है। कृषि विशेषज्ञों और किसानों का कहना है कि अगर गिरी हुई फसल 24 घंटे से अधिक समय तक पानी में पड़ी रही तो धान में अंकुर निकल आता है। अंकुरित धान को बेचने और कुटाई करने में बहुत दिक्कत होती है। मिल मालिक और व्यापारी इसे लेने से इंकार कर देते हैं। मजबूरी में किसानों को अपना धान और चावल औने-पौने दाम में बेचना पड़ता है, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है।धान के साथ-साथ बाजरा और सब्जी की फसल भी पूरी तरह बर्बाद हो गई है। सब्जी के पौधे पानी में गल गए हैं और बाजरे की बालियां जमीन पर गिर गई हैं। किसानों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि राजस्व विभाग की टीम भेजकर फसल नुकसान का सर्वे कराया जाए और प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा और गीले धान की सरकारी खरीद की व्यवस्था की जाए, ताकि उनकी मेहनत बर्बाद न हो।

पीएम किसान की २४वीं किस्त जारी

मीरजापुर। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 24वीं किस्त जारी होने पर शुक्रवार को कृषि विज्ञान केंद्र, राजीव गांधी साउथ कैंपस बीएचयू बरकछा में पीएम किसान उत्सव दिवस का आयोजन किया गया। गुजरात के बनासकांठा से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों के खातों में सम्मान निधि की किस्त हस्तांतरित की। इसके तहत मीरजापुर जिले के 2,91,897 किसानों के खातों में कुल 58 करोड़ 37 लाख 94 हजार रुपये भेजे गए। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के संबोधन और किस्त वितरण का सजीव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में विंध्याचल मंडल के आयुक्त राजेश प्रकाश, जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार और मुख्य विकास अधिकारी विजय कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। जिला स्तरीय कार्यक्रम में लगभग 357 किसानों ने भाग लिया। अधिकारियों ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की धनराशि किसानों को खेती-किसानी से जुड़ी जरूरतों को पूरा करने में मददगार साबित होगी। किसान इस राशि का उपयोग बीज, खाद और अन्य कृषि आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए कर सकते हैं। इससे खेती की लागत का बोझ कम करने और किसानों के जीवन स्तर में सुधार लाने में सहायता मिलेगी। इस दौरान बताया गया कि जिले के प्रत्येक विकासखंड में भी पीएम किसान सम्मान उत्सव दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें योजना के लाभार्थी किसानों ने हिस्सा लिया। जनपद सलाहकार डॉ. सुधीर श्रीवास्तव ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि किसानों के लिए बेहद उपयोगी योजना है। इससे किसानों को खेती-बाड़ी के कार्यों में आर्थिक सहायता मिलती है और कृषि संबंधी जरूरतों को पूरा करने में सहूलियत होती है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. पंकज कुमार मिश्र, वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ने किया।

२.९१ लाख किसानों के खाते में पहुंचे ५८.३७ करोड़ रुपये, बीएचयू में मनाया गया किसान उत्सव दिवस

महिला से छेड़खानी और बेटी की पिटाई का आरोप, मुकदमा दर्ज

छानबे। जिगना थाना क्षेत्र के मिश्रपुर गांव निवासी एक युवक के खिलाफ छेड़खानी, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। महिला ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि 19 अक्टूबर की सुबह करीब आठ बजे गांव निवासी राय साहब शराब के नशे में उसके बाल पकड़कर जबरन घर में खींचने और बंद करने का प्रयास करने लगा। शोर सुनकर उसकी 15 वर्षीय बेटी बचाने पहुंची तो आरोपी ने उसके साथ भी मारपीट की और हाथ मरोड़कर तोड़ दिया। शोरगुल सुनकर पहुंचे पड़ोसियों ने मां-बेटी को बचाया। आरोप है कि जाते समय आरोपी ने शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। महिला के अनुसार उसका पति बाहर रहता है और वह बच्चों के साथ घर पर अकेली रहती है।

पीएम किसान की किस्त पहुंचते ही किसानों के खिले चेहरे

हलिया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 24वीं किस्त जारी होने के बाद क्षेत्र के किसानों में खुशी का माहौल है।किस्त का इंतजार कर रहे किसानों के बैंक खातों में दो दो हजार रुपये की धनराशि पहुंचने से उनके चेहरे खिल उठे। खेती किसानी के व्यस्त समय में किस्त मिलने से खासकर छोटे और सीमांत किसानों को बड़ी राहत मिली है। धान की कटाई और रबी फसलों की बुवाई की तैयारियों के बीच किसानों को खाद, बीज और कृषि संबंधी अन्य जरूरी सामानों की आवश्यकता पड़ती है। ऐसे में पीएम किसान सम्मान निधि की धनराशि किसानों के लिए काफी मददगार साबित होगी। किसान इस रकम से सरसों, गेहूं सहित अन्य फसलों के बीज खरीदने के साथ खेती की छोटी मोटी जरूरतें पूरी कर सकेंगे। किसान मुन्नी देवी ने बताया कि खाते में दो हजार रुपये की धनराशि पहुंचने से काफी राहत मिली है। इस पैसे से सरसों की बुवाई के लिए बीज खरीदने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि खेती किसानी के समय आर्थिक जरूरतें बढ़ जाती हैं। ऐसे में सरकार की ओर से मिलने वाली किस्त छोटे किसानों के लिए काफी उपयोगी है। क्षेत्र के किसानों का कहना है कि खेती में लागत लगातार बढ़ रही है। खाद, बीज और जुताई सहित अन्य कृषि कार्यों में काफी खर्च करना पड़ता है। ऐसे समय में सम्मान निधि की राशि मिलने से किसानों को कुछ आर्थिक सहारा मिल जाता है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत पात्र किसानों को सालाना छह हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती है।

मण्डलीय पेंशन अदालत का किया गया आयोजन

मीरजापुर। मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल राजेश प्रकाश की अध्यक्षता में आयुक्त, सभागार कक्ष में राज्य सरकार के सेवानिवृत्त कर्मचारियों के सेवानिवृत्तिक देयों से सम्बन्धित प्रकरणों के निस्तारण हेतु मण्डलीय पेंशन अदालत का आयोजन किया गया। पेंशन अदालत में आए प्रत्येक पेंशनरों की समस्याओं को मण्डलायुक्त द्वारा गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा सम्बन्धित अधिकारियों को तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर मण्डलायुक्त द्वारा कुल 61 दावे सुना गया, जिसमें 26 दावों का सुनवाई स्थल पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष 35 दावों को नियमानुसार निस्तारित किये जाने हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

अवकाश आदेश के बावजूद खुला रहा कछवां क्रिश्चियन स्कूल

मीरजापुर। पीईटी-2026 परीक्षा के मद्देनजर जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार द्वारा 30 अक्टूबर को घोषित सार्वजनिक अवकाश के बावजूद कछवां स्थित क्रिश्चियन स्कूल खुला रहा। जानकारी मिलने पर खंड शिक्षा अधिकारी मझवां बृजेश कुमार राय पुलिस बल के साथ विद्यालय पहुंचे और स्कूल बंद कराया। जिलाधिकारी के आदेश पर पहले बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार वर्मा ने कक्षा आठ तक के विद्यालय बंद रखने का निर्देश जारी किया था। बाद में सूचना विभाग की ओर से संशोधित आदेश जारी कर इंटरमीडिएट तक के सभी बोर्डों के विद्यालयों में अवकाश घोषित किया गया था। इसके बावजूद स्कूल संचालित होने से अभिभावकों में नाराजगी देखी गई। अभिभावकों का आरोप है कि विद्यालय प्रबंधन ने प्रशासन के आदेश की अनदेखी की। उन्होंने स्कूल प्रबंधन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। मामले का संज्ञान लेते हुए बीईओ बृजेश कुमार राय ने पुलिस टीम के साथ पहुंचकर विद्यालय बंद कराया। उन्होंने कछवां-मझवां क्षेत्र के सभी विद्यालय प्रबंधकों को जिलाधिकारी के आदेश का शत-प्रतिशत पालन करने की हिदायत दी। बीईओ ने चेतावनी दी कि आदेश की अवहेलना करने वाले विद्यालयों के खिलाफ मान्यता रद्द करने सहित वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पीईटी जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा के सुचारु संचालन में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

विद्युत स्पर्शाघात से भैंस की मौत

17	जौनपुर	रामीपुर मेढ़ा मार्ग के किमी0-2 से दायें धनीगोपालपुर सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	23.14	2.31	02 माह	रू0 944	A,B,C,D
18	जौनपुर	प्राथमिक विद्यालय बेलहटा के सामने से नहर तक सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	7.60	0.76	02 माह	रू0 944	A,B,C,D

- * बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गई दरें जी0एस0टी0 को छोड़ते हुये लगाई गयी है।
- * शासनादेश संख्या 879(1)/23-7-2020 दिनांक 25.08.2020 में निहित प्राविधानानुसार प्रहरी एप्लीकेशन पर वांछित प्रपत्र अपलोड करना अनिवार्य होगा।
- * निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।
- * निविदा ऑनलाईन दिनांक 02.11.2026 अपरान्ह 12:00 से दिनांक 13.11.2026 अपरान्ह 12:00 तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 13.11.2026 को 12:30 बजे खोली जायेगी तथा अर्ह निविदादाताओं की वित्तीय बिडें कार्यालय अदेशानुसार निर्धारित समय दिनांक एवं स्थान पर खोली जायेगी।
- * शासनादेश सं0-1/2018-3070/78/2-2018/42 आई0टी0/2017(22) दिनांक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।
- * शा0सं0-86/2026/649/2026/23-7099/106/2025 दिनांक 23 मई 2026 का अनुपालन ठेकेदारों द्वारा करना होगा।
- * निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाईट http://e-tender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

उ.प्र.-259784
दिनांक-29.10.2026

(राजेश राव)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., जौनपुर

वेबसाइटः- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि. चन्दौली

पत्रांक-3983/4ए   **ई-निविदा सूचना**   दिनांक-23.10.2026

महामहिम राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, चन्दौली द्वारा लोक निर्माण विभाग उ0प्र0 में मार्ग श्रेणी के पंजीकृत एवं अर्ह ठेकेदारों से प्रतिशत दर के आधार पर आनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि आई0टी0बी0 की धारा-4 के अनुसार कार्य प्राप्त करने के सम्बन्ध में न्यूनतम अर्हता रखता है।

क्र0सं0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में)	धरोहर धनराशि (लाख में)	निविदा मूल्य (रू0में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	अधिशासी अभियन्ता कार्यालय का पता	अधीक्षण अभियन्ता कार्यालय का पता	जिलाधिकारी कार्यालय का पता	मुख्य अभियन्ता कार्यालय का पता	अर्ह ठेकेदार की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
विशेष मरम्मत योजनान्तर्गत											
विधानसभा पं0 दीन दयाल उपाध्याय नगर (मुगलसराय)											
1	चन्दौली	मुगलसराय-चकिया से बबुरी मार्ग पर मरम्मत एवं रिटेनिंग वाल का कार्य	15.24	1.52	945.00	2 माह	प्रा०ख०, लो0नि0वि0 चन्दौली	वा०वृत्त, लो0नि0वि0, वाराणसी	चन्दौली	वा०क्षेत्र, लो0नि0वि0, वाराणसी	A,B, C,D
विधानसभा सैयदराजा											
2	चन्दौली	कुशमी संपर्क मार्ग	11.15	1.12	945.00	2 माह	प्रा०ख०, लो0नि0वि0 चन्दौली	वा०वृत्त, लो0नि0वि0, वाराणसी	चन्दौली	वा०क्षेत्र, लो0नि0वि0, वाराणसी	A,B, C,D
3	चन्दौली	अहिकौरा रामरजई बसगांवा से भतसा मार्ग	20.00	2.00	945.00	2 माह	प्रा०ख०, लो0नि0वि0 चन्दौली	वा०वृत्त, लो0नि0वि0, वाराणसी	चन्दौली	वा०क्षेत्र, लो0नि0वि0, वाराणसी	A,B, C,D
4	चन्दौली	डेढ़ावल धानापुर मार्ग से खड़ान संपर्क मार्ग से महामाया पालीटेक्निक तक सड़क का निर्माण कार्य	16.65	1.67	945.00	2 माह	प्रा०ख०, लो0नि0वि0 चन्दौली	वा०वृत्त, लो0नि0वि0, वाराणसी	चन्दौली	वा०क्षेत्र, लो0नि0वि0, वाराणसी	A,B, C,D
5	चन्दौली	सैयदराजा जमानियां मार्ग से धोसवां	25.65	2.57	945.00	2 माह	प्रा०ख०, लो0नि0वि0 चन्दौली	वा०वृत्त, लो0नि0वि0, वाराणसी	चन्दौली	वा०क्षेत्र, लो0नि0वि0, वाराणसी	A,B, C,D
6	चन्दौली	परसिया अरंगी धनायतपुर से पोखरा मार्ग	30.75	3.08	945.00	2 माह	प्रा०ख०, लो0नि0वि0 चन्दौली	वा०वृत्त, लो0नि0वि0, वाराणसी	चन्दौली	वा०क्षेत्र, लो0नि0वि0, वाराणसी	A,B, C,D
7	चन्दौली	डेढ़ावल धानापुर से कंदरपुर वाया नोनारी लिंक रोड	28.75	2.88	945.00	2 माह	प्रा०ख०, लो0नि0वि0 चन्दौली	वा०वृत्त, लो0नि0वि0, वाराणसी	चन्दौली	वा०क्षेत्र, लो0नि0वि0, वाराणसी	A,B, C,D
8	चन्दौली	कमालपुर एवती मार्ग का शेष भाग	22.60	2.26	945.00	2 माह	प्रा०ख०, लो0नि0वि0 चन्दौली	वा०वृत्त, लो0नि0वि0, वाराणसी	चन्दौली	वा०क्षेत्र, लो0नि0वि0, वाराणसी	A,B, C,D
9	चन्दौली	धीना नूरी से बहोरा जलालपुर मार्ग पर क्षतिग्रस्त पुलिया के विशेष मरम्मत का कार्य	22.08	2.21	945.00	2 माह	प्रा०ख०, लो0नि0वि0 चन्दौली	वा०वृत्त, लो0नि0वि0, वाराणसी	चन्दौली	वा०क्षेत्र, लो0नि0वि0, वाराणसी	A,B, C,D
10	चन्दौली	धानापुर महुँजी मार्ग से गुरैनी पम्प कैनाल सम्पर्क मार्ग का शेष भाग	13.43	1.34	945.00	2 माह	प्रा०ख०, लो0नि0वि0 चन्दौली	वा०वृत्त, लो0नि0वि0, वाराणसी	चन्दौली	वा०क्षेत्र, लो0नि0वि0, वाराणसी	A,B, C,D
11	चन्दौली	धीना जमानियां मार्ग से सलेमपुर सम्पर्क मार्ग	15.28	1.53	945.00	2 माह	प्रा०ख०, लो0नि0वि0 चन्दौली	वा०वृत्त, लो0नि0वि0, वाराणसी	चन्दौली	वा०क्षेत्र, लो0नि0वि0, वाराणसी	A,B, C,D
12	चन्दौली	लक्ष्मणपुर सम्पर्क मार्ग से रामपुर मार्ग	24.37	2.44	945.00	2 माह	प्रा०ख०, लो0नि0वि0 चन्दौली	वा०वृत्त, लो0नि0वि0, वाराणसी	चन्दौली	वा०क्षेत्र, लो0नि0वि0, वाराणसी	A,B, C,D
13	चन्दौली	चिलबिली से गोपालपुर सम्पर्क मार्ग	6.67	0.67	945.00	2 माह	प्रा०ख०, लो0नि0वि0 चन्दौली	वा०वृत्त, लो0नि0वि0, वाराणसी	चन्दौली	वा०क्षेत्र, लो0नि0वि0, वाराणसी	A,B, C,D
14	चन्दौली	रामपुर महुँजी मार्ग भतखरी मार्ग	11.17	1.12	945.00	2 माह	प्रा०ख०, लो0नि0वि0 चन्दौली	वा०वृत्त, लो0नि0वि0, वाराणसी	चन्दौली	वा०क्षेत्र, लो0नि0वि0, वाराणसी	A,B, C,D
15	चन्दौली	सैयदराजा सकलडीहा से कल्याणपुर सम्पर्क मार्ग	24.85	2.49	945.00	2 माह	प्रा०ख०, लो0नि0वि0 चन्दौली	वा०वृत्त, लो0नि0वि0, वाराणसी	चन्दौली	वा०क्षेत्र, लो0नि0वि0, वाराणसी	A,B, C,D
16	चन्दौली	धीना माइनर से सैयदराजा सकलडीहा मार्ग	21.84	2.18	945.00	2 माह	प्रा०ख०, लो0नि0वि0 चन्दौली	वा०वृत्त, लो0नि0वि0, वाराणसी	चन्दौली	वा०क्षेत्र, लो0नि0वि0, वाराणसी	A,B, C,D
17	चन्दौली	परसिया सम्पर्क मार्ग	7.96	0.80	945.00	2 माह	प्रा०ख०, लो0नि0वि0 चन्दौली	वा०वृत्त, लो0नि0वि0, वाराणसी	चन्दौली	वा०क्षेत्र, लो0नि0वि0, वाराणसी	A,B, C,D
18	चन्दौली	धीना माइनर से कसवड़ मार्ग	16.05	1.61	945.00	2 माह	प्रा०ख०, लो0नि0वि0 चन्दौली	वा०वृत्त, लो0नि0वि0, वाराणसी	चन्दौली	वा०क्षेत्र, लो0नि0वि0, वाराणसी	A,B, C,D
19	चन्दौली	ग्राम सभा दरौली तेलरा से ग्राम खुटहट तक मार्ग पर क्षतिग्रस्त पुलिया के विशेष मरम्मत का कार्य	21.85	2.19	945.00	2 माह	प्रा०ख०, लो0नि0वि0 चन्दौली	वा०वृत्त, लो0नि0वि0, वाराणसी	चन्दौली	वा०क्षेत्र, लो0नि0वि0, वाराणसी	A,B, C,D
20	चन्दौली	सैयदराजा गाजीपुर से सिसौरा मार्ग	12.23	1.22	945.00	2 माह	प्रा०ख०, लो0नि0वि0 चन्दौली	वा०वृत्त, लो0नि0वि0, वाराणसी	चन्दौली	वा०क्षेत्र, लो0नि0वि0, वाराणसी	A,B, C,D

बिड डॉक्यूमेंट वेबसाइट http://tender.up.nic.in पर दिनांक 03.11.2026 अपरान्ह 12:00 बजे से दिनांक 13.11.2026 अपरान्ह 12:00 बजे तक उपलब्ध है, जो कि दिनांक 13.11.2026 को समय 12:00 बजे अपरान्ह तक अपलोड किये जा सकते है, इसकी तकनीकी बिड दिनांक 13.11.2026 को समय 12:30 बजे, कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, चन्दौली में आनलाइन खोली जायेगी।

निविदाएं प्रहरी साफ्टवेयर पर अपलोड की जायेगी तथा निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से किया जायेगा, जिसका विस्तृत विवरण निविदा प्रपत्र में उल्लिखित है।

निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://tender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

उ.प्र.:-259748
दिनांक-29.10.2026

(इं0 राजेश कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0
चन्दौली

वेबसाइटः- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

विमल जैन हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक ज्योतिषी एवं वास्तुविद्
एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन, भोजूबीर, वाराणसी-221002
09335414722

आज का राशिफल — शनिवार, 31 अक्टूबर 2026

मेष- दिनचर्या व्यवस्थित, निर्णय लाभप्रद, मानसिक शांति, परोपकार में रुचि, यात्रा सार्थक।
वृषभ- आरोग्य सुख, व्यवसायिक प्रगति, स्थान परिवर्तन, आमोद-प्रमोद, लाभ का सुयोग।
मिथुन- आत्मबल में वृद्धि, जनकल्याण में रुचि, आपसी सौहार्द, यात्रा का प्रसंग, धर्म में आस्था।
कर्क- व्यवसाय में असफलता, अड़चनें, अशांति, मनमुटाव, द्रव्य की क्षति, व्यर्थ भ्रमण।
सिंह- अनुकूल घटनाएं घटित, योजनापूर्ति, आत्मिक शांति, वैवाहिक सुख, धर्म में आस्था।
कन्या- मन प्रसन्न, आर्थिक सुधार, महत्वपूर्ण उपलब्धि, शैक्षिक सफलता, मौजमस्ती में व्यय।
तुला- अभिलाषा की पूर्ति, परेशानियाँ कम, परोपकार की प्रवृत्ति, सम्बन्ध अनुकूल, सौहार्द।
वृश्चिक- मानसिक कष्ट, कार्यों में बाधा, विचारों में उग्रता, अनावश्यक खर्च, विश्वासघात।
धनु- वातावरण मनोनुकूल, जीवन सुखमय, आत्मिक शांति, इच्छा की पूर्ति, यात्रा संतोषजनक।
मकर- निराशा का समापन, हर्षोल्लास, मनोविनोद के अवसर, बुद्धि का विकास, धनलाभ।
कुम्भ- पारिवारिक दायित्व की पूर्ति, दाम्पत्य सुख, शत्रु परास्त, धन संचय, यात्रा संतोषजनक।
मीन- योजना अधूरी, आर्थिक असंतोष, अनावश्यक खर्च, विरोधियों प्रभावी, राजकीय उलझनें।

आज है जिनका जन्मदिन — 31 अक्टूबर

आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ। जन्मदिनांक 31 का मूलांक 4 का स्वामी ग्रह राहु एवं माह का अधिपति ग्रह शुक्र है। व्यवधान आपके जीवन का प्रमुख अंग होगा। जीवन उथल-पुथल से परिपूर्ण रहेगा। किसी भी कार्य को नये एवं रचनात्मक तरीके से प्रस्तुत करने में सक्षम होंगे। जीवन में अनेकों बार परिवर्तन करने पड़ेंगे। किसी भी गलत कार्य या बात के प्रबल विरोधी होंगे। उग्रता की स्थिति में अपना मानसिक सन्तुलन खो बैठेंगे और स्वयं का ही नुकसान कर लेंगे। छोटी-छोटी समस्याओं को अधिक महत्व नहीं देंगे। अपना कार्य करने के लिए दूसरों को भी हानि पहुँचाने से पीछे नहीं हटेंगे। कोई भी आपके मन की बात नहीं जान पायेगा। भोग-विलासिता व मौजमस्ती के निमित्त अधिक व्यय करेंगे। इष्ट देवी-देवता की अर्चना अवश्य करें। दैनिक जीवन में चित्र विचित्र रंगों का प्रयोग अधिकतम करें। काले रंग की वस्तुओं का दान भी करें। अपनी परम्परा के अनुसार धर्म का पालन अवश्य करें। हित के लिए असत्य बात का सहारा न लेवें। गो सेवा नित्य करें। सफलता के लिए रत्न या उपरत्न तथा यन्त्र विधि-विधानपूर्वक धारण करें।

आपके लिए शुभ

मन्त्र : ॐ रां राहुवें नमः
व्रत : शनिवार
दिन : सोमवार, मंगलवार एवं शुक्रवार
दिनांक : 4, 13, 22, 31
अंक : 1, 2, 7
मास : फरवरी, अक्टूबर एवं अक्टूबर
वर्ष : 4, 13, 22, 31, 40, 49, 58, 67
रंग : काला, भूरा एवं स्लेटी
जन्मरत्न : गोमेद   उपरत्न : काला अकीक
जड़ी : सफेद चन्दन की जड़   दिशा : आग्नेय
वर्ष का महत्वपूर्ण समय—21 मार्च से 28 अक्टूबर, 10 अक्टूबर से 20 अक्टूबर

यन्त्र

13	8	15
14	12	10
9	16	11

सुडोकू ५०००

			5		8			
				7	6			
	1							3
			4					9
6		5		1				
8								
						8	6	
						7		
	4			2				

हल ४०९९ सुडोकू

7	3	6	8	2	9	5	1	4
8	2	4	1	5	7	9	6	3
9	5	1	6	4	3	2	8	7
2	4	8	5	7	1	6	3	9
1	6	3	9	8	4	7	5	2
5	9	7	3	6	2	1	4	8
6	7	5	2	3	8	4	9	1
3	1	2	4	9	5	8	7	6
4	8	9	7	1	6	3	2	5

त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के दृष्टिगत समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग ने की समीक्षा

आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति राम औतार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न

मऊ। आगामी त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के दृष्टिगत अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के प्रतिनिधित्व एवं आरक्षण की स्थिति का तथ्यपरक आंकलन करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय ग्रामीण निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग द्वारा जनपद मऊ में जमीनी स्तर पर स्थिति की पड़ताल की गई। इस क्रम में कलेक्ट्रेट सभागार, मऊ में आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति राम औतार सिंह की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आयोग के सदस्यगण बृजेश कुमार, संतोष कुमार विश्वकर्मा,एस पी सिंह व ओएसडी डा. मो. असलम अंसारी उपस्थित रहें। बैठक में जनपद की पंचायतों एवं स्थानीय निकायों में अन्य पिछड़ा वर्ग की सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक स्थिति, निर्वाचित प्रतिनिधियों के रूप में उनकी भागीदारी, वर्तमान प्रतिनिधित्व तथा आरक्षण व्यवस्था से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक विचार-विमर्श किया गया। आयोग द्वारा उपलब्ध कराए गए तथ्यों, स्थानीय परिस्थितियों तथा जनप्रतिनिधियों से प्राप्त जानकारी के आधार पर पिछड़े वर्ग की वास्तविक स्थिति का समुचित एवं तथ्यपरक आकलन किए जाने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया ने आयोग के समक्ष जनपद में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन से संबंधित आवश्यक जानकारियां प्रस्तुत की। अधिकारियों ने पंचायतों एवं स्थानीय निकायों में अन्य पिछड़ा वर्ग के वर्तमान प्रतिनिधित्व तथा उपलब्ध अभिलेखों और तथ्यों के संबंध में आयोग को अवगत कराया। इस दौरान आगामी पंचायत चुनावों के दृष्टिगत आरक्षण व्यवस्था, निर्धारित आरक्षण प्रतिशत तथा नियमानुसार आरक्षण लागू किए जाने से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। साथ ही, पंचायतों में पिछड़े वर्ग की भागीदारी की वास्तविक स्थिति को समझने के लिए उपलब्ध सूचनाओं एवं स्थानीय स्तर पर प्राप्त होने वाले अनुभवजन्य साक्ष्यों के महत्व पर भी विचार किया गया। आयोग द्वारा इस बात पर बल दिया गया कि अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रतिनिधित्व एवं आरक्षण से संबंधित आकलन के लिए प्रासंगिक तथ्यों, स्थानीय परिस्थितियों और संबंधित साक्ष्यों का समुचित अध्ययन किया जाना आवश्यक है, ताकि जनपद में पिछड़े वर्ग की वास्तविक सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक स्थिति को बेहतर ढंग से समझा जा सके। आयोग की बैठक में अन्य पिछड़ा वर्ग की सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक परिस्थितियों को समझने के लिए समकालीन अनुभवजन्य साक्ष्यों के संकलन पर विशेष जोर दिया गया। आगामी त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के संदर्भ में आरक्षण संबंधी विषयों पर विचार-विमर्श के दौरान संबंधित तथ्यों एवं जानकारियों के व्यवस्थित संकलन पर भी बल दिया गया।बैठक में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि अन्य पिछड़ा वर्ग की स्थिति के आकलन में केवल उपलब्ध आंकड़ों तक सीमित न रहकर स्थानीय परिस्थितियों, जनप्रतिनिधियों के अनुभवों तथा संबंधित साक्ष्यों को भी ध्यान में रखा जाए। पंचायतों एवं स्थानीय निकायों में पिछड़े वर्ग की भागीदारी और प्रतिनिधित्व से जुड़े विभिन्न पहलुओं को समझने के लिए अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से प्राप्त सूचनाओं का महत्व रेखांकित किया गया। बैठक में उपायुक्त श्रम एवं रोजगार राजीव कुमार, जिला विकास अधिकारी सुभाष चंद्र सरोज, जिला पंचायत राज अधिकारी किरण वर्मा, जनपद के विभिन्न ब्लाक प्रमुखगण, जिला पंचायत सदस्य,ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य, वार्ड सदस्य तथा संबंधित अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

महिला ने छेड़खानी के विरुद्ध कराया एफआईआर

मऊ। मधुबन थाना क्षेत्र के कुशण्डा गांव में घर में घुस कर एक गूंगी बहरी महिला के साथ छेड़छाड़ करने एवं गाली गुप्ता देते हुए जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने पीड़ित महिला के माँ के तहरीर पर एक व्यक्ति के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। गीता देवी पत्नी स्व. गुलाब निवासी कटाघराशंकर का आरोप है कि मैंने अपनी दिब्यांग लड़की रोशनी की शादी तीन वर्ष पूर्व कुसंडा निवासी राजकुमार पुत्र लल्लन से किया था। मेरी लड़की बोलने एवं सुनने में असमर्थ है मेरी लड़की का पति बाहर रह कर मजदूरी करता है मैं प्रति दिन अपनी लड़की से मिलने उसके घर जाती रहती हूँ, उसके ससुराल में रहने वाला महंत पुत्र स्व. जयराम निवासी करनपुर जो सनकी एवं मनबढ़ किस्म का व्यक्ति है बीते 27 अक्टूबर की रात लगभग तीन बजे महंत मेरी बेटी के बहरेपन और गूंगेपन का फायदा उठा कर कमरे में घुस गया और मेरी बेटी का मुँह दबा कर छेड़खानी करने लगा मेरी बेटी के छटपटाने की आवाज सुन कर बुआ सास तारा देवी कमरे में पहुंच गई जिनको देख कर महंत गाली गुप्ता देते जान से मारने की धमकी देते कमरे से भाग गया, इस मामले में पुलिस ने पीड़िता के माँ की तहरीर पर उपरोक्त व्यक्ति के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

बारिश से किसानों की फसल बर्बाद, क्षतिपूर्ति देने की मांग

मऊ। जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष तथा भाजपा किसान नेता राकेश सिंह ने कहा कि जिले में दो दिनों से भारी बारिश- आंधी- पानी- तेज हवा से धान की फसलों की भारी क्षति हुई है और कच्चे मकान भी गिर गए हैं। धान की जो फसल पक गई है वह खेतों में गिर गई है और खेतों में पानी भर जाने से किसानों की भारी क्षति हुई है। जिन किसानों ने धान की कटाई कर दी है उसकी भी क्षति है। देर से पकने वाली नाटी मंसूरी रेडा यानी बाली लिया है वह जमीन पर गिर गया है । इससे उसके पैदावार पर 50प्रतिशत का प्रभाव पड़ेगा। एक बिगहा धान की फसल तैयार करने में जुताई से लेकर रोपाई -दवाई -सोहनी -पानी-मजदूरी को जोड़ा जाएगा तो15000 प्रति बीगहा खर्च किसान की लागत लगता है। जिन किसानों ने सरसों-मटर- मसूर -आलू बो दिया है। उन खेतों में पानी लगने से इसकी भी क्षति है। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि किसानों की भारी क्षति को देखते हुए खेतों में क्षति का सही सर्वे प्लांट टू प्लांट कराया जाए। गांव में किसानों के कच्चे मकान भी गिर गए हैं उसे पर भी ध्यान देकर सहायता की जरूरत है।

उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता से करें निस्तारण-डीएम

जिला स्तरीय उद्योग बन्धु की बैठक सम्पन्न

मऊ। जिलाधिकारी आनंद वर्द्धन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक आयोजित हुई। बैठक में औद्योगिक क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति, जल निकासी, आधारभूत सुविधाओं, औद्योगिक प्रतिष्ठानों के पंजीकरण तथा उद्यमियों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में औद्योगिक क्षेत्र ताजोपुर में विद्युत उपकेंद्र की स्थापना, राष्ट्रीय राजमार्ग-29 पर बढ़ुआ गोदाम औद्योगिक क्षेत्र के दक्षिण-पश्चिम दिशा में साइफन निर्माण से उत्पन्न समस्याओं तथा ताजोपुर औद्योगिक क्षेत्र में लगभग 30 से 35 वर्ष पुराने नालों के पुनर्निर्माण एवं उच्चीकरण के संबंध में विचार-विमर्श किया गया। इसके अतिरिक्त कारखाना अधिनियम, 1948 के अंतर्गत औद्योगिक प्रतिष्ठानों के पंजीकरण तथा ताजोपुर औद्योगिक क्षेत्र के उद्यमी प्रवीण मिश्रा के कारखाने में आगजनी की घटना के बाद आवश्यक काररवाई के विषय में भी चर्चा हुई। निवेश मित्र पोर्टल पर विभिन्न विभागों को प्राप्त आवेदनों एवं उनके निस्तारण की समीक्षा के दौरान उद्यमी मित्र ने बताया कि कुल 345 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 239 का निस्तारण किया जा चुका है। विभागीय स्तर पर 60 आवेदन लंबित हैं, जबकि 39 आवेदन लाभार्थी स्तर पर लंबित हैं। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को लंबित आवेदनों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनपद में प्राप्त निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने के संबंध में जिलाधिकारी ने उद्यमी मित्र को निर्देशित किया कि उद्योग स्थापित करने के इच्छुक निवेशकों एवं उद्यमियों से निरंतर समन्वय बनाए रखें तथा उन्हें आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराएं, ताकि जनपद में अधिक से अधिक औद्योगिक इकाइयों की स्थापना हो सके। बैठक में उद्यमी श्रीराम जायसवाल ने औद्योगिक क्षेत्र में नो-एंट्री के कारण बाहर से आने वाले वाहनों को पुलिस द्वारा रोके जाने की समस्या उठाई। बैठक में एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी), मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना, एक जिला एक व्यंजन तथा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति एवं क्रियान्वयन पर भी चर्चा की गई। बैठक में नगर मजिस्ट्रेट रमेश बाबू, उपायुक्त उद्योग हरेंद्र प्रताप, लीड बैंक प्रबंधक पवन मिश्रा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं जनपद के उद्यमी उपस्थित रहे।

१३ किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

मऊ । पुलिस अधीक्षक सर्वेश कुमार मिश्रा के निर्देशन तथा पुलिस उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह के कुशल निर्देशन में अपराध तथा अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में शुक्रवार को पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान रामघाट बंधा मोड़ के पास से एक युवक को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार के दौरान इस युवक के पास से एक कर में 13 किलो 370 ग्राम अवैध गांजा एक मोबाइल 400 नगद जो मादक पदार्थ की तस्करी करता था । उसे बरामद किया गया।

पूछे जाने पर उसने अपना नाम कार्तिकेय तिवारी पुत्र प्रभाकर तिवारी निवासी भटौली थाना सिधारी आजमगढ़ बताया । बाद में पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर चालान किया । गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक समेत वरिष्ठ उप निरीक्षक मधुसूदन चौरसिया ,उप निरीक्षक अरविंद कुमार यादव, कांस्टेबल मनोज शर्मा ,सर्वेश यादव ,बृजेश भारती ,सोनू सिंह ,संजीव पटेल आदि पुलिसकर्मी का विशेष योगदान रहा।

चाकू के साथ एक गिरफ्तार

मऊ। मधुबन थाना क्षेत्र के मित्तूपुर चौराहे से पुलिस ने अवैध चाकू के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया। उपनिरीक्षक शंकर कुमार यादव मय हमराह का0 शम्भु शुक्ला का0 दीपक यादव, का0 मनीष पटेल, गगन ठाकुर के साथ देखभाल क्षेत्र में चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति / वाहन आदि के राजकीय कार्य से गजियापुर बाजार में मौजूद थे कि मुखबिर से सूचना मिला कि मित्तूपुर चौराहे पर एक व्यक्ति अवैध चाकू लेकर खड़ा है जो किसी अपराध को अंजाम देने के फिराक में है । उपनिरीक्षक ने मुखबिर के बातों पर विश्वास कर मय हमराह मौके पर पहुंचे, और चारो तरफ से घेराबंदी कर व्यक्ति को धर दबोचा, तलासी लेने पर उस व्यक्ति के पास से एक अदद अवैध चाकू बरामद हुआ । नाम पता पूछने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम अनिल चौहान पुत्र लक्षमन निवासी मोलनापुर महुआरी बताया, तादोउपरान्त उपनिरीक्षक उस व्यक्ति को गिरफ्तार कर थाना ले गये और विधिक कारर‌वाई करने के उपरान्त चालान न्यायालय भेज दिया।

बेमौसम बारिश से धान की फसल नष्ट

मऊ। क्षेत्र में लगातार हुई बारिश ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। बेमौसम बारिश के चलते खेतों में खड़ी फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है, जिससे किसानों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। क्षेत्र के ग्राम खुखुंदवा, दाड़ी, देवकली, शहरोज, लाड़नपुर समेत कई गांवों में बारिश का व्यापक असर देखने को मिला है। किसानों के अनुसार बारिश के कारण खेतों में पानी भर जाने और फसलों के गिरने से काफी नुकसान हुआ है। महीनों की मेहनत और लागत लगाने के बाद तैयार हो रही फसल बर्बाद होने से किसान बेहद चिंतित हैं। किसानों का कहना है कि खेती ही उनकी आजीविका का मुख्य साधन है। ऐसे में फसलों को हुए नुकसान से परिवारों के सामने आर्थिक परेशानियां बढ़ सकती हैं। प्रभावित किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि संबंधित विभाग की टीम गांवों में पहुंचकर फसलों के नुकसान का निष्पक्ष सर्वे कराए और प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा दिलाया जाए। **चिरैयाकोट संवाददाता के अनुसार**- बंगाल की खाड़ी से उठे अर्नब चक्रवात के असर ने स्थानीय नगर व आस-पास के क्षेत्रों में तबाही मचाकर रख दिखा है। अर्नब चक्रवात के कारण थम-थम कर गुरुवार से शुरू हुई बारिश शुक्रवार तक जारी रही। मौसम के अचानक करवट बदलने से किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया है।

डीएम-एसपी ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

पेट परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न, ३.३६४ अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित

मऊ। जनपद में शुक्रवार को प्रारंभिक अर्हता परीक्षा कुल 14 परीक्षा केंद्रों पर सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा की दोनों पालियों में कुल 12,480 अभ्यर्थियों को सम्मिलित होना था, जिसके सापेक्ष 9,116 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जबकि कुल 3,364 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली में कुल 6,240 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 4,544 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए तथा 1,696 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार द्वितीय पाली में भी 6,240 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 4,572 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 1,668 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। पूरी परीक्षा प्रक्रिया के दौरान जिलाधिकारी आनंद वर्द्धन ने पुलिस अधीक्षक सर्वेश कुमार मिश्रा के साथ जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता, सुरक्षा व्यवस्था तथा परीक्षा संचालन के संबंध में शासन द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुपालन की स्थिति का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा की शुचिता, पारदर्शिता एवं निष्पक्षता बनाए रखते हुए पूरी परीक्षा प्रक्रिया नकलविहीन एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई जाए। उन्होंने परीक्षा से संबंधित सभी व्यवस्थाओं को शासन की निर्धारित गाइडलाइन के अनुरूप सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

बिजली विभाग ने तार को कराया ऊपर

करहां (मऊ)। मुहम्मदाबाद गोहना ब्लाक क्षेत्र के गद्दोपुर गांव में बिजली का लटकता तार लोगों के लिए खतरा बना हुआ था । जिसको बिजली विभाग के कर्मचारियों द्वारा शुक्रवार को बारिश और तेज हवा में सही कराया गया। बताया जाता है कि लगभग कई महीनों से सड़क और आबादी के आस-पास बिजली का तार लटका हुआ था । जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता था। ग्रामीणों ने बिजली विभाग के अधिकारियों से जल्द से जल्द तार को दुरुस्त कराने की मांग किया था। गांव के सोनू हाशमी ओसामू खान कौशर गुफरान तब्बू खान सरफराज आदि ग्रामीणों के अनुसार, गद्दोपुर गांव में 440 बोल्ट बिजली का तार काफी नीचे लटक रहा है। इसके चलते लोगों को आवागमन के दौरान दुर्घटना की आशंका बनी रहती । गांव में बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं का भी आना-जाना लगा रहता है। ऐसे में लटकते तार से किसी के संपर्क में आने पर गंभीर हादसा हो सकता था। बिजली के तारों की समय-समय पर जांच और मरम्मत नहीं होने से इस तरह की समस्याएं सामने आती हैं। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली का तार लटकने से लोगों में हर समय अनहोनी की आशंका बनी रहती थी। लोगों ने संबंधित विभाग से मौके का निरीक्षण कराकर तार को सुरक्षित ऊंचाई पर खिंचवाने तथा बिजली व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग किया था। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली विभाग को लोगों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए इस समस्या पर तत्काल ध्यान देना चाहिए। किसी हादसे के बाद कारर‌वाई करने के बजाय पहले ही आवश्यक कदम उठाए जाने चाहिए। इस बाबत अवर अभियंता छोटेलाल ने गद्दोपुर गांव में कर्मचारियों के साथ पहुंचकर लटक रहे तार को बारिश और तेज हवा के बिगड़े मौसम में भी सही कराया।

वाहन चेकिंग में ३७ वाहनों का चालान

मऊ । विशेष वाहन चेकिंग अभियान के तहत गुरुवार सायं आधा दर्जन स्थानों पर वाहन चेकिंग के दौरान वाहन चालकों द्वारा तीन सवारी तथा हेलमेट का उल्लंघन करने के मामले में पुलिस ने 37 बाइकों का ई चालान किया ।

रोजगार मेले में ६२ अभ्यर्थियों को मिला रोजगार

मऊ। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), सहादतपुरा, मऊ परिसर में शुक्रवार को अप्रेन्टिस रोजगार मेला (कैम्पस ड्राइव) का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में टैलेन्टप सर्विस प्रा.लि., ग्रेटर नोएडा द्वारा हायर अप्लायंसेज इंडिया प्रा.लि. के लिए अभ्यर्थियों का चयन किया गया। मेले में कुल 138 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें कंपनी के एचआर प्रतिनिधि संदीप पाण्डेय द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से 62 अभ्यर्थियों का चयन कर उन्हें रोजगार से जोड़ने की प्रक्रिया पूर्ण की गई।

नक्शा पास कराने में देरी पर इंजीनियरों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

मऊ। चेरिटेबल एसोसिएशन आफ सिविल इंजीनियर्स एंड आर्किटेक्ट्स, मऊ के प्रतिनिधिमंडल ने मास्टर प्लान कार्यालय में जेई की नियुक्ति और नक्शा पास होने में हो रही देरी का मुद्दा उठाया। एसोसिएशन का कहना है कि मैकेनिकल ट्रेड से पीडब्लूडी में नियुक्त जेई को मास्टर प्लान का अतिरिक्त कार्यभार दिए जाने के कारण नक्शा पास कराने की प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। प्रतिनिधिमंडल ने व्यवस्था में सुधार कर नक्शा पास की प्रक्रिया तेज करने की मांग की।

जाम से नागरिक परेशान

मऊ। आजमगढ़-मऊ मुख्य मार्ग पर मुहल्ला जमीन बरामदपुर स्थित सब्जी मंडी के पास जाम की समस्या लोगों के लिए मुसीबत बनती जा रही है। मंडी में सब्जियों से लदे बड़े ट्रकों के आने-जाने और सड़क पर टर्न करने के दौरान प्रतिदिन आवागमन बाधित होता है।

राष्ट्रीय एकताके सूत्रधार-सरदार वल्लभभाई पटेल

जयंती आज

भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती आज पूरे देश में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। उनका जन्म 31 अक्तूबर 1875 को गुजरात के नडियाद में एक साधारण किसान परिवार में हुआ था। सरदार पटेल स्वतंत्र भारत के पहले उप-प्रधानमंत्री और गृहमंत्री थे।



आजादी के बाद देश के सामने सबसे बड़ी चुनौती बिखरी हुई रियासतों को एक धागे में पिरोने की थी। सरदार पटेल ने अपनी अद्भुत प्रशासनिक क्षमता, दूरदर्शिता और दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचय देते हुए 560 से अधिक देशी रियासतों का भारत संघ में शांतिपूर्ण विलय कराया। उनके इसी अदम्य साहस और दृढ़ संकल्प के कारण कृतज्ञ राष्ट्र उन्हें लौह पुरुष के नाम से याद करता है। पटेल जी ने

अखंड भारत का निर्माण और दृढ़ नेतृत्व

स्वतंत्रता संग्राम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। साल 1928 में गुजरात में हुए प्रसिद्ध बारदोली सत्याग्रह का उन्होंने सफल नेतृत्व किया। इस आंदोलन की सफलता से प्रभावित होकर वहाँ की महिलाओं ने उन्हें सरदार (जिसका अर्थ नेता या प्रमुख होता है) की उपाधि दी। अखिल भारतीय सेवाओं के जनक स्वतंत्र भारत की प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत करने में सरदार पटेल की अहम भूमिका थी। उन्होंने भारतीय सिविल सेवाओं के महत्व को समझा और आधुनिक अखिल भारतीय सेवाओं की नींव रखी, जिसके कारण उन्हें इन सेवाओं का संरक्षक संत या जनक भी माना जाता है। उनके इसी महान योगदान को अमर बनाए रखने के लिए गुजरात के केवडिया (एकता नगर) में नर्मदा नदी के तट पर विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी बनाई गई है, जिसकी ऊंचाई 182 मीटर है। यह विशाल स्मारक देश की एकता और अखंडता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रतीक है।सरदार वल्लभभाई पटेल का जीवन हमें सिखाता है कि कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी अपने संकल्प से पीछे नहीं हटना चाहिए। आज के दिन देश भर में रन फॉर यूनिटी जैसी दौड़ और शपथ ग्रहण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, जो हमें आपस में मिलकर रहने और देश को मजबूत बनाने की प्रेरणा देते हैं।

भारतकी आयरन लेडी इंदिरा गांधी

पुण्यतिथि आज

31 अक्टूबर यह तारीख भारत के इतिहास में एक गहरा निशान छोड़ती है। यही वह दिन है जब देश ने अपनी पहली महिला प्रधानमंत्री, इंदिरा गांधी को खो दिया था। वे सिर्फ़ एक नेता नहीं थीं, बल्कि भारत की राजनीतिक दृढ़ता, महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की प्रतीक थीं। उनका जीवन संघर्ष, निर्णय और दूरदर्शिता का अद्भुत संगम था जिसने भारत को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दी। इंदिरा प्रियदर्शिनी गांधी का जन्म उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद में 19 नवंबर 1917 को हुआ था। उनके पिता देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू थे। माता का नाम कमला नेहरू था। इंदिरा गांधी ने शांतिनिकेतन से अपनी शिक्षा हासिल की, बाद में इंग्लैंड के ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से पढ़ाई पूरी की। बाद में उनका विवाह फिरोज गाधी से हुआ। इंदिरा गांधी बचपन से ही राजनीति के वातावरण में पली-बढ़ीं। वह अपने पिता के साथ राजनीति में सक्रिय

जिनकी इच्छाशक्ति ने बदला देशका भविष्य

भूमिका में रहीं। पिता नेहरू के सान्निध्य में उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन की ज्वाला को करीब से देखा और उसी ने उनके भीतर नेतृत्व की लौ जलाई। जब देश आर्थिक संकट और अस्थिरता से जूझ रहा था, तब इंदिरा गांधी ने मजबूत नेतृत्व के साथ भारत की बागडोर संभाली। साल 1966 में वह देश की पहली महिला प्रधानमंत्री नियुक्त हुईं। 'गरीबी हटाओ' का नारा-इंदिरा गांधी ने समाज के निचले तबके के उत्थान के लिए नीतियां बनाईं और गरीबी हटाओ अभियान चलाकर आम जनता में उम्मीद जगाई। 1971 का भारत-पाक युद्ध और बांग्लादेश की आजादी उनके नेतृत्व में भारत ने पाकिस्तान को हराया और बांग्लादेश का जन्म हुआ। इस विजय ने उन्हें भारत की लौह महिला बना दिया। इंदिरा गांधी ने 1974 में भारत को परमाणु शक्ति संपन्न देशों की श्रेणी में खड़ा किया। उन्होंने कृषि क्षेत्र में बड़े सुधार किए, जिससे भारत खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर हुआ। इंदिरा गांझी ने बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया। इस फैसले ने आर्थिक असमानता को घटाने और गरीबों को वित्तीय सशक्तिकरण देने में मदद की। 1975 में इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल लगाया, यह उनके राजनीतिक जीवन का सबसे विवादित निर्णय रहा। 31 अक्टूबर 1984 को उनके अपने ही अंगरक्षकों द्वारा उनकी हत्या कर दी गई। उनकी मृत्यु ने पूरे देश को झकझोर दिया। आज भी वे भारतीय राजनीति की सबसे सशक्त महिला नेताओं में गिनी जाती हैं।

खूनी व बादी बवासीर में बेहद असरकारक
अर्शवेदा कैप्सूल

सुविचार
जो पानी से नहाएगा वो सिर्फ लिबास बदलेगा, जो पसीने से नहाएगा वो इतिहास बदलेगा।
• 100% आयुर्वेदिक • सुरक्षित • असरदार
Customer Care : 9628078000
www.rphealthgroup.com
Also available at TATA 1mg amazon Flipkart

पापाने मेरे लिए किसीसे भीख नहीं मांगी - सारा अली खान

अभिनेत्री सारा अली खान अपनी फिल्म उड़ता तीर को लेकर चर्चा में हैं। इस बीच उन्होंने अपने पारिवारिक बैकग्राउंड को लेकर चल रही चर्चाओं पर बात की है। उन्होंने साफ किया कि उनके पिता और अभिनेता सैफ अली खान ने कभी भी उनके फिल्म कॉन्ट्रैक्ट्स पर बातचीत नहीं की। उन्होंने एक मशहूर फिल्मी परिवार से आने के दोहरे पहलुओं पर चर्चा की। बातचीत में सारा ने कहा, मैं अपनी सिंगल मदर के साथ रहती हूं। मेरे पिता कभी किसी ऑफिस में जाकर मेरे कॉन्ट्रैक्ट्स पर बातचीत नहीं करते थे और न ही उन्होंने कभी किसी से मुझे अपनी फिल्मों में लेने की गुजारिश की। जब मुझे केदारनाथ के समय कोई परेशानी हुई, तो मैंने उसे खुद ही सुलझाया। उस वक्त मेरे साथ कोई नहीं था। यह एक दोधारी तलवार की तरह है, क्योंकि इंडस्ट्री में मेरा कोई गॉडफादर नहीं रहा है। सारा ने माना कि अपने परिवार की वजह से उन्हें कुछ खास फायदे जरूर मिले हैं। उन्होंने कहा कि वह इतनी नासमझ या भ्रम में नहीं हैं कि उन मौकों को न देख सकें जो उनके पारिवारिक बैकग्राउंड की वजह से उन्हें शुरुआत में मिल गए थे। हालांकि, उनका यह भी मानना है कि लगातार होने वाली जांच-परख की वजह से उन पर उम्मीदों का बोझ डाल दिया जाता है। सारा ने इस बात पर जोर दिया कि नेपोटिज्म (भाई-भतीजावाद) शब्द को पूरी तरह से नकारात्मक बना दिया गया है। उन्होंने तर्क दिया कि यह उन स्टार किड्स जैसे कि खुद सारा, जाह्नवी कपूर और अनन्या पांडे की कड़ी मेहनत को कम करके आंकता है, जबकि अपने माता-पिता को चुनने में इन कलाकारों का कोई हाथ नहीं था। सारा ने यह तो माना कि उन्हें और उनके साथियों को ऐसे शानदार डेब्यू मिले, जिनके लिए कई नए कलाकार तरसते हैं, लेकिन उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर खुद को साबित करने का बोझ हमेशा उन्हीं के कंधों पर क्यों रहता है? हिंदी सिनेमा में अपने आठ साल के सफर के बाद, उनका कहना है कि अब उन्हें बार-बार यह साबित करने की जरूरत नहीं पड़नी चाहिए कि वह इंडस्ट्री में अपनी जगह की हकदार हैं। सारा ने कहा कि भले ही शुरुआत में मिलने वाले फायदे से इनकार नहीं किया जा सकता, लेकिन लंबे समय तक टिके रहने के लिए अपनी जिम्मेदारी खुद लेना और स्वतंत्र होना बहुत जरूरी है।सारा हाल ही में निर्देशक आकाश ए. कौशिक की फिल्म उड़ता तीर में नजर आई। फिल्म में आयुष्मान खुराना, राहुल बोस, राम कपूर, गुलशन ग्रोवर, रघुबीर यादव, बृजेंद्र काला, संदीप आनंद और अन्य कलाकार भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस ठीक-ठाक प्रदर्शन कर रही है।

लंबे समय तक टिके रहने के लिए अपनी जिम्मेदारी खुद लेना और स्वतंत्र होना बहुत जरूरी है।

रोमांटिक फिल्म में नजर आने वाले हैं अहान शेट्टी

सुनील शेट्टी के बेटे और अभिनेता अहान शेट्टी फिल्म 'बॉर्डर 2' की सफलता के बाद एक बार फिर एक्शन के मैदान में उतरने के लिए तैयार हैं। अभिनेता अपनी अगली फिल्म 'सनकी' की शूटिंग शुरू करने जा रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन 'रुस्तम' फेम मशहूर निर्देशक टीनू सुरेश देसाई कर रहे हैं। ज्ञानेंद्र वासुदेव की तरफ से लिखी गई 'सनकी' मूल रूप से एक प्रेम कहानी है। इसमें दमदार और जबरदस्त एक्शन भी देखने को मिलेगा। फिल्म की शूटिंग 30 अक्तूबर से भोपाल में शुरू होगी। 'बॉर्डर 2' में अपने अभिनय और फिल्म को मिली शानदार सफलता के बाद अहान ने अपने अगले प्रोजेक्ट्स का चयन काफी सोच-समझकर किया है। अब वह 'सनकी' में एक नया किरदार निभाते हुए नजर आएंगे। इसके बाद वह विक्रम भट्ट की फिल्म '1920 कोल्ड विंटर' में नजर आएंगे। इसके अलावा उनकी कुछ अन्य फिल्मों की शूटिंग भी 2027 में शुरू होने वाली है। निर्देशक टीनू सुरेश देसाई अपनी विशाल टीम के साथ पहले ही भोपाल पहुंच चुके हैं। वह 30 अक्तूबर से शुरू होने वाली शूटिंग से पहले तैयारियों को अंतिम रूप दे रहे हैं। फिलहाल फिल्म की कहानी और इसके विषय को गोपनीय रखा गया है। निर्माता आने वाले समय में फिल्म से जुड़ी जानकारियों का खुलासा धीरे-धीरे करेंगे। 'सनकी' का निर्माण वी द पीपल, रोअरिंग रिवर प्रोडक्शंस और पाल्स एंड पीयर्स एंटरटेनमेंट के बैनर तले किया जा रहा है। यह फिल्म 2027 की पहली छमाही में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

रणबीर कपूरकी अगली फिल्म रामायणको लेकर काफी उत्साह

फिल्म की कुल लंबाई तीन घंटे 15 मिनट होगी। यानी दर्शकों को बड़े पर्दे पर रामायण देखने के लिए करीब साढ़े तीन घंटे का समय निकालना होगा।

फिल्म रामायण को लेकर दर्शकों के बीच काफी उत्साह है। फिल्म के एक्टर्स भी इसके बड़े स्तर पर प्रमोशन में लगे हुए हैं। अब रामायण की रिलीज से पहले इसकी लंबाई को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आई है। जानिए क्या है नया अपडेट। फिल्म को सेंसर बोर्ड से सर्टिफिकेट मिला है। फिल्म रामायण को के हिंदी वर्जन को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड से सर्टिफिकेट मिल गया है। खास बात यह है कि फिल्म की कुल लंबाई 3 घंटे 15 मिनट होगी। यानी दर्शकों को बड़े पर्दे पर रामायण देखने के लिए करीब साढ़े तीन घंटे का समय निकालना होगा। हाल ही में रिलीज हुई सुपरहिट फिल्म धुरंधर 2 की लंबाई भी 3 घंटे 49 मिनट की थी। अब इसके बाद रामायण बॉलीवुड की सबसे लंबी फिल्मों में शामिल होती है। बड़ी बात ये है कि इतनी लंबी फिल्म होने के बावजूद इसका अगला पार्ट भी आएगा। यानी फिल्म दो भागों में रिलीज होगी। फिल्म की लंबाई और सेंसर सर्टिफिकेट के साथ इसके पोस्ट क्रेडिट सीन को लेकर भी दर्शकों के बीच उत्सुकता बनी हुई है। बताया जा रहा है कि फिल्म के पोस्ट क्रेडिट सीन में फिल्म के अगले पार्ट की झलक देखने को मिल सकती है। कुछ रिपोर्ट्स में ये भी बताया जा रहा है कि पोस्ट क्रेडिट सीन में मच अवेटेड हनुमान का भी लुक रिवील हो सकता है। ऐसे में दर्शकों की नजर इस बात पर भी रहेगी कि फिल्म खत्म होने के बाद उन्हें क्या देखने को मिलता है। नितेश तिवारी के निर्देशन में बनी फिल्म रामायण, प्राइम फोकस स्टूडियो और यश के मॉन्स्टर माइंड क्रिएशन्स के तहत बनी है। इसमें रणबीर कपूर, यश और साई पल्लवी के अलावा सनी देओल, रवि दुबे, अनुपम खेर, काजल अग्रवाल, रकुल प्रीत सिंह, विवेक ओबेरॉय हैं। रामायण- पार्ट वन 5 नवंबर 2026 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में पांच भाषाओं- हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज होगी। वहीं फिल्म का अगला पार्ट अगले साल दिवाली पर रिलीज होने की संभावना है।

अपनी जिंदगी

दृढ़ संकल्प

गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर

मैं किसी परिस्थिति का सामना करने का दृढ़ संकल्प कैसे प्राप्त कर सकता हूँ? या मुझे अपना रास्ता बदलना चाहिए? मैं कैसे जान सकता हूँ कि मेरा धर्म (कर्तव्य) क्या है? श्री श्री देखिए, हम कई बार ऐसे प्रश्न पूछते हैं। हम जो कुछ भी जानना चाहते हैं, उसके बारे में ज्ञान की कोई कमी नहीं है। आजकल, एक बटन के क्लिक पर ज्ञान उपलब्ध है। तथ्यश्द्दद्द पर अपना प्रश्न लिखें और आपको सब कुछ मिल जाएगा। वह वास्तविक चीज़ नहीं है। कुछ और है। वह क्या है? आपको बस जागने और यह महसूस करने की ज़रूरत है कि एक दिन सब कुछ खत्म हो जाएगा। आज तक, इस क्षण तक जो कुछ भी हुआ है, वह अब मौजूद नहीं है। चाहे वह सुखद हो या अप्रिय, अच्छा हो या बुरा। अब तक जो कुछ भी हुआ, वह अब मौजूद नहीं है। सब खत्म हो गया है। जैसे-जैसे हम जीवन में आगे बढ़ेंगे, हमें एहसास होगा कि सब कुछ खत्म होने वाला है। कुछ भी नहीं बचेगा और फिर भी, हम बैठकर इस बारे में सोचते रहेंगे, इस और उस बारे में चिंता करते रहेंगे। अपने आप से सब कुछ हटा दें, बस जागें और देखें – कुछ भी नहीं है। सब कुछ कुछ नहीं है, बस। यह बोध ही आपके भीतर ज्ञान के उदय के लिए पर्याप्त है। जो कुछ नहीं रह जाता, वही वास्तव में सब कुछ है। आपको इसे बार-बार याद दिलाने की आवश्यकता है, ताकि यह आपकी स्मृति में समा जाए। पूरी भगवद्गीता सुनने के बाद अर्जुन कहता है, मुझे अब याद आ गया। उसे क्या याद आता है? कि यह सब कुछ नहीं है! मैं यह नहीं हूँ। अगर यह होता तो मैं समाप्त हो जाता। मैं इन सब से आगे निकल गया हूँ, इसने मुझे छुआ तक नहीं है। इसे हमें बार-बार याद रखना चाहिए। सब कुछ कुछ नहीं है- इसे भगवान बुद्ध ने हृदय सूत्र (हृदय का सूत्र) कहा है। इसे ही आदि शंकराचार्य ने अद्वैत का दर्शन कहा है। पाँचों तत्व कुछ नहीं हैं। पाँचों इन्द्रियाँ कुछ नहीं हैं। मैं कुछ नहीं हूँ। तुम कुछ नहीं हो। ज्ञानी की भाषा में इसका अर्थ है, यह सब कुछ नहीं है। भक्तजन इसी बात को दूसरे ढंग से कहते हैं – वे कहते हैं, मैं अकिंचन हूँ (मैं कुछ भी नहीं हूँ)। यदि आप इसे समझ लें, तो आपके भीतर महान जागरूकता उत्पन्न हो जाएगी। १

पूरी भगवद्गीता सुनने के बाद अर्जुन कहता है, मुझे अब याद आ गया। उसे क्या याद आता है? कि यह सब कुछ नहीं है! मैं यह नहीं हूँ। अगर यह होता तो मैं समाप्त हो जाता। मैं इन सब से आगे निकल गया हूँ, इसने मुझे छुआ तक नहीं है। इसे हमें बार-बार याद रखना चाहिए। सब कुछ कुछ नहीं है- इसे भगवान बुद्ध ने हृदय सूत्र (हृदय का सूत्र) कहा है। इसे ही आदि शंकराचार्य ने अद्वैत का दर्शन कहा है। पाँचों तत्व कुछ नहीं हैं। पाँचों इन्द्रियाँ कुछ नहीं हैं। मैं कुछ नहीं हूँ।

सितारोंके खिलाफ फतवा

शाहरुख खान ने 2013 में अपने बच्चे का लिंग परीक्षण कराया था। हालांकि शाहरुख खान ने इस बात का खंडन किया था। सरोगेसी के जरिए बच्चा पैदा करने और कथित तौर पर जन्म से पहले लिंग परीक्षण के आरोपों पर फतवा जारी करते हुए मरकजी दारुल इफ्ता दरगाह आला हजरत ने इसे गैर इस्लामिक बताया था। साल 2007 में सलमान खान एक गणेश पूजा में शामिल हुए थे और आरती की थी। इस मामले

पर बरेली के दारुल-इफ्ता-मंजर-ए-इस्लाम की तरफ से फतवा जारी करके इसे गैर इस्लामिक बताया गया था। इसके अलावा सलमान खान ने साल 2008 में मैडम तुसाद मोम संग्रहालय में अपनी मोम की प्रतिमा का अनावरण किया था। इस पर मुफ्ती दारुल इफ्ता सलीम अहमद कासमी ने उनके खिलाफ फतवा जारी करके कहा था कि इस्लाम में मूर्ति बनाना मना है। बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान के केदारनाथ मंदिर जाने को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। बरेली के धर्मगुरु और ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष, मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने एक फतवा जारी किया। उन्होंने सारा अली खान के मंदिर जाने और प्रार्थना करने को इस्लामी कानून (शरिया) के तहत नाजायज और हराम बताया है। इस खबर में जानिए और कौन से कलाकारों के खिलाफ फतवा जारी किया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार हाल ही में सारा अली खान ने केदारनाथ में मुख्य मंदिर और पास के भुकुंट भैरव मंदिर में पूजा-अर्चना और आरती में हिस्सा लिया। इस पर मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने कहा किसी भी मुसलमान के लिए, चाहे वह पुरुष हो या महिला किसी दूसरे धर्म की आस्था में शामिल होना, प्रार्थना करना और धार्मिक अनुष्ठान करना, शरिया के तहत नाजायज माना जाता है। इस तरह के काम करने की इजाजत नहीं है। इसलिए, अगर सारा अली खान ने अपनी मर्जी से केदारनाथ मंदिर जाकर प्रार्थना की और आशीर्वाद मांगा है, तो उन्होंने गुनाह किया है। यह हराम काम है। बॉलीवुड के सुपरस्टार आमिर खान ने हाल ही में अपनी पार्टनर गौरी स्प्रैट के साथ शादी की। गौरी दूसरे धर्म से ताल्लुक रखती हैं जबकि आमिर खान मुसलमान हैं। शादी के बाद अलीगढ़ के मुस्लिम पर्सनल दारुल इफ्ता के शाही चीफ मुफ्ती मौलाना चौधरी इब्राहिम हुसैन ने फतवा जारी करते हुए उनकी शादी को शरिया के खिलाफ बताया था। साल 2016 में जिमी शेरगिल पर आरोप लगे कि उन्होंने फिल्म शोरगुल में अभिनय करने और फिल्म के दृश्यों/संवादों से मुस्लिम समुदाय की भावनाओं को आहत किया। इस मामले पर उनके खिलाफ फतवा जारी किया गया था।

पितासे मिली सीख हमेशा साथ रखी- रवीना टंडन

जब भी 90 के दशक की चर्चित हीरोइनों का नाम लिया जाता है, तो रवीना टंडन के बिना चर्चा अधूरी होती है। साल 1991 में सिनेमा की दुनिया में इन्होंने कदम रखे। पहली ही फिल्म इंडस्ट्री के दबंग सलमान खान के साथ हुई। इस नयी अभिनेत्री के पास पिता से मिली कुछ सीख थीं और अदाकारी की प्रतिभा थी। पिता से मिले सबक और उसूल हमेशा साथ रखे। अभिनय समय के साथ निखरता गया।

रवीना टंडन का जन्म मुंबई में हुआ। रवीना को फिल्मों और सिनेमा का लगाव अपने पिता से मिला। वे दिवंगत निर्देशक रवि टंडन की बेटी हैं। रवीना के पिता का नाम रवि टंडन और मां का नाम वीना है। दोनों के नाम को मिलाकर उनका नाम रवीना रखा गया। उनके घर का नाम मुनमुन है। अभिनेत्री ने अपनी शुरुआती शिक्षा जमुनाबाई पब्लिक स्कूल से ली। इसके बाद उन्होंने स्नातक करने के लिए मीठीबाई कॉलेज में दाखिला ले लिया। उन्होंने कॉलेज के दिनों से मॉडलिंग शुरू कर दी थी। उनकी सुंदरता की वजह से उन्हें पढ़ाई के दौरान ही बहुत से ऑफर मिलने लगे थे, जिसके बाद उन्होंने ग्रेजुएशन के दूसरे साल में ही पढ़ाई छोड़ दी थी। रवीना टंडन ने साल 1991 में फिल्मों में कदम रखा। उनकी पहली फिल्म सलमान खान के साथ थी। इस फिल्म का नाम पत्थर के फूल था। फिल्म में रवीना की एक्टिंग और उनकी खूबसूरती की खूब तारीफ हुई। उन्हें न्यू फेस ऑफ द ईयर का फिल्मफेयर अवॉर्ड भी मिला। इसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। रवीना टंडन ने 90 के दशक में अंदाज अपना अपना से लेकर मोहरा, दुल्हे राजा और शूल जैसी फिल्मों में काम किया। फिल्म मोहरा का आइकॉनिक गाना टिप टिप बरसा पानी तो आज भी लोग यूट्यूब पर देखना पसंद करते हैं। रवीना टंडन के पिता रवि टंडन हिंदी सिनेमा के जाने माने निर्माता-निर्देशक रहे, लेकिन रवीना टंडन ने यह कभी नहीं सोचा कि उनके पिता उन्हें फिल्मों में लॉन्च करेंगे। रवीना टंडन कहती हैं, पापा ने हमेशा मुझे आत्मनिर्भर रहना सिखाया। वह आगरा से बिना कुछ लिए आए और अपने दम पर मुंबई सब कुछ बनाया। मैंने भी सोचा कि अपने दम पर फिल्में हासिल करना है। पापा से हमेशा अपने पैरों पर खुद खड़े होने की प्रेरणा मिली। एक इंटरव्यू में रवीना ने बताया, चाहे मेरी निजी जिंदगी में या करियर का सबसे बुरा दौर चल रहा हो। मैंने पापा से सीखा है कि ईमानदारी, विनम्रता, धैर्य और आत्मबल से बड़ी से बड़ी परेशानी का मुकाबला किया जा सकता है। मुझे याद है एक बार पापा मेरी फिल्म के सेट पर आए और एक बात कही। उन्होंने कहा कि एक बच्चा जब चलना सीखता है तो बहुत बार गिरता है, लेकिन वह पसर कर बैठ नगीं जाता बल्कि वह उठता है, अपने आप को समेटता है और छोटे-छोटे कदम तब तक लेता है जब वह ठीक से चलना नहीं सीख लेता। जिंदगी में वैसे ही हमें अपने आप को समेट कर चलना सीखना होगा।' बता दें कि रवि टंडन 11 फरवरी 2022 को इस दुनिया से चले गए। रैविशिंग रवीना के अफेयर की चर्चा भले ही खिलाड़ी कुमार से रही हो, लेकिन उन्हें ऋषि कपूर पर क्रश था। बॉम्बे वेलवेट के प्रमोशन के दौरान रवीना ने यह जिक्र किया था। बॉलीवुड ही नहीं टॉलीवुड में भी काम किया। उन्होंने साउथ के स्टार नागार्जुन के साथ अग्निसाक्षी फिल्म की। इसके अलावा भी रवीना ने साल 2012 में रवीना का एक और अवतार देखने को मिला, जब वह टीवी शो होस्ट करती नजर आईं। उन्होंने एक निजी चैनल के लिए इसी का नाम जिंदगी है शो होस्ट किया। शो में वह सेलेब्स की जिंदगी पर रोशनी डालती थीं। रवीना टंडन को अरण्यक; और कर्मा कॉलिंग जैसी सीरीज में भी देखा जा चुका है। अरण्यक रवीना की नेटफ्लिक्स पर आई पहली वेब सीरीज थी। फिर वे पटना शुक्ला में नजर आईं। यह भी ओटीटी पर रिलीज हुई थी। इसके बाद कर्मा कॉलिंग वेब सीरीज जियो हॉटस्टार पर रिलीज हुई। साल 2024 में रवीना ओटीटी फिल्म घुड़चढ़ी में संजय दत्त के साथ नजर आईं। रवीना टंडन को मस्त मस्त गर्ल का टैग भी इंडस्ट्री में मिला। इसके पीछे उनकी चर्चित फिल्म मोहरा का हाथ है। दरअसल, मोहरा का गाना तू चीज बड़ी है मस्त मस्त खूब हिट हुआ। आज भी यह काफी पॉपुलर गाना है। इसी गाने की वजह से रवीना को मस्त मस्त गर्ल कहा जाने लगा।रवीना टंडन की निजी जिंदगी की बात करें तो 90 के दशक में उनका नाम कई सितारों के साथ जुड़ा। कई रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया था कि अक्षय कुमार के साथ उन्होंने मंदिर में सगाई तक कर ली थी, लेकिन उनका यह रिश्ता ज्यादा दिनों तक नहीं चल सका था। रवीना ने शादी से पहले दो बच्चों छाया और पूजा को गोद लिया था। तब एक्ट्रेस की उम्र महज 21 साल थी। अब उनकी दोनों ही बेटियों की शादी हो चुकी हैं और उनके बच्चे भी हैं। इस हिसाब से वह अब नानी बन चुकी हैं। साल 2004 में रवीना ने अनिल थडानी नाम के डिस्ट्रीब्यूटर से शादी की थी। उनके दो बच्चे भी हैं- जिनके नाम रणबीर और राशा हैं। रवीना की बेटी राशा थडानी भी बॉलीवुड में डेब्यू कर चुकी हैं।